वर्ष- 11 अंक-237
लखनऊ, बुधवार 17 अप्रैल, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



500 साल बाद जन्मभूमि पर मनेगा श्रीराम जन्मोत्सव : योगी 03

भाजपा को घाटी में कमल खिलाने की जल्दी नहीं : अमित शाह 12

नवमं सिद्धिदात्री

या देवी सर्वभूतेषु मां सिद्धिदात्री रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।

नवरात्रि पूजन के नौवें दिन देवी सिद्धिदात्री की उपासना की जाती है। इस दिन शास्त्रीय विधि-विधान और पूर्ण निष्ठा के साथ साधना करने वालों को सभी सिद्धियों की प्राप्ति हो जाती है। भगवान शिव ने भी सिद्धिदात्री की कृपा से ये सभी सिद्धियां प्राप्त की थीं। इनकी कृपा से ही महादेव का आधा शरीर देवी का हुआ था और वह अर्द्धनारीश्वर नाम से प्रसिद्ध हुए। इनकी साधना से सभी मनोकामनाएं की पूरी हो जाती हैं।

लखनऊ के आदित्य यूपीएससी टॉपर

आयोग ने जारी किया सिविल सर्विसेज एग्जामिनेशन 2023 का रिजल्ट, परीक्षा में 1016 कैंडिडेट हुए सफल

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। संघ लोक सेवा आयोग ने मंगलवार को सिविल सर्विसेज एग्जामिनेशन- 2023 का रिजल्ट जारी कर दिया। 1016 कैंडिडेट्स इंडियन एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस, इंडियन पुलिस सर्विस और इंडियन फॉरेन सर्विस के लिए चुने गए हैं। 180 आईएस और 200 आईपीएस अफसर बनेंगे। लखनऊ के आदित्य श्रीवास्तव ने ऑल इंडिया रैंक 1 हासिल की है। वहीं, अनिमेष प्रधान दूसरी और अनन्या रेड्डी को तीसरी रैंक मिली है। कैंडिडेट्स संघ लोक सेवा आयोग ने की ऑफिशियल वेबसाइट upsc.gov.in पर जाकर अपना रिजल्ट चेक कर सकते हैं।

इस साल टॉप 5 रैंक में आने वाले 3 कैंडिडेट्स पहले से ही आईपीएस ऑफिसर हैं। रैंक 1 हासिल करने वाले आदित्य श्रीवास्तव, रैंक 4 पी के सिद्धार्थ रामकुमार और रैंक 5, रूहानी हैदराबाद में नेशनल पुलिस एकेडमी आईपीएस ट्रेनिंग पूरी कर रहे हैं। पिछले 11 सालों में ऐसा पहली बार हुआ है कि सर्विस में रहते हुए किसी आईपीएस ने इस एग्जाम में ऑल इंडिया रैंक 1 हासिल की है। इससे पहले 2013 में आईपीएस ऑफिसर गौरव अग्रवाल ने सिविल सर्विसेज एग्जाम में ऑल इंडिया रैंक 1 हासिल की थी। पिछले 5 सालों से यूपीएससी सिविल सर्विसेज के एग्जाम में महिलाओं के पास पर्सेंटेज में इजाफा हुआ है। 2018 और 2019 में फीमेल पास पर्सेंटेज 24 प्रतिशत रहा। 2020 में ये 29 प्रतिशत तक पहुंच गया। 2022 में ये आंकड़ा एक बार फिर 34 प्रतिशत पर था। पिछले साल सिलेक्ट हुए 933 कैंडिडेट्स में 320 महिलाएं हैं। मुख्य परीक्षा में 9 एसे टाइप पेपर होते हैं। इनमें से दो पेपर क्वालीफाइंग नेचर के हैं यानी इन दोनों पेपर्स में सिर्फ पास होना जरूरी है। इनके नंबर मेरिट लिस्ट में नहीं जुड़ते। मेरिट लिस्ट में पेपर 1 से पेपर 6 और पर्सनैलिटी टेस्ट के नंबरों से मेरिट लिस्ट तैयार की जाती है।

टॉप 5 रैंक में आने वाले तीन कैंडिडेट्स पहले से ही हैं आईपीएस

पिछले एग्जाम में थी आदित्य की 216वीं रैंक

आदित्य श्रीवास्तव ने अपनी पढ़ाई लखनऊ के प्राइवेट स्कूल सीएमएस की अलीगंज ब्रांच से की है। पिछले साल आदित्य की 216 रैंक थी। वो फिलहाल हैदराबाद की आईपीएस ट्रेनिंग एकेडमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उनका परिवार लखनऊ के विकास नगर में रहता है। आदित्य ने 2014 में 12वीं की परीक्षा 98.4 प्रतिशत अंक के साथ पास की थी। दिल्ली की जामिया मिलिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी से 31 कैंडिडेट्स सिलेक्ट हुए हैं। इनमें से 11 लड़कियों का सिलेक्शन हुआ है। इन सभी स्टूडेंट्स ने जेएमआई के रेजिडेंशियल कोचिंग एकेडमी से पढ़ाई की थी। जेएमआई की स्टूडेंट नौशीन ने ऑल इंडिया रैंक 9 हासिल की है।

जामिया मिलिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी से 31 कैंडिडेट्स सिलेक्ट

पीएम मोदी ने सफल उम्मीदवारों को बधाई दी



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिविल सेवा परीक्षा (सीएसई) 2023 में सफलता हासिल करने वाले उम्मीदवारों को बधाई दी और जो इसे उत्तीर्ण नहीं कर सके, उन्हें प्रोत्साहित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, मैं उन सभी को बधाई देता हूं जिन्होंने सिविल सेवा परीक्षा, 2023 को सफलतापूर्वक उत्तीर्ण किया है। उनकी कड़ी मेहनत, दृढ़ता और समर्पण रंग लाया है, जिससे सार्वजनिक सेवा में एक आशाजनक करियर की शुरुआत हुई है। उनके प्रयास आने वाले समय में हमारे देश के भविष्य को आकार देंगे। उन्हें मेरी शुभकामनाएं। उन्होंने एक अन्य पोस्ट में लिखा, मैं उन लोगों को बताना चाहता हूं जिन्हें सिविल सेवा परीक्षा में अपेक्षित सफलता नहीं मिली- असफलताएं कठिन हो सकती हैं, लेकिन याद रखें, यह आपकी यात्रा का अंत नहीं है।

पिछले दो साल से परीक्षा में महिलाओं ने किया टॉप

पिछले दो साल से सिविल सर्विसेज एग्जाम में महिलाओं ने टॉप किया। 2022 में इशिता किशोर ने ऑल इंडिया रैंक 1 हासिल की थी। 2021 में श्रुति शर्मा ने ऑल इंडिया रैंक 1 हासिल की थी। 2022 में गरिमा लोहिया, उमा हरथी एन और स्मृति मिश्रा टॉप रैंकर्स में थीं। 2021 में टॉप तीन रैंक पर लड़कियां थीं। अंकिता अग्रवाल ने एआई2 हासिल की थी, जबकि चंडीगढ़ की गामिनी सिंगला ने आईआर 3 हासिल किया था।

टॉप 10 की सूची में शामिल उम्मीदवार

1. आदित्य श्रीवास्तव
2. अनिमेष प्रधान
3. दोनुरू अनन्य रेड्डी
4. सिद्धार्थ रामकुमार
5. रूहानी
6. श्रृष्टि डबास
7. अनमोल राठौर
8. आशीष कुमार
9. नौशीन
10. ऐश्वर्यम प्रजापति

बीजेपी ने काटा रमापति त्रिपाठी व चंद्रसेन जादौन का टिकट

- लखनऊ पूर्व से बीजेपी ने ओपी श्रीवास्तव को दिया टिकट

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी ने अपने प्रत्याशियों की 12 वीं लिस्ट जारी कर दी है। बीजेपी की इस लिस्ट में 7 प्रत्याशियों के नाम का एलान किया गया है जिसमें 1-1 प्रत्याशी महाराष्ट्र और बंगाल से है तो पंजाब से तीन और यूपी के 2 प्रत्याशियों के नाम का एलान किया गया है। इस लिस्ट में उत्तर प्रदेश से दो नामों का एलान किया है वे दोनों ही नए चेहरे हैं। पार्टी ने लोकसभा चुनावों के लिए फिरोजाबाद से ठाकुर विश्वजीप सिंह को टिकट दिया है तो देवरिया लोकसभा सीट से शशांक मणि त्रिपाठी को उम्मीदवार बनाया है। मौजूदा दोनों सांसदों का टिकट काट दिया है।

बीजेपी ने उत्तर प्रदेश में जिन दो सीटों पर प्रत्याशियों का एलान किया है वहां दोनों ही जगह मौजूदा सांसदों को टिकट नहीं देकर नए चेहरों को मैदान में उतारा है। देवरिया से बीजेपी ने अपने वर्तमान सांसद रमापति राम त्रिपाठी की जगह शशांक मणि त्रिपाठी को टिकट दिया है। फिरोजाबाद में ठाकुर विश्वजीत सिंह को टिकट देने के लिए वहां के मौजूदा सांसद चंद्रसेन जादौन का टिकट काट दिया है। फिरोजाबाद सीट समाजवादी पार्टी के पहले परिवार की सीट है। सपा ने राम गोपाल यादव के बेटे और पूर्व सांसद अक्षय यादव को इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के तौर पर उतारा है। 2014 में अक्षय यहीं से सांसद थे लेकिन 2019 में अक्षय यादव बीजेपी के चंद्रसेन जादौन से चुनाव हार गए थे। सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल प्रकाश मणि त्रिपाठी के बेटे को देवरिया से टिकट दिया है। देवरिया सीट से बीजेपी ने शशांक मणि त्रिपाठी को टिकट दिया है। शशांक सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल प्रकाश मणि त्रिपाठी के बेटे है। बीजेपी के लिए पहली बार 1996 में देवरिया सीट जीतने वाले प्रत्याशी थे सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल प्रकाश मणि त्रिपाठी। प्रकाश मणि त्रिपाठी 1996 से 1999 तक यहां से बीजेपी सांसद थे। ओपी श्रीवास्तव को लखनऊ पूर्व से प्रत्याशी बनाया है। दिवंगत विधायक आशुतोष टंडन के परिवार से किसी को मौका नहीं मिला है। ददरौल से अरविंद सिंह, गैंसड़ी से शैलेंद्र सिंह शैलू और दुद्दी सुरक्षित सीट से श्रवण गोंड को उम्मीदवार बनाया है।

बीजेपी ने चुनाव के लिए जारी की प्रत्याशियों की 12वीं सूची

संक्षिप्त समाचार

पटना में सड़क दुर्घटना में सात लोगों की मौत

पटना। बिहार में राजधानी पटना के कंकड़बाग थाना क्षेत्र में मंगलवार को ऑटो रिक्शा और क्रेन के बीच हुयी टक्कर में कम से कम सात लोगों की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि ऑटो रिक्शा पर सवार लोग जा रहे थे तभी राम लखन पथ पर ऑटो रिक्शा पटना मेट्रो के निर्माण कार्य में लगे क्रेन से टकरा गयी। इस दुर्घटना में ऑटो रिक्शा पर सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन अन्य ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतकों में तीन पुरुष, तीन महिलाएं और एक बच्चा शामिल है। मृतकों की तत्काल पहचान नहीं की जा सकी है। इस बीच मुख्यमंत्री नीतीश ने दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया।

सेंसेक्स 456 अंक टूटकर 73 हजार के नीचे फिसला

नयी दिल्ली। शेयर बाजार में शुक्रवार से जारी बिकवाली मंगलवार को भी देखने को मिली। ईरान और इजरायल तनाव से दुनियाभर के बाजारों में भय है, जिसमें भारतीय बाजार भी शामिल हैं। सेंसेक्स 456 अंक गिरकर 72,943 के स्तर पर वहीं, निफ्टी में भी 124 अंक की गिरावट रही, ये 22,147 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 26 में गिरावट रही और सिर्फ4 में तेजी देखने को मिली। पावर, बैंकिंग और आईटी शेयर्स में ज्यादा गिरावट है। सेंसेक्स 845 अंक की गिरावट के साथ 73,399 के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं, निफ्टी में भी 246 अंक की गिरावट रही थी, ये 22,272 के स्तर पर बंद हुआ था।

विज्ञापन केस : पतंजलि ने शीर्ष कोर्ट में फिर मांगी माफी

नई दिल्ली। भ्रामक विज्ञापन केस में मंगलवार को एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अमानतुल्लाह की बेंच के सामने बाबा रामदेव व बालकृष्ण तीसरी बार पेश हुए। बाबा रामदेव के वकील मुकुल रोहतगी ने कहा- हम कोर्ट से एक बार फिर माफी मांगते हैं। हमें पछतावा है। हम जनता के बीच माफी मांगने को तैयार हैं। जस्टिस कोहली ने कहा- आपने योग के लिए बहुत कुछ किया है। आपका सम्मान है, आप अपनी पद्धतियों के लिए दूसरों (एलोपैथी) को गलत क्यों बता रहे हैं। रामदेव ने कहा- किसी को भी गलत बताने का हमारा कोई इरादा नहीं था।

एएसआई की गोली मारकर हत्या, हमलावर ने खुद भी की आत्महत्या

नई दिल्ली। देश की राजधानी दिल्ली में दिनदहाड़े एक एएसआई की अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। वहीं एक अन्य के घायल होने की भी खबर है। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मंगलवार को एक अन्य राहगीर गोली लगने से घायल हो गया। उन्होंने बताया कि घटना के बाद हमलावर ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मृतक एएसआई की पहचान दिनेश शर्मा के रूप में हुई है जबकि घायल की पहचान अमित कुमार के रूप में हुई है जिसका जीटीबी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

मैनपुरी से डिंपल यादव ने किया नामांकन

समृद्धि न्यूज

मैनपुरी। मैनपुरी से डिंपल यादव आज नामांकन पत्र दाखिल किया है, इस दौरान अखिलेश यादव, शिवपाल, राम गोपाल यादव के साथ कई पार्टी के बड़े नेता मौजूद थे।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, तीसरे चरण में जिन 10 लोकसभा सीटों पर मतदान होना है उनमें से एक है मैनपुरी, जिसमें संभल, हाथरस, आगरा, फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, एटा, बदांयू, आंवला और बरेली शामिल हैं। तीसरे चरण के लिए नामांकन दाखिल करना शुक्रवार से शुरू हो गया और मतदान 7 मई को होना है। बताया जा रहा है कि डिंपल यादव का मुकाबला बीजेपी के जयवीर सिंह से है जो योगी आदित्यनाथ सरकार में पर्यटन और संस्कृति मंत्री हैं। वह मैनपुरी सदर से मौजूदा विधायक हैं। बसपा ने गुलशन शाक्य को मैनपुरी से अपना उम्मीदवार बनाया है। रामगोपाल के बेटे अक्षय फिरोजाबाद से सपा उम्मीदवार हैं, जबकि शिवपाल और आदित्य बदांयू में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। धर्मेंद्र आजमगढ़ से पार्टी के उम्मीदवार हैं।

छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों ने इनामी सहित 29 नक्सलियों को किया ढेर

एजेंसी

कांकेर। कांकेर के हापाटोला जंगल में मंगलवार को नक्सलियों से मुठभेड़ में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। इनामी नक्सली कमांडर सहित 29 नक्सली मार गिराए गए हैं। घटनास्थल से भारी संख्या में हथियारों की बरामदगी हुई है। तलाशी अभियान फिलहाल जारी है। इस दौरान घायल तीन सुरक्षा जवानों की हालत खतरे से बाहर है।

आईजी बस्तर सुदरराज पी. ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि इनामी नक्सली सहित 29 नक्सली मारे गए गए हैं। सभी 29 नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। शवों की शिनाख्त अभी नहीं हुई है। मौके पर तलाशी अभियान जारी है। मुठभेड़ में बीएसएफ जवान रमेश चौधरी सहित तीन जवान भी घायल हो गये, जिनकी हालत सामान्य और खतरे से बाहर है। घायल जवानों के बेहतर उपचार की जरूरी व्यवस्था की जा रही है।

जिले के थाना छोटेबेटिया क्षेत्र अंतर्गत बिनागुंडा एवं कोरोनार के मध्य हापाटोला के जंगल में डीआरजी एवं बीएसएफ की संयुक्त पार्टी के साथ नक्सलियों की मुठभेड़ हुई। इस दौरान नक्सलियों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। बताया जा रहा है कि मुठभेड़ में 25 लाख के इनामी नक्सली कमांडर शंकर राव एवं 25 लाख की इनामी नक्सली कमांडर ललिता भी मारे गए हैं।

बसपा ने पीएम मोदी के सामने अतहर जमाल लारी को उतारा

लखनऊ। लोकसभा चुनाव के लिए बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने मंगलवार को 11 और उम्मीदवारों की घोषणा कर दी। प्रधानमंत्री मोदी के सामने वाराणसी में अतहर जमाल लारी को मैदान में उतारा है। वहीं मैनपुरी में डिंपल यादव के खिलाफ उम्मीदवार बदल कर शिव प्रसाद यादव को टिकट दिया है। बसपा ने मंगलवार को प्रत्याशियों की एक और सूची जारी की। इसमें 11 प्रत्याशियों के नाम हैं। सपा मुखिया अखिलेश की पत्नी और मैनपुरी से सपा प्रत्याशी डिंपल यादव के खिलाफ बसपा ने प्रत्याशी बदल दिया है। गुलशन देव शाक्य का टिकट काटकर शिव प्रसाद यादव को चुनाव मैदान में उतारा है।

2047 का सपना पूरा करने का संकल्प है हमारा संविधान

प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार के गया में जीतनराम मांझी के पक्ष में की जनसभा

एजेंसी

पटना। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को बिहार के गया में राजग उम्मीदवार जीतनराम मांझी के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जब भी भाजपा आगे बढ़ती है, झूठ फैलाया जाता है कि संविधान बदल देंगे। मोदी और भाजपा तो क्या, स्वयं बाबा भीमराव अंबेडकर भी इस संविधान को नहीं बदल सकते हैं।

हमारे लिए हमारा संविधान 2047 का सपना पूरा करने का संकल्प है। पूरी दुनिया में इस वक्त अस्थिरता है, देश को जरूरत है, इस वक्त मजबूत फैसले लेने वाली सरकार की। मोदी ने 19 अप्रैल को पूरी ताकत से भाजपा नीत राजग गठबंधन को विजयी बनाने के लिए मतदान की अपील करते हुए राजद पर जमकर प्रहार किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि लालटेन वाले आपको आधुनिक युग में नहीं जाने देंगे। इनका राज होता तो आपके मोबाइल की बैटरी भी चार्ज नहीं हो पाती। हमने दिखा दिया चंद्रयान में जाने की ताकत किसमें है। जब भी भाजपा आगे बढ़ती है, यह झूठ फैलाते हैं कि संविधान बदल देंगे। मोदी और भाजपा तो क्या, स्वयं बाबा भीमराव अंबेडकर भी इस संविधान को नहीं बदल सकते हैं।

झूठ फैलाना बंद करो। उन्होंने कहा कि इन्हें पता होना चाहिए यह जो संविधान सभा थी, डॉ. राजेंद्र बाबू उसका नेतृत्व करते थे। बाबा के दिल, दिमाग और कलम उसे शब्दों में डाल रहे थे। जो लोग सनातन को गाली देते हैं, यह जो संविधान इतना महान बना है, इस संविधान को बनाने के लिए जो संविधान सभा थी उसमें 80-90 प्रतिशत से भी ज्यादा सनातनी थे।

नया संदेश दे रहा पश्चिमी उत्तर प्रदेश : योगी आदित्यनाथ

मेरठ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछली सरकार में मुख्यमंत्री आवास पर दंगाइयों का सम्मान होता था। भाजपा सरकार ने दंगाइयों को उनके सही स्थान पर भेजा है। विकास के कार्यों से पश्चिमी उत्तर प्रदेश नया संदेश दे रहा है। शामली में मंगलवार को कैराना लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार प्रदीप चौधरी के समर्थन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चुनावी जनसभा को संबोधित किया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मैंने कैराना क्षेत्र में जाकर देखा कि व्यापारी गतिविधियां चल रही है। मैं एक व्यापारी परिवार में गया। 2015 में उसी परिवार के एक सदस्य की निर्मम हत्या कर दी गई थी। मेरे पिता को जिसने गोली मारी थी, वह चौराहे पर दिखाई दिया था। मैंने कहा कि चिंता मत करो कि अब उसकी राम नाम सत्य की यात्रा निकलेगी।

राम काजु कीन्हें बिनु मोहि कहाँ बिश्राम

प्रभु श्रीराम जन्मोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं

अयोध्या लोकसभा क्षेत्र के प्रिय बंधुओ, माताओं व बहनों,

१७ अप्रैल प्रभु श्री राम चन्द्र के जन्मोत्सव को अपने आवास के निकट देवालयों व पौराणिक स्थलों अथवा अपने घरों पर ही भजन-कीर्तन, पूजन कर मनाएं।

द्वारा प्रसारित ::
लल्लू सिंह, सांसद, 54, लोक सभा फैजाबाद (अयोध्या)

आस्था

देशभर से आज 10 लाख श्रद्धालुओं के रामनगरी अयोध्या में जुटने का अनुमान

रामनवमी पर अयोध्या दुल्हन की तरह सजधज कर तैयार

समृद्धि न्यूज

अयोध्या। इस बार 17 अप्रैल को आ रही रामनवमी के लिए अयोध्या सजधज कर पूरी तरह तैयार है। सुरक्षा के पुख्ता और अभूतपूर्व इंतजाम हैं। जनवरी में हुए प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद पहला मौका है, जब अयोध्या में इतनी भीड़ व सुरक्षा देखी जा रही है।

रामनवमी से पहले की तैयारियों को सड़कों से लेकर अयोध्यावासियों के मस्तक तक महसूस किया जा सकता है। कभी महर्षि वाल्मीकि ने वर्णन किया था कि अयोध्या वह स्थान था, जहां के चौड़े मार्गों पर रोज जल छिड़का जाता था। घरों पर पताकाएं लहराती थीं। वहीं, तुलसीदासजी ने अवधपुरी की सुंदरता का वर्णन किया था। रामनवमी से ठीक पहले अगर आप अयोध्या की मुख्य सड़कों पर चलेंगे तो वाल्मीकि के शब्द शिल्प सरयूतीरे प्रभूतधनधान्यवान और तुलसीदासजी के भाव बंदउँ अवध पुरी अति पावनि को महसूस कर सकेंगे। रेलवे स्टेशन से अयोध्या की ओर बढ़ेंगे तो भक्तों की भीड़ नजर आएगी। राम पथ पर एक जैसे बोर्ड वाली दुकानों में कहीं गहमा-गहमी तो कहीं फूलों-रंगोली की सजावट दिखेगी। जब कतार में लगकर रामलला के दर्शन के लिए पहुंचेंगे तो मंदिर की भव्य सजावट देख मौसम की तपिश भूल जाएंगे। रामलला की प्रतिष्ठित मूर्ति जितनी दिव्य है, मंदिर परिसर के अंदर रोशनी और फूलों से सजावट उतनी ही सुंदरता से की गई है। कतार में जब भक्तों का मन टटोलेंगे तो पाएंगे कि उनमें संतोष और प्रतीक्षा के भाव हैं।

श्रीराम मंदिर में आज मिलेगा धनिया की पंजीरी का प्रसाद

अयोध्या। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामनवमी पर दर्शन के लिए पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को प्रसाद में धनिया की पंजीरी मिलेगी। जन्मोत्सव पर रामलला के लिए छप्पन भोग भी तैयार किया जा रहा है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने श्रद्धालुओं से अनुरोध किया है कि वे जन्मोत्सव का कार्यक्रम जहां हैं वहीं से सीधा प्रसारण देखें। ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय ने मंगलवार को पत्रकारों को बताया कि दर्शन मार्ग पर छाया के लिए जर्मन हैंगर लगाए गए हैं। पैर जलने से बचें रहें इसके लिए मैट बिछाई जा रही है। सात कतारों में दर्शनार्थी मंदिर तक पहुंचेंगे। दर्शन मार्ग पर पेयजल और टायलेट का भरपूर इंतजाम किया गया है। प्रसाद के निमित्त धनिया की पंजीरी की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। यह फलाहार की श्रेणी में आती है और स्वास्थ्यकर है। उन्होंने श्रद्धालुओं से अनुरोध किया कि अयोध्या में आएं तो अपने गुरु स्थानों पर आयोजित होने वाले रामनवमी उत्सव में सम्मिलित हों। उन्होंने कहा कि पहले फसल की कटाई-मड़ाई करके अनाज सहेज लें।

डिलेवरी मैन सिलेंडर के साथ गृहणियों को मतदान के लिए करेंगे जागरूक

- डीएम ने एलपीजी डिलीवरी वाहनों पर मतदान जागरूकता स्टीकर चिपकाकर हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

बाराबंकी। समृद्धि न्यूज

मतदाता जागरूकता अभियान से संबंधित कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिला मजिस्ट्रेट सत्येन्द्र कुमार द्वारा जिलाधिकारी कार्यालय से एलपीजी डिलीवरी वाहनों पर जागरूकता संदेश का स्टीकर चिपकाकर एवं हरी झण्डी दिखाकर उपभोक्ताओं को घरेलू गैस सिलेण्डरों की आपूर्ति हेतु भेजा गया।

इस मतदाता जागरूकता यात्रा में शहर में स्थित गैस एजेन्सियों के अतिरिक्त ग्रामीण क्षेत्र की गैस एजेन्सियों द्वारा भी प्रतिभाग किया गया। इसका उद्देश्य आज से प्रत्येक घरेलू गैस सिलेण्डर पर जागरूकता संदेश अंकित कर गृहणियों को अधिक से अधिक संख्या में मतदान के लिए प्रेरित करना है। जिला पूर्ति अधिकारी डॉ. राकेश तिवारी द्वारा बताया गया कि जनपद में तीनों गैस कम्पनियों की 60 एजेन्सियां है, जिनमें 4,90,489 नियमित उपभोक्ता एवं 3,34,399 उज्जवला के उपभोक्ता पंजीकृत है। प्रतिदिन लगभग 12048 औसत घरेलू सिलेण्डरों का पुनर्भरण कराया जाता है। इस प्रकार जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिला मजिस्ट्रेट के निर्देशन में मतदाताओं को मतदाता जागरूकता संदेश के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान हेतु प्रेरित करना है। कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुदन, अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी डॉ. राकेश कुमार तिवारी, ज्ञानेन्द्र सिंह, अध्यक्ष, एलपीजी एसोसिएशन विवेक बाजपेई प्रोपराइटर मे0 गैस एजेन्सी, इमरान मंजूर, अनुभव कुमार, गरिमा वर्मा एवं अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी के प्रयास से 612 विद्यालयों में जलभराव से मिलेगी निजात

बाराबंकी। जिलाधिकारी के प्रयास से जिले के 612 विद्यालयों में जलभराव से निजात मिल जाएगी। विद्यालय परिसर समतलीकरण होने से जहां नौनिहालों को खेलकूद व आवागमन में आसानी होगी वहीं जलभराव समाप्त होने से बरसात में संक्रामक रोगों की संभावना भी नहीं रहेगी। जनपद में संचालित 2625 परिषदीय विद्यालयों में से वे विद्यालय जो बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में स्थित हैं अथवा जिनका भूमि तल अपेक्षाकृत नीचे होने के कारण बरसात के मौसम में जलभराव हो जाने से शिक्षण कार्य प्रभावित होता रहा है साथ ही संक्रमण का भी खतरा बढ़ जाता है। जिलाधिकारी द्वारा इस समस्या का संज्ञान लेते हुए ब्लॉक स्तर पर त्रिस्तरीय समिति का गठन कर ऐसे विद्यालयों का चिन्हांकन करते हुए मिट्टी पटाई हेतु मिट्टी की उठान की मैपिंग / प्रस्ताव उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया है। जनपद के 612 विद्यालयों का चिन्हांकन करते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारियों द्वारा सूची उपलब्ध करायी गयी, जिन विद्यालयों के परिसर में मिट्टी भराई की आवश्यकता है। जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार द्वारा उक्त 612 विद्यालयों में निकटवर्ती एवं त्रिसदस्यीय समिति द्वारा चिन्हित तालाब/अन्य स्थान से मिट्टी उठान कराते हुए विद्यालय परिसर को लोकसभा सामान्य निर्वाचन से पूर्व मिट्टी भराई कराते हुए समतल करने हेतु निर्देशित किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बाराबंकी संतोष कुमार देव पाण्डेय ने बताया कि डीएम के आदेश के अनुपालन में मिट्टी भराई का कार्य तेज गति से प्रारम्भ किया गया तथा विगत एक माह में अद्यतन 559 विद्यालयों में मिट्टी भराई का कार्य पूर्ण हो चुका है, समतलीकरण का कार्य चल रहा है तथा 53 विद्यालयों में मिट्टी भराई प्रक्रिया गतिमान है। उक्त विद्यालयों में मिट्टी भराई का कार्य पूर्ण हो जाने से विद्यालयों में जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी तथा संक्रमण का खतरा भी नहीं रहेगा। इसके साथ ही छात्र/छात्राओं को आवागमन में आसानी होगी साथ ही खेलकूद की विभिन्न गतिविधियां भी निर्बाध रूप से सम्पादित होगी।

किसानों की आवाज नजरअंदाज कर रही भाजपा: रामसागर रावत

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।

किसानों नौजवानों महिलाओं बेरोजगारों की आवाज निरंतर नजरअंदाज करना इस लोकसभा चुनाव में भारी पड़ेगा भाजपा को, देश की जनता ने मौजूदा सरकार की विदाई करने का मन बना लिया है। भाजपा का संकल्प पत्र कॉरपोरेट घराने के वातानुकूलित कमरे की देन है जहां से बेरोजगारी महंगाई जैसी विकट समस्याओं के दीदार नहीं होते हैं इनका संकल्प पत्र झूठ का पुलिंदा है और कांग्रेस पार्टी का न्याय पत्र आवाम की आवाज है।

उक्त विचार विकासखंड सुबेहा के ग्राम अलपी का पुरवा में आयोजित ब्लॉक स्तरीय कार्यकर्ता संवाद/चौपाल में पहुंचे पूर्व सांसद डॉक्टर पीएल पुनिया ने व्यक्त किये।



पूर्व सांसद रामसागर रावत ने कहा कि जनता भाजपा सरकार के झूठे वादों से तंग आ चुकी है भाजपा की सरकार में समाज का हर वर्ग पीड़ित है भाजपा की डबल इंजन की सरकार संविधान और लोकतंत्र को खत्म करने की साजिश कर रही है। नगर पंचायत सुबेहा के चेयरमैन प्रतिनिधि वरिष्ठ सपा नेता चौधरी अदनान ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि नौजवानों की चुनाव में जिम्मेदारी बढ़ गई है क्योंकि सबसे ज्यादा नुकसान इस सरकार ने नौजवानों का ही किया है इसलिए आप सबको दुगनी ताकत से गठबंधन प्रत्याशी तनुज पुनिया के लिए मेहनत करनी है तनुज पुनिया भी नौजवान है और वह आपकी समस्याओं को समझते हैं इसलिए आज से ही आप सब को जी जान लगाकर तनुज पुनिया को लोकसभा पहुचाने और गठबंधन को मजबूत करने का काम करना होगा तभी नौकरियों के द्वार खुलेंगे और महंगाई पर लगाम लगेगी।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप सेकांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन ब्लॉक अध्यक्ष हैदरगढ़ सियाराम यादव पूर्व विधायक राम मगन रावत युवा सपा नेता पप्पू सिद्दीकी सभासद सूरज दीक्षित पवन यादव सरवर सिद्दीकी गुड्डू राइन गुड्डू यादव लल्लू यादव बाबूलाल यादव कैप्टन रमेश चंद्र विधानसभा अध्यक्ष परशुराम यादव पूर्व प्रधान मौजीराम यादव सहित सैकड़ो की संख्या में समर्थक मौजूद रहे।

आग लगन से तीन बीघा गेहूं की फसल जलकर राख

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़। थाना लोनी कटरा अंतर्गत बिशनपुर मजरे खैरा कनकू गांव में अज्ञात कारणो के चलते आग लग गई।

जिसमें चार किसानो की 3 बीघा से अधिक भूमि पर लगी गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई। सूचना पाकर पहुंचे दमकल कर्मियों ने कड़ी में संकट के बाद आग पर काबू पा लिया जिसकी वजह से आग अन्य खेतों को अपनी चपेट में नहीं ले सकी।

गांव निवासी जागेश्वर प्रसाद की दो बीघा सुखदेव लखन वर्मा सुभाष वर्मा की 10-10 विश्वा भूमि पर खड़ी गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई।

सौ केन्द्रों पर सास-बहू-ननद सम्मेलन आयोजित

बाराबंकी। समृद्धि न्यूज

जिला निर्वाचन अधिकारी जिला मजिस्ट्रेट के निर्देशन में मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए आज जनपद के 100 केन्द्रों पर सास बहू ननद सम्मेलन कराया गया, जिसमें 4303 प्रतिभागियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। सम्मेलन में उपस्थित परिवार की सभी सास बहुओं और ननद को मतदान के मूल्य से अवगत कराया गया। सम्मेलन में उपस्थित सीडीपीओ, आंगनबाड़ी कार्यकत्री के द्वारा सभी को मतदान की शपथ दिलायी गयी।

कार्यक्रम में सच्चे नागरिक की है पहचान, मतदान-मतदान, मतदान करने हम सबको जाना है। सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो, वोट बहुमूल्य है, हम वोट डालने जाएंगे, मतदान हमारा अधिकारी है आदि स्लोगन के माध्यम से उपस्थित ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया।

पूरेडलई ब्लॉक की न्यायतपुर केंद्र पर गांव की बहू नंदिनी ने कहा मतदान घर करने में गर्व महसूस होता है, वही उसकी सास सुमित्रा ने कहा वह अपनी पूरे परिवार के साथ आने वाले चुनाव में वोट जरूर करने जाएंगी। मसौली ब्लाक के चक्र केंद्र पर सास कृष्णावती ने कहा कि वोट बहुमूल्य है, मैं अपनी बहू और बेटी तथा परिवार के अन्य सदस्य के साथ वोट डालने जाऊंगी। दरियाबाद ब्लॉक के लालगंज केंद्र पर उपस्थित गांव के सभी लोगों को 20 मई को मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। हरख ब्लॉक के बड़ी बाजार केंद्र पर उपस्थित गांव की सास सुलोचना ने कहा कि वे आगामी चुनाव में अपने परिवार संग मतदान करने जायेंगी।

छोटी काशी में ऐतिहासिक मेला चैती का हुआ उद्घाटन

गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज।

छोटी काशी में ऐतिहासिक मेला चैती का उद्घाटन जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा एवं नगर पालिका अध्यक्ष विजय कुमार शुक्ल (रिंकू) और सभासदों, उपजिलाधिकारी/ अधिशासी अधिकारी रत्नाकर मिश्र की मौजूदगी में फीता काटकर एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। जिलाधिकारी ने चैती मेले की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह मैला हमारे नगर की धरोहर है इसके उत्थान के लिए वह भरसक प्रयास करते रहेंगे। उपजिलाधिकारी ने कहा कि आचार संहिता प्रभावी है इसका पालन किया जाए। संचालन मेला प्रभारी मोहित गिरि ने किया। ऐतिहासिक मेला चैती के शुभारंभ बृजेश तिवारी एवं पार्टी के द्वारा सुन्दरकाण्ड किया गया। कवन सो काज कठिन जग माही, जो नहि होय तात तुम पाहीं का संगीतमयी गायन करते हुए बृजेश कुमार तिवारी, सरोज मिश्रा, महेश कुमार तिवारी, राजेश कुमार तिवारी, मिथलेश कुमार तिवारी, आर्गन पर अनिल झा, ढोलक पर रिजवान, पैड पर सफीक ने साथ दिया। सुंदरकांड पाठ सुनकर श्रोता भक्तिरस से सराबोर हो गए। भाजपा युवा नेता धर्मेंद्र गिरि मोंटी, उपजिलाधिकारी रत्नाकर मिश्र, सीओ अजेंद्र यादव, सभासद नानकचंद वर्मा, धर्मेंद्र तिवारी, धर्मेंद्र जायसवाल, धर्मेंद्र बाल्मीकि, सुशील कश्यप, आनंद किशोर गिरि भोली, आशीष अवस्थी लालू, आनंद सोनी, लिपिक अमित श्रीवास्तव, षिवम् भारती, अशोक सक्सेना आदि मौजूद रहे।

मतदान के लिए 12 वैकल्पिक दस्तावेज भी होंगे मान्य: डीएम

लखीमपुर खीरी। समृद्धि न्यूज

जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह द्वारा जनहित में अवगत कराया गया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के लिए होने वाले मतदान में मतदाता फोटो पहचान पत्र के विकल्प के सम्बन्ध में प्रतिरूपण को रोकने की दृष्टि से मतदान के समय मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा, परन्तु ऐसे मतदाता जो अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा।

ये हैं वैकल्पिक दस्तावेज: भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी किये गये फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेन्स, पैन कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी किये गये स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गये फोटोयुक्त सेवा पहचान-पत्र, सांसदो/विधायकों/ विधान परिषद् सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान-पत्र, और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड को मान्य किया गया है।

फोटोग्राफ मैच न होने पर प्रस्तुत करना होगा वैकल्पिक दस्तावेज

डीएम ने बताया कि एपिक में, प्रविष्टियों की मामूली विसंगतियों को नजर अंदाज कर देना चाहिये, बशर्ते मतदाता की पहचान एपिक द्वारा सुनिश्चित की जा सके। यदि कोई मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रदर्शित करता है, जो कि किसी अन्य विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जारी किया गया है, ऐसे एपिक भी पहचान स्थापित करने के लिए स्वीकृत किये जायेंगे, बशर्ते निर्वाचक का नाम, जहां वह मतदान करने आया है, उस मतदेय स्थल से संबंधित निर्वाचक नामावली में उपलब्ध होना चाहिए। फोटोग्राफ इत्यादि के बेमेल होने के कारण मतदाता की पहचान सुनिश्चित करना सम्भव न हो, तब मतदाता को उपरोक्त वैकल्पिक फोटो दस्तावेज को प्रस्तुत करना होगा।

निर्वाचक नामावलियों में पंजीकृत प्रवासी निर्वाचक की पासपोर्ट से ही होगी पहचान

उपरोक्त किसी भी बात के होते हुये भी प्रवासी निर्वाचक, जो अपने पासपोर्ट में विवरणों के आधार पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 20क के अधीन निर्वाचक नामावलियों में पंजीकृत हैं, उन्हें मतदान केन्द्र में उनके केवल मूल पासपोर्ट (तथा किसी अन्य पहचान दस्तावेज के आधार पर नहीं) केआधार पर ही पहचाना जायेगा।

मतदाताओं को बीएलओ के जरिए बंटेगी मतदाता पर्ची

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं की सुविधा के लिए मतदाता सूचना पर्ची बीएलओ के माध्यम से मतदान तिथि से कम से कम 5 दिन पूर्व वितरित करने के निर्देश दिये गए हैं। मतदाता सूचना पर्ची पर मतदेय स्थल, मतदान का दिनांक व समय आदि का उल्लेख रहता है। मतदाता सूचना पर्ची को मतदाता के पहचान दस्तावेज के रूप में नहीं माना जायेगा।

मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए मतदाता सूचना पर्ची के साथ वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई 01 साथ लाना अनिवार्य होगा।

महंगाई-बेरोजगारी का तोहफा भाजपा सरकार की देन: पीएल पुनिया

बाराबंकी। समृद्धि न्यूज

देश को मंहगाई और बेरोजगारी का तोहफा दस वर्षों की भाजपा सरकार की देन है देश के बेरोजगार युवाओं को 1 वर्ष में 2 करोड़ नौकरी का वादा कर सत्ता में आयी मोदी सरकार ने लाखों नौजवानों की नौकरी छीन ली है मंहगाई के चलते हर घर की रसोई का बजट बिगड़ गया है कांग्रेस पार्टी के घोषणा पत्र ने देश के नौजवानों में उम्मीद की एक नई लहर पैदा कर दी है काग्रेस पार्टी के पांच न्याय पच्चीस गारण्टी वाले घोषणा पत्र के आगे देश की आवाम ने भाजपा के घोषणा पत्र जिसमें किसानो की कर्जमॉफी बेरोजगारी, बढ़ती हुयी मंहगाई पर कोई बात नहीं की गयी है उसे पूरी तरह से नकार दिया है देश और आवाम के हित में भाजपा सरकार को सत्ता से बेदखल करना वक्त की जरूरत है इण्डिया गठबन्धन के साथियों अपनी ताकत को पहचानों और आगे बढ़कर भाजपा की अहंकारी निरंकुश सरकार को हटाकर देश में इण्डिया गठबन्धन की सरकार बनाने के लिये गठबन्धन के प्रत्याशी तनुज पुनिया को भारी बहुमत से विजयी बनाने में अपनी सारी उर्जा लगा दे। उक्त उद्गार कांग्रेस पार्टी के केन्द्रीय चुनाव समिति के सदस्य स्टार प्रचारक पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया ने 53 लोकसभा क्षेत्र बाराबंकी (अजा) से इण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी तनुज पुनिया के समर्थन में विधानसभा क्षेत्र हैदरगढ़ के नगर पंचायत सुबेहा के ग्राम पूरे अल्पी मजरे मोहिनुद्दीनपुर तथा विकासखण्ड त्रिवेदीगंज के ग्राम बडवल बाजार में आयोजित कार्यकर्ता संवाद चौपाल में व्यक्त किये संवाद चौपाल कार्यक्रम में पूर्व सांसद रामसागर रावत एवं पूर्व विधायक राममगन रावत मुख्य रूप से उनके साथ थे।

पूर्व सांसद राम सागर रावत तथा पूर्व विधायक राममगन रावत ने इण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी तनुज पुनिया को भारी मतो से जिताने की अपील करते हुये कहा कि लोकसभा क्षेत्र बाराबंकी में इण्डिया गठबन्धन के पक्ष में हवा चल रही है भाजपा की डबल इंजन की सरकार से परेशान जनता ने उसे हटाने का मन बना लिया है क्योंकि उसे एहसास हो गया है कि भाजपा सरकार का लोकतन्त्र और संविधान में विश्वास नहीं रह गया है उसे सत्ता से बेदखल करने में ही उसकी भलाई है।

जनसम्पर्क अभियान के इसी क्रम में इण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी तनुज पुनिया ने आज इण्डिया गठबन्धन के साथियों के साथ विधानसभा क्षेत्र जैदपुर के विकासखण्ड हरख के ग्राम करौन्दी कला, नेवली, चन्दौली, जरमापुर, मोहना, पिपरहा, उधवापुर, मुबारकपुर कोटवा, भटपुरवा, इसरौली सेठ तेजवापुर, ठाकुर पुरवा, वादीपुर, जैसीरामपुरवा कोलागहबड़ी, सेवकी पुरवा, दौलतपुर, बारायन, कटेसर, झलिहा, पडरी तमरसेपुर, टेरा, टिकरा, चन्दौली आदि गांव में व्यापक जनसम्पर्क कर संसदीय क्षेत्र की चौमुखी विकास के लिये इण्डिया गठबन्धन के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

विकास खण्ड हैदरगढ़ त्रिवेदीगंज तथा विकासखण्ड हरख के जनसम्पर्क के दौरान मुख्य रूप से कांग्रेस अध्यक्ष मो0 मोहसिन, चौधरी अदनान, पूर्व ब्लाक प्रमुख हरख सुरेन्द्र वर्मा, आशुतोष अवस्थी टिंकू भैया हिमांशु यादव, प्रीतम सिंह वर्मा, सियाराम यादव, शुऐब अहमद शिब्बू, गुड्डू राइन, सुशील वर्मा, सूरज दिक्षित, केसवराम वर्मा, सन्तशरण वर्मा, आकाश प्रताप सिंह, रामनरेश वर्मा, पूर्व चेयरमैन सतरिख, सन्तराम यादव, घीरेन्द्र कुमार वर्मा, नितिन वर्मा पुरूषोत्तम यादव, प्रथ्वी पाल वर्मा, रामचन्द्र यादव, गौस मोहम्मद, परसुराम रावत, रामसिंह यादव मुश्ताक अहमद, हाजी सईद अहमद सहित दर्जनो की संख्या में इण्डिया गठबन्धन के कार्यकर्ता मौजूद थे।

अवैध प्लॉटिंग कर रहे भू माफियाओं पर जल्द शुरू होगी कार्यवाही: एसडीएम मोहम्मदी

उचौलिया खीरी, समृद्धि न्यूज।

मोहम्मदी के उचौलिया क्षेत्र में बिना जमीन खरीदे ही दूसरे की जमीन पर अवैध रूप से प्लाटिंग करने का सिलसिला जोरो शोर से चल रहा है।

उचौलिया थाने के पास हीरो एजेंसी के सामने स्थित भूमि के स्वामी होने का दावा करने वाले संचित गर्ग के अनुसार उसने अभी जमीन को बेचा भी नहीं जबकि ग्रुप से प्लाटिंग करने वाले भू माफिया उसी जमीन को सज्जन सिटी के नाम से बिक्री करना शुरू कर दिया। स्थानीय क्षेत्र वासियों की माने तो क्षेत्र में अन्य जगह भी अवैध प्लाटिंग का अवैध धंधा जोरों पर चल रहा है इससे शासन को करोड़ों के राजस्व का नुकसान हो रहा है वही बिना अनुमति लिए किए जा रहे अवैध प्लाटिंग में सडक़, नाली, पेयजल की व्यवस्था व गार्डन आदि सुविधाएं नहीं है।

स्थानीय क्षेत्र वासियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार उचौलिया थाना के नजदीक हीरो एजेंसी के सामने भू माफिया बिना किसी लीगल कागजात के ईट गड़वाकर प्लाटिंग कर रहे हैं। जमीन के बिचौलियों के द्वारा आम जनता को कम कीमत पर प्लाट देने का लालच देकर उन्हें अंधेरे में रखा जा रहा है। ग्राहक भी नियम कायदे की जानकारी के अभाव में उनके चंगुल में फंसते जा रहे हैं। पिछले कई वर्षों से चल रहे इस गोरखधंधे पर किसी प्रकार की कोई कार्यवाही अभी तक नहीं देखी गई।

अवैध प्लाटिंग के खेल में नेताओं, पटवारी व राजस्व विभाग के अधिकारियों की भी भागीदारिता स्वाभाविक है।

वर्जन।

इस संबंध में उप जिलाधिकारी मोहम्मदी अवनीश कुमार से जानकारी लेने पर उन्होंने बताया है कि जल्द ही अवैध रूप से प्लाटिंग कर रहे भू माफिया पर कार्रवाई की जाएगी।

कार ने बाइक को पीछे से मारी टक्कर, एक की मौत एक घायल

गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज।

गोला कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक चार पहिया वाहन ने मोटरसाइकिल को लखीमपुर से गोला के रास्ते पर कुनैठिया के पास पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिससे मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक बुरी तरह जख्मी हो गए।

आनन फानन में दोनों बाइक सवार घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां एक युवक की रास्ते में मृत्यु हो गई वही दूसरे का इलाज जिला अस्पताल में जारी है। पीड़ित गंगाराम पुत्र सुखराम निवासी लाल्हापुर थाना गोला खीरी ने गोला कोतवाली में तहरीर देकर चार पहिया गाड़ी के मालिक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित ने तहरीर में बताया कि घटना 15 अप्रैल की रात्रि समय करीब 11:30 बजे की है। पीड़ित का पुत्र राजेंद्र तथा रामनिवास पुत्र गजोधर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल से ग्राम भगौनापुर से आ रहे थे। रास्ते में कुनैठिया के पास पीछे से आ रही एक्टर कार यू के 06 बी एच 5777 का गाड़ी चालक तेज रफ्तार व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए पीड़ित के पुत्र की मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी और 50 फीट तक मोटरसाइकिल कार में फंसी चलाता रहा। दोनो घायलों को ले जाते समय रास्ते में रामनिवास की मृत्यु हो गई तथा पीड़ित के पुत्र राजेंद्र का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। पीड़ित ने गोला कोतवाली में तहरीर देकर गाड़ी चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

दुकानदार ने मारपीट के आरोप में थाने में दी तहरीर

गोला गोकर्णनाथ खीरी। छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ में ऐतिहासिक चैती मेला में कई दुकानें प्रतिवर्ष स्थापित की जाती हैं। इस वर्ष भी दुकानें लगाई गई जिसमें एक दुकानदार ने मेला मैदान की जगह में आवंटित दुकान को लेकर कुछ लोगों पर मारपीट करने के आरोप में गोला कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। रोहित तिवारी पुत्र रामसेवक तिवारी अस्थाई निवासी मोहल्ला तीर्थ गोला खीरी ने थाना प्रभारी गोला को तहरीर देकर बताया कि पिछले 8 वर्ष से वह अपनी दुकान मेले मे आवंटित स्थान पर लगाता चला आ रहा था इस वर्ष भी हर वर्ष की तरह रोहित ने अपनी पत्थर मूर्ति की दुकान अपने नियत स्थान पर स्थापित की।

उधार पैसे देना पड़ा भारी, उधारी मांगने पर मिल रही धमकियां, दी तहरीर

लखीमपुर खीरी। समृद्धि न्यूज

थाना खीरी क्षेत्र की पुलिस चौकी ओयल क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत महम्मदाबाद गांव के निवासी राजू यादव पुत्र गयादीन यादव के द्वारा थाना फूलबेहड़ में शिकायत देकर बताया गया है कि उनके रिश्तेदार विनोद यादव पुत्र शिवपूजन यादव निवासी ग्राम सर्वा थाना फूलबेहड़ के द्वारा शिकायत कर्ता राजू यादव से 33 हजार रुपए उधार लिये थे जिसका उनके द्वारा लिखित इकरार नामा समझौता दिया था। इकरार नामा में बताया था कि आपका सारा भुगतान 1 साल में कर दूंगा लेकिन इकरारनामा के अनुसर विनोद यादव ने 10 हजार रुपये ही वापस किए हैं और अभी तक 23 हजार रुपये वापस नहीं दिए। शिकायतकर्ता पीड़ित राजू यादव ने थाने में दिए शिकायत पत्र में बताया की 23 हजार रुपये अभी तक विनोद यादव पुत्र शिवपूजन यादव निवासी ग्राम सभा सर्वा थाना फूलबेहड़ के द्वारा नहीं दिया जा रहा है जब हम लोग अपना पैसा मांगते हैं तो उनके द्वारा फोन पर गंदी गंदी गालियां दी जाती हैं और कहते हैं कि जो कुछ करना है वह कर लीजियेगा और पैसे नहीं दूँगा थाने की पुलिस मेरा कुछ नहीं कर सकती है। पीड़ित इसके बाद से काफी परेशान हैं। पीड़ित राजू यादव ने 15 अप्रैल 2024 को थाना फूलबेहड़ में इसको लेकर शिकायती प्रार्थना पत्र दिया है लेकिन अभी तक उपरोक्त आरोपियों पर कार्रवाई नहीं हुई है।

प्रशिक्षण स्थल डीएस कॉलेज का सीडीओ का किया निरीक्षण

लखीमपुर खीरी। समृद्धि न्यूज

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के लिए नियुक्त किये गये पीठासीन एवं मतदान अधिकारी प्रथम के लिए डीएस कॉलेज लखीमपुर में आयोजित चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन की प्रथम पॉली में कोड संख्या 2001 से 3000 तक और द्वितीय पाली में कोड संख्या 3001 से 4000 तक के पीठासीन व मतदान अधिकारी प्रथम को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

प्रशिक्षण कक्षों के निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पीठासीन व मतदान अधिकारी प्रथम से मॉकपोल सर्टिफिकेट, सीयू में पावर पैक रिप्लेसमेन्ट, मतदान पूरा होने के बाद क्लोज बटन को दबाना, ईवीएम व वीवी पैट का रिप्लेसमेण्ट करने, मतदान प्रारम्भ होने के सम्बन्ध में पीठासीन अधिकारी की घोषणा, मशीन के प्रतिस्थापना के उपरान्त की जाने वाली घोषणा, मतदान समाप्ति पर घोषणा, मतदान के उपरान्त मशीन को मुहरबन्द करने की प्रकिया इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि यदि कोई शंका है तो आप प्रशिक्षण कक्ष छोड़ने से पहले उसको अवश्य दूर कर लें।

सीडीओ ने कहा कि मतदान प्रक्रिया को कुशलतापूर्वक सम्पन्न कराने में पीठासीन व मतदान अधिकारी प्रथम की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण है। निर्वाचन के दौरान मतदान जैसे चैलेन्जिंग कार्य को आयोग की मुशानुरूप सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए आवश्यक है कि सभी पीठासीन और मतदान अधिकारी (प्रथम) मतदान प्रक्रिया विशेषकर ई.वी.एम. संचालन से सम्बन्धित तकनीकी जानकारी में दक्षता प्राप्त कर लें। निरीक्षण के दौरान पीडी (डीआरडीए) एसएन चौरसिया, डीडीओ दिनकर विद्यार्थी, डीसी विपिन चौधरी, राजेंद्र श्रीवास, जिला प्रशिक्षण अधिकारी, प्रधानाचार्य आईटीआई मौजूद रहे।

अनुपस्थित कार्मिक प्राप्त करें प्रशिक्षण, अन्यथा होगी विभागीय कार्यवाही

सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने प्रशिक्षण स्थल डीएस कॉलेज में दूसरे दिन मंगलवार को हुए प्रशिक्षण में अनुपस्थित कार्मिकों का ब्यौरा तलब किया। वही अनुपस्थित कार्मिकों को एक और मौका देते हुए बुधवार को दूसरी शिफ्ट में अनिवार्य रूप से प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश दिए अन्यथा की स्थिति में अनुपस्थित कार्मिकों पर विभागीय कार्यवाही शुरू की जाएगी। बताते चलें कि प्रथम पाली में 63 कार्मिक एवं द्वितीय पाली में 79 कार्मिक अनुपस्थित रहे। बताते चलें कि प्रथम दिन अनुपस्थित रहे 10 कार्मिकों ने अपना प्रशिक्षण प्राप्त किया। वही अवसर मिलने के बाद भी अनुपस्थित कार्मिकों पर सीडीओ ने विभागीय कार्यवाही शुरू करने के निर्देश दिए।

स्वास्थ्य महानिदेशक ने बलरामपुर के अफसरों को किया तलब

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। बलरामपुर अस्पताल में मोतियाबिंद ऑपरेशन के नाम पर मरीज से संविदा डॉ अजय वैद्या द्वारा 4300 रुपए वसूली के मामले में स्वास्थ्य विभाग की फजीहत हो गई है। मामले को लेकर शासन भी गंभीर हो गया है।

ऐसे में स्वास्थ्य महानिदेशक ने बलरामपुर अस्पताल के आला अफसरों को मंगलवार को तलब किया। उनसे मोतियाबिंद मामले की तमाम जानकारी हासिल की। जांच कमेटी के लोगों का भी विवरण लिया। स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ ब्रजेश राठौर ने मंगलवार सुबह बलरामपुर अस्पताल के निदेशक डॉ पवन कुमार अरुण और सीएमएस डॉ एनबी सिंह को तलब किया।

डॉ पवन का कहना है कि महानिदेशक के पास सुबह गए थे। अस्पताल के संबंध में उनसे वार्ता हुई। महानिदेशक ने भी मोतियाबिंद के मामले में प्रगति पूछी तो यह बताया गया कि अभी कमेटी जांच कर रही है। जांच रिपोर्ट आने पर उसे शासन स्तर पर भेजा जाएगा। उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। निदेशक ने यह भी बताया कि पीड़ित को बयान के लिए बुलाया गया है।

223.86 लाख की शराब ड्रग, बहुमूल्य धातु की बरामद

लखनऊ। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 15 अप्रैल तक 15415.01 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नगदी आदि जब्त किये गये। इसमें 2606.84 लाख रुपये नकद, 3751.34 लाख की शराब, 5744.52 लाख की ड्रग, 2156.05 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं एवं 1156.26 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की।

जाति विशेष को नौकरी देने वाले क्या जाने सबका साथ-सबका विकास

भाजपा सरकार ने सात वर्षों में साढ़े छह लाख से अधिक युवाओं को दी नौकरी

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी मंगलवार को सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि सपा कार्यकाल में भ्रष्टाचार, बेरोजगारी चरम पर थी। सपा कार्यकाल में युवा पलायन को मजबूर हो गए थे, लिहाजा प्रदेश के युवा पहले ही सपा को नकार चुके हैं। सपा कार्यकाल में प्रदेश में बेरोजगारी दर 18 प्रतिशत तक थी। इसकी मुख्य वजह अखिलेश सरकार की तुष्टिकरण की राजनीति थी,क्योंकि उस दौर में कुछ जाति-समुदाय विशेष को ही नौकरी मिलती थी। ऐसा करने वाले सबका साथ-सबका विकास की परिभाषा क्या जानेंगे। सपा प्रमुख बेबुनियाद बातें कर रहे हैं, लेकिन प्रदेश की जनता उनके झांसे में नहीं आने वाली है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार ने पिछले सात वर्षों में साढ़े छह लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी दी है, जबकि ढाई करोड़ से अधिक युवाओं को रोजगार के साधन उपलब्ध कराये हैं। भाजपा सरकार की नीतियों का ही असर है कि प्रदेश के युवाओं को रोजगार के लिए भटकना नहीं पड़ रहा है। विदेशों में नौकरी के लिए भी उनकी डिमांड हो रही है।

अखिलेश सरकार की भ्रष्टाचार नीतियों के कारण प्रदेश में बेरोजगारी दर घटने की जगह बढ़ गयी थी। उनके शासन काल में प्रदेश में बेरोजगारी दर 18 प्रतिशत तक पहुंच गई थी, भाजपा सरकार में यह घटकर 2.4 प्रतिशत हो गई है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि अखिलेश का जमीनी हकीकत से कोई सरोकार नहीं है। वह अपनी करारी हार से लगातार बेसुध हो गये हैं। उन्होंने कहा कि पिछले सात वर्षों में प्रदेश में एक भी किसान ने आत्महत्या नहीं की है। आज किसानों के चेहरे की मुस्कान साफ-साफ जाहिर कर रही है कि उनकी आय में दोगुने से अधिक वृद्धि हुई है। प्रदेश के गांव की बदलती तस्वीर इसकी जीता जागता उदाहरण है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने अखिलेश यादव को नसीहत देते हुए कहा कि वह एसी कमरे से बाहर निकलकर गांवों का दौरा करें तो हकीकत का पता चलेगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि अखिलेश सरकार में किसान इस तरह प्रताड़ित थे कि वह अपने मूल काम खेती को छोड़ने को मजबूर हो गये थे और दूसरे प्रदेशों में जाकर मजदूरी को विवश थे।

भाजपा सरकार ने गन्ना मूल्य में की वृद्धि

भाजपा सरकार ने गन्ना किसानों का दर्द समझते हुए गन्ना मूल्य में वृद्धि की है। आज एक हफ्ते में गन्ना मूल्य का भुगतान हो रहा है। भाजपा सरकार ने गन्ना किसानों को अब तक ढाई लाख करोड़ रुपये गन्ना मूल्य का भुगतान किया जा चुका है। भाजपा सरकार ही किसानों की सच्ची हितैषी है। भाजपा सरकार ने न केवल किसानों की आय दोगुनी की है, बल्कि उनके मसीहा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देकर हर किसान को गौरवान्वित किया है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि परिवारवाद की राजनीति करने वाले नेताजी फर्स्ट की भावना को क्या समझेंगे, क्योंकि उन्हें अपने परिवार के अलावा कुछ भी नहीं दिखता है।

खबरें एक नजर में

लखनऊ पुलिस ने कंधा देकर कराया अंतिम संस्कार

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। लखनऊ पुलिस का एक बार फिर मानवीय चेहरा देखने को मिला जो लखनऊ पुलिस मित्र पुलिस स्लोगन पर खरा उतरता हुआ नजर आया। हजरतगंज स्थित मीराबाई मार्ग पर एक बेहद गरीब परिवार रहता था जिसमें पति-पत्नी समेत दो बच्चे थे आज सुबह बीमारी के चलते पति की मृत्यु हो गई जो अपने पीछे पत्नी और दो छोटे बच्चे छोड़ गया घर में इतना पैसा नहीं था कि उसका अंतिम संस्कार परिवार कर सके। इसकी सूचना जैसे ही हजरतगंज थाने के इंस्पेक्टर विक्रम सिंह को मिली तत्काल मौके पर पहुंच कर गरीब परिवार का सहारा बने और फौरन अंतिम संस्कार की व्यवस्था करते हुए अपने पूरे पुलिस टीम के साथ मृतक को कंधा देकर बैकुंठ धाम पहुंचाया। हजरतगंज इंस्पेक्टर के साथ अन्य पुलिस कर्मी शव यात्रा में शामिल हुए। इंस्पेक्टर हजरतगंज ने बताया कि उन्होंने जो कुछ किया यह मानवता के तहत और साथ ही जो यूपी पुलिस द्वारा प्रत्येक व्यक्ति की सहायता करने का संकल्प लिया है उस संकल्प को पूरा करने का छोटा सा प्रयास है। विक्रम सिंह का कहना था कि हर बीमार, परेशान व्यक्ति की सहायता करना ही ययूपी पुलिस का कर्तव्य है। यह पहली बार नहीं है कि इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह ने अंतिम संस्कार करवाया है , इससे पहले 19 अक्टूबर 2023 को भी एक पुत्र अपनी बीमार मां का इलाज लोकबंधु अस्पताल में करवा रहा था, इलाज के दौरान मां की मौत हो गई तो कलयुगी बेटा मां के शव को छोड़कर फरार हो गया। अस्पताल प्रशासन ने जिसकी की सूचना पुलिस को दिया और उस समय भी इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने लावारिस मां के शव को हिंदू रीति रिवाज के साथ अंतिम संस्कार कराया था।

नवरात्रि पर 108 कन्याओं का पूजन

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष व्यापार रोहित अग्रवाल ने नवरात्रि के अवसर पर 108 कन्याओं का पूजन कर प्रसाद वितरण किया गया। पूजन कार्यक्रम मानव आदर्श सेवा समिति के बैनर तले आयोजित किया गया। इसके संस्थापक पीके घोष व अध्यक्ष रोहित अग्रवाल द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति दुर्गा पूजा पर रेलवे कॉलोनी चारबाग में दुर्गा पंडाल स्थापित करवाया जाता है उसी पंडाल में कार्यक्रम आयोजित कर प्रसाद वितरण किया गया। पूजन कार्यक्रम में कन्याओं को विभिन्न स्कूलों से आमंत्रित किया गया और बच्चों को संस्कार स्वरूप बल, विद्या बुद्धि व नारी शक्ति की प्रेरणा लेना सीखने के उद्देश्य को जाग्रत किया गया।

रामनवमी पर डाक विभाग ने जारी किया विशेष आवरण

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। भारतीय डाक विभाग एवं प्रयाग फिलाटेलिक सोसाइटी के तत्वावधान में पीएमजी वाराणसी एवं प्रयागराज कृष्ण कुमार यादव ने नवमीपर एक विशेष आवरण व विरूपण का विमोचन किया। प्रयागराज प्रधान डाकघर के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में इस विशेष आवरण पर श्रामायण' पर जारी डाक टिकट लगाकर धनुष के चित्र के साथ इसका विरूपण किया गया। बतौर मुख्य अतिथि अपने सम्बोधन में पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि भगवान श्री राम हमारे आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों की अभिव्यक्ति करते हैं। मानव इतिहास में राम-कथा की जितनी व्याप्ति है, शायद ही उसका कोई अन्यत्र उदाहरण मिलता हो। प्रयागराज से भी भगवान श्री राम का गहरा नाता रहा है। वनवास पश्चात् जब श्री राम सीता माता और लक्ष्मण जी के साथ अयोध्या से निकले तो प्रयागराज में निषादराज ने उन्हें अपनी नाव से गंगा पार कराया। श्री राम देश के जनमानस में बहुत गहरे व्याप्त हैं। श्री राम का चरित्र सिर्फभारत ही नहीं, बल्कि कई देशों की सभ्यताओं और संस्कृतियों को प्रभावित करता है।

टेंट कारोबारी को दबंगों ने लोहे की रॉड से पीटा

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र में टेंट कारोबारी को दबंगों ने लोहे की राड से जमकर पिटाई कर लहूलुहान कर दिया। दबंगों ने उसके पैसे भी छीन लिए व जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले। पीड़ित ने मंगलवार को मोहन लालागंज कोतवाली पहुंच कर दबंगों के खिलाफ लिखित शिकायत कर कार्रवाई की मांग करी हैं। शुभम प्रताप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि अतरौली में मोहित शर्मा के यहा आयोजित तिलक में टेंट लगा था, रात करीब साढ़े नौ बजे वह अपनी बुलेट से तिलक का पैसा लेकर घर वापस लौट रहा था, इसी बीच पुरानी रंजिश मान रहे दबंग दिलीप लोधी, कान्हा, किशोरी, युवराज ने हुलासखेड़ा गांव के पास उसे रोककर गाली गलौच शुरू कर लोहे की राड से ताबड़तोड़ वार कर बुलेट में भी तोड़फोड़ कर डाली, जिससे शुभम घायल हो गया। आरोप है कि दबंगों ने उसके पास रखे बीस हजार रूपये और चेन लूट ली । पुलिस से शिकायत करने कर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले।

पीड़ित के घर पहुंचे आरोपी डॉक्टर

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। बलरामपुर अस्पताल में मोतियाबिंद के ऑपरेशन के नाम पर वसूली करने के आरोपी डॉक्टर मंगलवार को पीड़ित के उन्नाव हसनगंज घर पहुंच गए। उन्हें मनुहार के साथ प्रलोभन भी दिए, लेकिन पीड़ित ने आरोपी डॉक्टरों को बैरंग लौटा दिया। उन्नाव हसनगंज की राजरानी के घर आरोपी संविदा डॉ अजय वैद्या और डॉ एके शाक्य पहुंचे। मरीज के पीड़ित व शिकायतकर्ता सुशील समेत परिवारीजनों से डॉक्टरों ने माफी मांगी। काफी देर तक मान मनौव्वल का दौर चला, लेकिन डॉक्टरों की दाल नहीं गली। पीड़ित सुशील ने आरोपी डॉक्टरों से साफकह दिया कि अब वह जांच कमेटी के सामने अपना बयान दर्ज कराएंगे, जिससे कि दूसरे मरीजों से इस तरह से रुपए की वसूली का गंदा खेल बंद हो। सुशील का कहना कि आरोपी डॉक्टर घर आए थे, लेकिन उसने कोई भी बात मानने से उन्हें मना कर दिया है। अब जल्द ही वह अपना पक्ष जांच कमेटी के सामने रखेगा।

500 साल बाद जन्मभूमि पर मनेगा श्रीराम जन्मोत्सव

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नगीना में भाजपा उम्मीदवार ओम कुमार के लिए की जनसभा

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कल रामनवमी की पावन तिथि यानी मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जन्मदिन है। अभी से लाखों लोग अयोध्या धाम में जन्मोत्सव समारोह में पहुंच रहे हैं। पांच सौ वर्षों के बाद पहली बार यह अवसर आ रहा है, जब रामलला अपनी जन्मभूमि पर जन्मोत्सव मनाएंगे। हमारी पीढ़ियां धन्य हो गईं, जो हम जन्मोत्सव कार्यक्रम के साक्षी बनेंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को नहटौर में नगीना के लोकसभा प्रत्याशी ओम कुमार के लिए जनसभा कर वोट देने की अपील की। मुख्यममंत्री ने बासंतिक नवरात्रि की अष्टमी तिथि के साथ ही रामनवमी की अग्रिम बधाई दी। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि भारत एकमात्र ऐसा देश है, जहां आराध्य को अपनी जन्मभूमि के लिए प्रमाण देना पड़ा। यह संकट कांग्रेस व समाजवादी पार्टी ने दिया। हमारी आस्था को संकटग्रस्त करने का प्रयास किया, लेकिन सनातन समाज कहां मानने वाला था, वह प्रभु राम की जन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण के

लिए कृत संकल्पित था और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कारण उसे सफलता प्राप्त हुई। कांग्रेस ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर को चुनाव हरवाया था और 2012 में सत्ता में आने पर सपा ने कहा था कि दलितों के स्मारकों को तोड़वाएंगे। इनकी मानसिकता थी कि यह बना नहीं पा रहे, लेकिन तोड़वाने की बात करते हैं।

वहीं मोदी जी ने बाबा साहेब से जुड़े पंच तीर्थ का निर्माण करवाया।मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आपने सरकार बनाने में योगदान दिया, इसलिए यह श्रेय आपको जाता है। सही दिशा में गया एक वोट तस्वीर-तकदीर बदल देता है, गलत दिशा में गया वोट पहचान का संकट खड़ा कर देता है। कांग्रेस, सपा-बसपा दलदल में डूबे दल हैं। इन्हें अच्छाई से नफरत है। माफिया-अपराधियों को गले का हार बनाते हैं, महिमा मंडन करते हैं। उनके घरों में जाकर फातिहा पढ़ते हैं, लेकिन कोई निर्दोष हिंदू दुर्घटना का शिकार हो जाता है तो इनके मुख से संवेदना के एक शब्द भी नहीं निकलते हैं।

हम सामान्य नागरिकों को राम-राम करते हैं और माफिया-अपराधियों का राम नाम सत्य। एक तरफ गरीबों के मकान बन रहे हैं तो दूसरी तरफ प्रभु राम का भी भव्य मंदिर बना है। किसान, नौजवान, महिला हर वर्ग को सम्मान दे रहे हैं। निजी नलकूपों वाले किसानों के बिजली बिल समाप्त कर फ्री में बिजली देने की व्यवस्था प्रारंभ कर दी है। महात्मा विदुर के नाम पर मेडिकल कॉलेज बन रहा है तो उनकी कुटी तक मां गंगा की धारा ले जाने का कार्य कर दिया गया। समस्या को छोड़ते नहीं, समाधान के निष्कर्ष तक पहुंचाते हैं।

मोदी ने चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देकर बढ़ाया किसानों का मान

मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा-बसपा के समय संत रविदास की जन्मभूमि सीर गोवर्धन में दिक्कतें होती थीं। वहां सिंगल रूट था। वहां आने में लाखों श्रद्धालुओं को कठिनाई होती थी। आज सद्गुरु रविदास की पावन धरा पर भव्य स्मारक, 25 फुट ऊंची प्रतिमा, पार्क और फोरलेन की सड़क भी मिलेगी। रामलला के प्रकटीकरण से पहले महर्षि वाल्मीकि के नाम पर अयोध्या का इंटरनेशनल एयरपोर्ट का नामकरण भी किया गया। एक तरफ समाज को जाति के नाम पर बांटने वाले सपा, बसपा व कांग्रेस के दलों का गठजोड़ है, दूसरी तरफ 140 करोड़ भारतीयों व महापुरुषों को सम्मान देने वाला भाजपा गठबंधन है। कांग्रेस ने चौधरी चरण सिंह का अपमान किया तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'भारत रत्न' देकर किसानों का सम्मान बढ़ाया। संकल्प पत्र में भाजपा ने कहा कि अगले पांच वर्ष में तीन करोड़ और गरीबों के मकान बनाए जाएंगे।

सीएम योगी ने गोरखनाथ मंदिर में की गौसेवा

गोरखपुर। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर युद्धस्तरीय चुनाव प्रचार में जुटे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर की गोशाला में गोसेवा की। उन्होंने गोशाला का भ्रमण कर उन्होंने गोवंश का हाल जाना और उन्हें अपने हाथों से रोटी-गुड़ खिलाया। सोमवार को बिहार में चुनाव प्रचार करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर पहुंचे थे। मंगलवार पूर्वाह्न पश्चिमी उत्तर प्रदेश में चुनाव प्रचार में जाने से पूर्व उन्होंने प्रात :काल गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन किया और अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर जाकर मत्था टेका। इसके बाद सीएम मंदिर की योगी गोशाला में पहुंचे और वहां कुछ समय व्यतीत किया। गोशाला में उन्होंने चारों तरफ भ्रमण करते हुए श्यामा, गौरी, गंगा, भोला आदि नामों से गोवंश को पुकारा। सीएम योगी की आवाज इन गोवंश के लिए जानीक्षपहचानी है। प्यार भरी पुकार सुनते ही कई गोवंश दौड़ते-मचलते हुए उनके पास आ गए। मुख्यमंत्री ने सभी के माथे पर हाथ फेरा, उन्हें खूब दुलारा और अपने हाथों से उन्हें रोटी और गुड़ खिलाया। मुख्यमंत्री ने गोशाला के कार्यकर्ताओं से सभी गोवंश के स्वास्थ्य व पोषण की जानकारी ली और गर्मी के मौसम में विशेष देखभाल के लिए जरूरी निर्देश दिए।

शराब पीने के लिए पिता ने नहीं दिए पैसे तो बेटे ने उतारा मौत के घाट

लखनऊ। शराब पीने के लिए बेटे को पैसे न देना एक पिता को भारी पड़ा है। बेटा पिता से शराब पीने के लिए पैसा मांग रहा था इस दौरान पिता ने मना किया तो बेटे ने घर में रखी कुल्हाड़ी से पिता पर हमला कर दिया। हमले में पिता के सिर में गंभीर चोट आई, जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने हत्या करने वाले युवक को हिरासत में ले लिया है जिससे पूछताछ की जा रही है। डीसीपी नॉर्थ अभिजीत आर शंकर ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि बीकेटी थाना क्षेत्र के अंतर्गत दुर्जनपुर गांव में एक बुजुर्ग व्यक्ति को चोट लगी है जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने बृजलाल नाम के युवक को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी करने पर पता चला कि बृजलाल के सबसे छोटे बेटे पिंटू ने उसके ऊपर हमला किया था इस हमले में बृजलाल के सर में गंभीर चोट आई जिसके चलते उनकी मृत्यु हो गई। घटना रात एक बजे की है जब पिंटू अपने पिता बृजलाल से शराब पीने के लिए पैसे मांग रहा था।

बसपा को कमजोर करने के लिए विरोधियों ने खड़े किए छोटे दल

समृद्धि न्यूज

बिजनौर। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि सभी दल बसपा को कमजोर करने के लिए छोटे दलों को खड़ा कर समाज को बांटने का प्रयास कर रहे हैं। उनका इशारा नगीना से चुनाव लड़ रहे आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद को लेकर था, जो दलित मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए दिन रात एक किए हुए हैं। मायावती ने साफ कर दिया कि वह बसपा को हराने के लिए मैदान में हैं, न कि जीतने के लिए इसलिए कोई भी दलित मतदाता अपने वोट का गलत इस्तेमाल न करें।

बसपा प्रमुख मायावती मंगलवार को अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के समर्थन में रामलीला मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। मायावती ने सभी विरोधी पार्टियों को सत्तालोभी बताया। उन्होंने कहा कि आज महंगाई, बेरोजगारी से आम जनता परेशान हैं। किसान, मजदूरों, दलितों, अल्पसंख्यकों, पिछड़ों, छोटे व्यापारियों का कोई विकास नहीं हुआ। मायावती ने फ्री राशन योजना पर भी सवाल खड़े किए। बसपा प्रमुख ने सरकारी नौकरियों में आरक्षण कोटा

न होने के लिए सपा को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि हम केन्द्र सरकार में बिल लाए थे, जिसे सपा द्वारा फाड़ दिया गया था। ऐसी दलित विरोधी पार्टी को कभी माफ नहीं किया जा सकता है। मंच से उन्होंने कहा कि अगर हमारी सरकार बनी तो आरक्षण प्राइवेट सेक्टर में भी जारी करेंगे। धर्म के नाम पर मुस्लिमों पर हो रहे उत्पीड़न को रोका जायेगा।

उन्होंने कहा कि हम झूठे वायदे नहीं करते। बसपा घोषणा पत्र में विश्वास नहीं करती बल्कि काम करने में विश्वास करती है। मायावती ने मीडिया को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि सर्वे, ओपिनियन पोल दिखाकर भ्रम फैलाया जा रहा है। जनसभा स्थल में भीड़ को देखते हुए बसपा प्रमुख खुश नजर आई। उनकी प्रसन्नता शब्दों में व्यक्त हुई। उन्होंने कहा कि आप लोगों के आपार स्नेह को देखकर फिर से विश्वास हो गया है कि बसपा दोनों सीट पर जीत का परचम लहराएगी।

मेरठ के सिपाहियों ने युवक को किया अगवा

लखनऊ। मेरठ से लखनऊ आए सिपाहियों ने चारबाग रेलवे स्टेशन पर जमकर हंगामा किया। आरोपी सिपाही मेरठ से लखनऊ स्पोर्ट्स कम्पटीशन में हिस्सा लेने के लिए आए थे। इस दौरान खाने के विवाद में सिपाहियों ने एक युवक को अगवा किया उसके बाद उसकी पिटाई करके हुए बाल कटवा दिए। सिपाही युवक को अपने साथ जबरदस्ती उठा कर ले गए। इस दौरान महानगर स्थित 35वीं वाहिनी पीएसी मुख्यालय के पास युवक की जमकर पिटाई की। इतना ही नहीं उन्होंने युवक के बाल भी काट दिए। घटना के बाद युवक की शिकायत पर दो सिपाहियों के साथ आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। महानगर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो सिपाहियों को गिरफ्तार कर लिया है। महानगर स्थित 35 वीं वाहिनी पीएसी में खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में हिस्सा लेने के लिए मेरठ में तैनात दो सिपाही लखनऊ आये थे। सिपाही विशांक और विशाल चौहान अपने साथियों के साथ शनिवार रात चारबाग में खाना खाने गए थे। इस दौरान मौके पर मौजूद फैज से विशाल व विशांक का झगड़ा हो गया। झगड़े के बाद दोनों सिपाही फैज को जबरन अपने साथ उठा ले गए।

विभिन्न दलों के कई नेता बीजेपी में शामिल

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। लोकसभा चुनाव से पहले लखनऊ स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में भारी संख्या में विभिन्न पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सभी का बीजेपी में स्वागत किया। बहुजन समाज पार्टी से सुधा अम्बेडकर नगर कमलेश साहू, सीमा सिंह, आलोक यादव,सचिन सिंह,संजय सोनी प्रतापगढ़ नगर पंचायन अध्यक्ष, अनूप चौधरी बहुजन समाज पार्टी लखनऊ, अनिता द्विवेदी, मीना यादव ब्लॉक प्रमुख, अशोक कुमार तिवारी पूर्व विधानसभा प्रत्याशी बहुजन समाज पार्टी, डॉक्टर सरोज पांडे लाल गंज, संजय पांडे और घनश्याम पांडे अटरोलिया भाजपा में शामिल हुए। इसके अतिरिक्त ब्रिज कुमार त्रिपाठी, शीतल कुशवाहा जालौन, सूर्य प्रताप सिंह, बनारस संजय मिश्रा,दया शंकर सिंह गाजीपुर समाजवादी पार्टी,मनोज सिंह पटेल समाजवादी पार्टी, कांग्रेस से अशोक पचवानी,हमीरपुर संजय यादव समाजवादी पार्टी,विजय कुमार बसपा जोनल कोडिनेटर, दीप सिंह कांग्रेस, हिमांशु पांडे, आशीष सिंह पूर्व पार्षद लखनऊ ने भी बीजेपी की सदस्यता ग्रहण की।

कार्रवाई

आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन करा रहा है प्रशासन

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर हटाए गए पोस्टर और बैनर

बिना अनुमति के सभा व भाषण, नकदी बांटने, फ्लैग दुरुपयोग व अन्य मामलों में 63 एफआईआर

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू है।

आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने में अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से 1,00,43,240 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 60,69,933 व निजी स्थानों से 39,73,307 प्रचार सामग्री हटायी गयी। सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 6,49,792, पोस्टर के 28,47,913, बैनर के 17,26,709 एवं अन्य 8,45,519 मामलों में कार्यवाही हुई। निजी स्थानों में वालराइटिंग के 5,21,835, पोस्टर के 18,14,690 बैनर के 9,66,912 एवं अन्य 6,69,870 मामलों में कार्यवाही की गयी। वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 1246 मामलों में तथा लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2190 मामलों में कार्यवाही की गयी। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने, वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग एवं अन्य मामलों में 63 एफआईआर दर्ज, 05 एनसीआर सहित 68 प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

अपराधिक व्यक्तियों के 485 लाइसेंसी शस्त्र जब्त

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जॉच के लिए 513 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1855 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 15 अप्रैल तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 485 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 4233 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। इसी प्रकार शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 23,69,139 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये है, जिनमें से 17,61,114 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। पुलिस विभाग द्वारा 6573 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 6670 कारतूस, 2853.5 किलोग्राम विस्फोटक व 353 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 2441 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 123 केन्द्रों को सीज किया गया।15 अप्रैल को पुलिस विभाग द्वारा 64 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 58,555 लोगों को पाबन्द किया गया। साथ ही 161 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 151 कारतूस व 18 बम बरामद कर सीज किये गये।

मकान की ध्वस्तीकरण के दौरान छत गिरने से मलबे में मजदूर दबा

लखनऊ। प्रदेश की राजधानी लखनऊ में मंगलवार को पुराने मकान की ध्वस्तीकरण के दौरान छत गिरने से मलबे में एक मजदूर दब गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने राहत बचाव कार्य करते हुए उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस उप आयुक्त ने अभिजीत आर शंकर ने बताया कि थाना मड़ियांव क्षेत्रार्न्गत प्रीतिनगर इलाके में रहने वाला रमेश साहू अपना मकान तुड़वाकर नवनिर्माण करवा रहे थे। मंगलवार को मकान के ध्वस्तीकरण के दौरान छत गिरने से मलबे मजदूर दब गया। पुलिस ने तुरन्त मौके पर पहुंच कर राहत व बचाव कार्य करते हुए फंसे व्यक्ति को मलबे से निकालकर तुरन्त हॉस्पिटल में इलाज के लिए कराया गया भर्ती। डीसीपी उत्तरी ने बताया कि युवक की पहचान मूलरूप से सीतापुर जनपद का रहने वाला कमल पासी के रूप में हुई है।

सरकार कर्मचारी संगठनों को देने जा रही है कई सुविधाएं

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जेएन तिवारी एवं महामंत्री अरुणा शुक्ला ने कल प्रदेश के अपर मुख्य सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक डॉ देवेश चतुर्वेदी से कार्यालय कक्ष में मुलाकात कर कर्मचारियों की महत्वपूर्ण समस्याओं पर वार्ता किया।

संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जेएन तिवारी ने अवगत कराया है कि मान्यता प्राप्त संगठनों के अध्यक्ष, महामंत्री सचिव को संगठन के कार्यो के लिए एक कैलेंडर वर्ष में 7 दिन का विशेष अवकाश दिए जाने का शासनादेश निर्गत किया जा रहा है। शासनादेश के निर्गत हो जानेसे संगठनों के पदाधिकारियों को कर्मचारियों की महत्वपूर्ण समस्याओं पर पैरवी करना आसान हो जाएगा ।संगठनों के अध्यक्ष महामंत्री एवं सचिव के लिए उनके ड्यूटी आवर्स में अधिकारियों से मुलाकात करने के लिए समय में रिलैक्सेशन किए जाने एवम् बायोमैट्रिक अटेंडेंस से छूट प्रदान किए जाने संबंध में भी सरकार विचार कर रही है। बहुधा पदाधिकारी को शासन के वरिष्ठ अधिकारियों से मिलने के लिए ड्यूटी आवर्स के दौरान शासन अथवा विभाग अध्यक्ष से मिलने आना पड़ता है, ऐसी स्थिति मे कुछ कार्यालयों के अधिकारी, अपने अधीनस्थ कार्यरत पदाधिकारी को वरिष्ठ अधिकारियों से मिलने की अनुमति देने में व्यवधान उत्पन्न करते हैं, जिसके कारण वरिष्ठ पदाधिकारी से संवाद हीनता के कारण कर्मचारियों की समस्याओं का समय पर उचित हल नहीं निकल पाता है।

मतदान दिवस पर मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें: डीएम

- श्रीमरीमाता मन्दिर से कोतवाली देहात तक जनपदवासियों ने बनायी मानव श्रृंखला
- मतदान का सन्देश देने में सफल रही मानव श्रृंखला डीएम ने दिलायी मतदाता शपथ

बहराइच समृद्धि न्यूज़।

राष्ट्रीय कर्तव्य के रूप में सजग होकर मतदान करने की आवाज जन-जन तक पहुचाएं जाने के उद्देश्य से सुनियोजित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम अन्तर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी/नोडल अधिकारी(स्वीप 0189 रम्या आर. के कुशल नेतृत्व में जनपद में अभिनव पहल के तहत श्रीमरीमाता मन्दिर के प्रवेश द्वार से कोतवाली देहात तक लगभग 05 किलोमीटर लम्बी मानव श्रृंखला का निर्माण किया गया। जिसमें लगभग 8000 जनपदवासियों द्वारा पूरे उत्साह व उमंग के साथ प्रतिभाग किया गया। मानव श्रृंखला की विशेषता यह रही कि जिलाधिकारी मोनिका रानी के आहवान पर मानव श्रृंखला के निर्माण में समाज के सभी वर्गों के स्त्री, पुरूष व युवाओं, शिक्षण संस्थाओं के शिक्षक-शिक्षिकाओं, छात्र-छात्राओं, प्रबुद्धजन, मीडिया कर्मी, गैर सरकारी व स्वैच्छिक संगठनों के प्रतिनिधियों, खिलाड़ियो, दिव्यांगजन, नवीन व बुजुर्ग मतदाताओं, उद्यमियों, व्यापारियों, जिले के अधिकारियों एवं कर्मचारियों व अन्य ने प्रतिभाग किया।

मानव श्रृंखला में सम्मिलित होते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने पुलिस अधीक्षक बृन्दा शुक्ला के साथ मौजूद लोगों का आभार व्यक्त किया तथा मतदाता शपथ दिलाते हुए आहवान किया कि मतदान दिवस 13 व 20 मई 2024 को आप लोग अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, मुख्य राजस्व अधिकारी डॉ देवेन्द्र पाल सिंह, जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा, ग्रामीण डॉ पवित्र मोहन त्रिपाठी, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, उप जिलाधिकारी सदर प्रिंस वर्मा, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजीव सिसौदिया, प्रशिक्षु पीसीएस ज्योति चौरसिया, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अव्यक्तराम तिवारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर गुप्त, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी राजन कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी वी.पी. सत्यार्थी, उपायुक्त मनरेगा के.डी. गोस्वामी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

खेतों में आग लगने से गेहूं की फसल जलकर राख

- पंडित पुरवा के दो तीन छप्पर के घरों को भी हुआ नुकसान
- हल्का लेखपाल ने राजस्व टीम के साथ पहुंचकर फसल के नुकसान का किया आंकलन

विशेश्वरगंज,बहराइच समृद्धि न्यूज़।

थाना क्षेत्र पयागपुर के रघुरामपुर गांव से अज्ञात कारणों से लगी आग से पयागपुर के जैसौरा तक सैकड़ों बीघे खड़ी गेंहू की फसल जलकर राख हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर में पयागपुर के ग्राम रघुरामपुर में अज्ञात कारणों से लगी आग ने हवा के साथ तांडव करना शुरू किया। रास्ते में गेहूं की फसल को जलाते हुए , जसौरा, व पंडित पुरवा में कई किसानों की फसल जला दिया। पंडित पुरवा के दो तीन छप्पर के घरों को भी आग ने नुकसान पहुंचाया। मौके पर पहुंची पयागपुर की पुलिस ने आग बुझाने के लिए ग्रामीणों के साथ जमकर पसीना बहाया। आग पर काबू पाने के बाद दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची। हल्का लेखपाल ने राजस्व टीम के साथ पहुंचकर फसल के नुकसान का आकलन किया। लगभग 200 किसानों की सैकड़ों बीघे गेंहू की फसल को आग ने अपने चपेट ले लिया है।

सेल्फी प्वाइंट का डीएम, एसपी व सीडीओ ने किया शुभारम्भ

बहराइच समृद्धि न्यूज़।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर सुनियोजित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम अन्तर्गत लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के मतदान में शत-प्रतिशत मतदाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने पुलिस अधीक्षक बृन्दा शुक्ला व मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर के साथ कलेक्ट्रेट गेट पर सेल्फी प्वाइंट का शुभारम्भ किया तथा वाहनों पर मतदाता जागरूकता स्टीकर चस्पा कर आमजन से मतदान करने की अपील की। उल्लेखनीय है कि सेल्फी प्वाइन्ट के उद्घाटन अवसर पर मानव श्रृंखला में प्रतिभाग करने वाले युवा व नवीन मतदाताओं में काफी उत्सुकता देखने को मिली। डीएम, एसपी व सीडीओ को अपने बीच पाकर युवा व नवीन बालिका मतदाओं ने एक-एक कर जिले की शीर्ष महिला अधिकारियों के साथ सेल्फी शूट की।

- वाहनों पर चस्पा किये मतदाता जागरूकता स्टीकर

सड़क हादसों में सगे भाई समेत पांच घायल

बहराइच, समृद्धि न्यूज़। जिले के राम गांव और कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र में सड़क हादसे हो गए। हादसे में सगे भाइयों समेत पांच लोग घायल हो गए। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के बदरौली बाजार में बाइक सवारों को गन्ना लदी ट्रैक्टर ट्रॉली ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार फखरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कंदौली निवासी बाइक चालक विनोद कुमार (24) और किशोरी लाल (40) घायल हो गए। दोनों को सीएचसी कैसरगंज में भर्ती कराया गया। यहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं राम गांव थाना क्षेत्र के नौतला गांव के पास तेज रफ्तार अज्ञात चार पहिया वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार तीन लोग घायल हो गए। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रभारी निरीक्षक शशि कुमार राणा ने बताया कि तीनों सगे भाई हैं। सोमवार रात निजी काम के बाद सभी वापस आ रहे थे।

अष्टमी के दिन मां संहारिणी मंदिर में उमड़ी भीड़

बहराइच, समृद्धि न्यूज़। जिले में नवरात्रि के आठवे दिन मंदिरों में माता महागौरी की पूजा अर्चना के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। शहर में स्थित 1000 वर्ष पुराने अति प्राचीन संहारिणी मंदिर में मंगलवार सुबह से ही मां जगदंबे की पूजा अर्चना के लिए लोग पहुंच रहे हैं। सुरक्षा के दृष्टिकोण से मंदिर पर पुलिस कर्मियों की भी तैनाती की गई है। मंगलवार भोर होते ही मंदिरों से जगदंबा के मनोहारी भजनों व जय माता दी के घोष के साथ श्रद्धालुओं के पग पूजा की सजी थाल लेकर मंदिर की ओर बढ़ चले। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मंदिरों में भक्तों की ओर से हवन किया जा रहा है। शहर व ग्रामीण इलाकों में नवरात्रि पर पूजन अर्चन की जा रही है। 1000 साल पहले मुगल सेना से युद्ध के पूर्व महाराजा सुहेलदेव ने मंदिर में खड़ग का पूजन अर्चन कर मां संहारिणी को प्रसन्न किया था।

कैदी की हालत बिगड़ी, सीने में दर्द के चलते कराया भर्ती

बहराइच समृद्धि न्यूज़।

जिला कारागार में निरुद्ध एक कैदी की सोमवार रात को तबियत बिगड़ गई। जिस पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।दरगाह थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत तुरहनी रज्जब निवासी मकबूल (71) जिला कारागार में निरुद्ध हैं। उनके ऊपर हत्या का केस दर्ज है। सोमवार रात को कैदी की तबियत खराब हो गई। जिस पर जेल प्रशासन की ओर से उसे जिला कारागार के अस्पताल में दिखाया गया, लेकिन हालत में सुधार न होने पर मेडिकल कॉलेज से संबद्ध महर्षि बालार्क जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां पर कैदी का इलाज चल रहा है। जेल अधीक्षक राजेश यादव ने बताया कि कैदी को दो वर्ष पूर्व जेल भेजा गया था। वह हत्या के मामले में निरुद्ध है। उन्होंने बताया कि सांस लेने में दिक्कत और सीने में दर्द के चलते भर्ती कराया गया है।

गेहूं क्राप कटिंग के लिए बेगमपुर पहुंची सीडीओ

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर ने विकास खण्ड चित्तौरा की न्याय पंचायत सोहरवा के ग्राम पंचायत बेगमपुर पहुंच कर कृषक लालता प्रसाद, मनोज कुमार, महन्त व अकराम अली के खेत में पहुंचकर गेहूँ की क्राप कटिंग करायी। क्राप कटिंग के दौरान कृषकों के खेत में प्रति बिसवा गेहूँ उपज का औसत क्रमशः 21.570, 16.180, 19.050 तथा 17.650 किलो लगभग 46.50 कु. प्रति हेक्टेयर रहीं। इस अवसर पर सीडीओ रम्या आर ने कृषकों को सुझाव दिया कि अपनी गेहूं की उपज को नजदीकी क्रय केन्द्र पर बिक्री कर अपनी उपज का वाजिब मूल्य प्राप्त करें और शासन द्वारा संचालित न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना का लाभ उठायें। इस अवसर पर जिला समन्वयक अमन मौर्या, राजस्व निरीक्षक मदन गोपाल, लेखपाल संजीव कुमार श्रीवास्तव मौजूद रहे।

सामुदायिक शौचालय की बाट जोह रहा कर्नलगंज बस स्टैंड

कर्नलगंज/गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़

एक तरफ केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत घर-घर शौचालय का नारा दिया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ कर्नलगंज कस्बे में तो सार्वजनिक स्थानों पर भी इसके इंतजाम नहीं किए गए हैं। कुछ ऐसी ही बदइंतजामी गोण्डा-लखनऊ हाईवे पर स्थित कर्नलगंज बस स्टैंड पर है। यहाँ अभी तक जिम्मेदार अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने शौचालय का निर्माण ही नहीं कराया है। इससे बस स्टैंड पर यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। महिला मुसाफिर तो शर्मिंदगी झेलने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों व समाजसेवियों ने बताया कि कई बार इसकी शिकायत जिम्मेदार अधिकारियों व परिवहन निगम के

आला अफसरों को पत्र भेजकर दर्ज कराई जा चुकी है। इसके बाद भी विभागीय अफसर इस अत्यंत गंभीर समस्या के समाधान में तनिक भी संजीदगी नहीं दिखा रहे हैं।

तहसील मुख्यालय स्थित कर्नलगंज कस्बे में गोण्डा- लखनऊ हाईवे पर स्थित बस स्टैंड कर्नलगंज विभागीय उपेक्षा का शिकार है। यात्रियों के लिए बस अड्डे पर एक अदद सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया जाना मुनासिब नहीं समझा जा रहा है। सामुदायिक शौचालय की व्यवस्था न होने से यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे अधिक परेशानी वृद्ध व महिलाओं को होती है। सुलभ प्रसाधन के लिए उन्हें इधर-उधर भटकना पड़ता है। बस स्टैंड के आसपास पांच सौ मीटर की दूरी तक घनी आबादी है। इसके अलावा स्थानीय दुकानदार भी परेशान हैं। इसके बावजूद समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बता दें कि बस स्टैंड से प्रतिदिन सैकड़ों बसों से हजारों पुरुष,महिला यात्रियों का आवागमन होता है। बस स्टैंड के पास ही बाल विकास परियोजना कार्यालय व विकास खंड कार्यालय भी है,जहां पर आसपास के कई दर्जन गांवों के बड़ी संख्या में लोगों का हर दिन आना जाना लगा रहता है। इससे लोगों को खुले में शौंच के लिए जाना पड़ता है।

जबकि सरकार की तरफ से खुले में शौचमुक्त करने के लिए पानी की तरह पैसा बहाया जा रहा है। वहीं इतने महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थान पर शौचालय निर्माण न होने से लोगों में आक्रोश है। लोगों ने जिम्मेदार आला अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से अतिशीघ्र शौचालय निर्माण कराए जाने की मांग की है।

प्रिंस बाबू ने यूपीएससी में हासिल की 505 रैंक

विशेश्वरगंज,बहराइच। विकास खंड क्षेत्र विशेश्वरगंज के ग्राम कंछर के मजरा ईश्वरनाथ पुरवा निवासी प्रिंस बाबू मिश्र ने लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 505वीं रैंक हासिल का क्षेत्र का नाम रोशन किया है। ग्रामीण आंचल जन्मे प्रिंस बाबू ने गांव के स्कूल में पढ़कर यूपी बोर्ड से हाई स्कूल सुरभि विद्या मंदिर विशेश्वरगंज व इंटर मीडियट की परीक्षा राम प्रकाश इंटर कालेज सुहेलवा पयागपुर से उत्तीर्ण की। पांचवे प्रयास में उन्होंने यह कामयाबी हासिल की। विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी ने घर पहुंचकर सम्मानित करते हुए बधाई दी है। प्रिंस बाबू के पिता सुरेश चंद्र मिश्र व बाबा लाड़ला प्रसाद मिश्र सब्जी व टेंट की दुकान चलाकर प्रिंस बाबू की पढ़ाई लिखाई का खर्च वहन किया। प्रिंस बाबू दो भाई है छोटा भाई सचिन मिश्र बी एस सी की पढ़ाई कर रहे है।

गौशाला में कड़कती,धूप में भूख प्यास से गोवंश बेहाल

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़। जिले में गौशालाओं का बेहद बुरा हाल है। गौशालाओं में बेहद दिक्कतों का सामना कर रही है गाये की भूख प्यास से बेहाल होकर हड्डियां निकल गई हैं जबकि सरकार प्रतिदिन गोवंश के भरण पोषण के लिए 50 रुपये के हिसाब से हर महीने बजट जारी कर रही है। सरकार द्वारा गौशालाओं में संरक्षित गोवंशों पर भारी भरकम बजट खर्च करने के बाद भी कड़कती धूप में रहने को मजबूर इन गायो को खाने में नसीब में सूखा भूसा मिलता है।पानी समय से मिलता भी है या नहीं यह बताया नहीं जा सकता वहीं अधिकारी कर्मचारी लोकसभा चुनाव में व्यस्त होने का हवाला देकर पल्ला झाड़ रहे हैं।योगी सरकार गौशालाओं को बेहतर सेवाएं देने के कई दावे कर रही है। छुट्टा पशुओं को आश्रय व चारा पानी देने के लिए हर महीने सरकार गौशालाओं पर लाखों रुपए खर्च कर रही है लेकिन हालात सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं।

पेड़ से टकराकर पलटा ट्रैक्टर, चालक की मौत

कर्नलगंज/गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़। कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत गोण्डा-लखनऊ हाइवे स्थित कादीपुर के पास किसी वाहन को बचाने के चक्कर में एक ट्रैक्टर पेड़ से टकराकर पलट गया,जिससे ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। हालत नाजुक होने के नाते वहां डाक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद उसे गोण्डा ले जाने की सलाह दी गई। जिसे नाजुक हालत में थाने पर तैनात ग्राम प्रहरी अमन सिंह के सहयोग से गोण्डा अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक सीतापुर जिले का रहने वाला बताया जा रहा है,जो ट्रैक्टर को लेकर मनकापुर जा रहा था। दुर्घटना की सूचना पुलिस द्वारा परिजनों को दी गई है।

गर्मी में परिषदीय विद्यालयों का समय बदलने की मांग

बहराइच समृद्धि न्यूज़।

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर, स्कूलों के संचालन समय मे परिवर्तन किए जाने की मांग की। मौसम में तेजी से हो रहे बदलाव व चढ़ते पारे से तापमान में वृद्धि से हो रही परेशानी के बारे में जिलाध्यक्ष आनन्द मोहन मिश्र ने बताया कि अप्रैल महीने के मध्य में ही गर्मी प्रचंड रूप धारण करती जा रही है।

स्कूल में गर्मी व उमस से बच्चे बेहोश हो जाया करते हैं। विद्यालय की छुट्टी दो बजे होने से छात्रों की सेहत को फिक्रमंद अभिभावक बच्चों को विद्यालय भेजने में आनाकानी कर रहे हैं। इसलिए भीषण गर्मी और लू को देखते हुए स्कूलों का समय साढ़े सात बजे से साढ़े बारह बजे तक का किया जाए। जिससे छात्रों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव न हो। वहीं इस बारे में संगठन के महामंत्री उमेश चन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि जनपद में हीट वेव चल रही है। ऐसे में 12:00 बजे के बाद विद्यालय में छोटे बच्चों को रोकना मुश्किल हो रहा है। इस समय विद्यालयों के संचालन का समय सुबह 8:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक है। जबकि लू व गर्मी के मद्देनजर कई जनपदों में विद्यालय समय परिवर्तन सुबह 7.30 से दोपहर 12.30 तक का आदेश जारी हो चुका है।

इसलिए जिला प्रशासन को भी इस संबंध में सहानुभूतिपूर्वक सोचना चाहिए। मामले को लेकर संगठन द्वारा ज्ञापन के माध्यम से जिलाधिकारी महोदया से अनुरोध किया गया है। साथ ही छोटे बच्चों के स्वास्थ्य के दृष्टिगत सहानुभूति पूर्वक निर्णय लिए जाने की बात कही गयी है।

सर्राफा व्यवसाई की गोली मारकर हत्या, हड़कंप

गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।

जिले के वजीरगंज थाना क्षेत्र में एक सर्राफा व्यवसायी की गोली मारकर हत्या कर दी गई।

हत्यारों ने घटना को अंजाम देने के बाद उसका शव चमदई नदी के पुल की रेलिंग पर लटका दिया और फरार हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घटना की गहन जांच पड़ताल में जुट गई है।

वहीं हत्या की घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मौके पर सर्राफा व्यवसायी की बाईक खड़ी मिली है,जबकि शव के पास से एक तमंचा भी बरामद किया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक मनकापुर कोतवाली क्षेत्र के बनकटवा गांव का रहने वाला संजय सोनी उम्र करीब 36 वर्ष जो वजीरगंज थाना क्षेत्र के तुर्काडीहा बाबा कुटी पर सर्राफा की दुकान करता था। यहीं पर उसने अपना घर भी बना रखा था। सोमवार की शाम को दुकान बंद करने के बाद वह अपने पैतृक गांव बनकटवा जाने के लिए घर से निकला था। झिलाही- वजीरगंज मार्ग पर स्थित चमदई नदी के पास अज्ञात बदमाशों ने संजय की गोली मारकर हत्या कर दी और उसका शव पुल की रेलिंग से लटका कर फरार हो गए। मंगलवार की सुबह राहगीरों ने पुल की रेलिंग पर सर्राफा कारोबारी का शव लटकता देखा तो क्षेत्र में हड़कंप मच गया।तत्काल इसकी जानकारी कारोबारी के परिजनों को दी। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को रेलिंग से नीचे उतारा और पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

- पुल की रेलिंग पर लटका मिला शव, गहन छानबीन में जुटी पुलिस

मौके पर क्षेत्राधिकारी भी पहुंचे और घटना की जानकारी ली। मृतक संजय की बाइक पुल पर खड़ी मिली है जबकि उसी के बगल एक तमंचा भी पड़ा हुआ मिला है। पुलिस पूरे घटना की गहन जांच पड़ताल में जुटी है। इस संबंध में थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि घटना की जांच पड़ताल की जा रही है।

अप्रेंटिस से संबंधित कैंडिडेट के रजिस्ट्रेशन के बारे में दी जानकारी

गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गोंडा में शिशु प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत शिशु प्रशिक्षण आवंटित लक्ष्य की प्राप्ति हेतु समीक्षा बैठक के संबंध में राजकीय आईटीआई गोंडा के परिसर में स्मार्ट क्लास रूम में बैठक किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ देवीपाटन मंडल के संयुक्त निदेशक राजेश राम ने किया, तत्पश्चात अप्रेंटिस बाबू रवि प्रकाश पाठक ने अप्रेंटिस से संबंधित पोर्टल पर सभी को एस्टेब्लिशमेंट तथा कैंडिडेट के रजिस्ट्रेशन के बारे में जानकारी दिया तथा उसके बाद सीएमएपीएस पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करने का सुझाव दिया अप्रेंटिसशिप पोर्टल पर आने वाली समस्याओं का निराकरण किया।

आशीष भूषण राजकीय आईटीआई अनुदेशक ने अप्रेंटिसशिप पोर्टल के बारे में विस्तृत में जानकारी प्रदान की बैठक में प्रधानाचार्य प्रभु नाथ ,राकेश कुमार , मेथली शरण, नाथुनी प्रसाद ,आईटीआई के फोरमैन विजय कुमार, सतीश कुमार, सतेंद्र कुमार ,शिवाकांत तिवारी सुनील कुमारी, परविंदर बाबू पंडित दीनदयाल उपाध्याय औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र विष्णुपुरी कॉलोनी गोंडा के प्रबंधक हरीश गुप्ता, श्री मां आईटीआईके प्रधानाचार्य हरीश पटेल, लोक सेवा संस्थान बलरामपुर के प्रबंधक अभिषेक द्विवेदी, दीनदयाल शोध संस्थान अजय कुमार मौर्य, बी एन सिंह, अनुराग, अरविंद श्रीवास्तव, हरिराम प्रसाद , जितेंद्र विश्वकर्मा, मनोज वर्मा , विवेक मिश्र ,रजनीश सैनी, आशुतोष ,आकाश श्रीवास्तव, अमरजीत सिंह, उदय प्रताप, आशीष भूषण ,मनोज वर्मा समस्त राजकीय आईटीआई के प्रधानाचार्य एवं निजी आईटीआई के प्रबंधक प्रधानाचार्य उपस्थित रहे,वरिष्ठ फोरमैन रिजवानूल हसन ने आए हुए मंडल के सभी प्रधानाचार्य और प्रबंधक , फोरमैन , सभी स्टाफ को धन्यवाद ज्ञापित किया।

प्रभारी निरीक्षक को मिला बेस्ट परफॉर्मर ऑफ द इयर का अवार्ड

मनकापुर /गोंडा ,समृद्धि न्यूज़

मंडल रेल प्रबंधक लखनऊ द्वारा प्रभारी निरीक्षक रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट मनकापुर उदय राज को मंडल के बेस्ट परफॉर्मर ऑफ़ द ईयर अवार्ड से लखनऊ में सम्मानित किया गया।

माघ मेला के दौरान पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के रेलवे स्टेशन कटरा पर रामलला जी अयोध्या के दर्शन हेतु श्रद्धालुओं को लेकर संपूर्ण भारत से लगभग सैकड़ो की संख्या में आई आस्था स्पेशल ट्रेनों के आगमन व प्रस्थान के दौरान उक्त निरीक्षक के द्वारा अन्य पर्यवेक्षकों से बेहतर समन्वय व ड्यूटी स्टाफ का उचित प्रबंध करते हुए ट्रेनों से श्रद्धालुओं को उतरवाने, उन्हें कतार लगवाकर बसों में सुरक्षित बैठाने तथा आस्था स्पेशल ट्रेनों से प्रस्थान करवाने में अहम भूमिका निभाई। जिससे रेलवे की छवि उज्जवल हुई।

रामघाट हाल्ट स्टेशन पर ड्यूटी के दौरान स्थानीय पुलिस एवं सिविल प्रशासन से बेहतर समन्वय स्थापित करके वाहनों के आगमन पर रोक के बावजूद इस स्टेशन पर निर्माण सामग्रियों की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित कराई जिससे सभी निर्माण कार्य निर्धारित लक्ष्य तिथि के अंदर पूर्ण हुए। भारत सरकार द्वारा वंदे भारत तथा अमृत भारत ट्रेन के उद्घाटन के दौरान तथा रेल मंत्री भारत सरकार, अध्यक्ष रेलवे बोर्ड नई दिल्ली व अन्य वीवीआईपी के द्वारा रेलवे स्टेशन रामघाट व कटरा के समय समय पर किए गए निरीक्षण के दौरान बेहतर सुरक्षा बंदोबस्त किया गया। ट्रेन के संचालन समयबद्धता में सुधार लाने के लिए अलार्म चेन पुलिंग की घटनाओं पर अंकुश लगाकर 25 प्रतिशत की कमी किया गया। अवैध वेंडरों पर निरंतर करवाई किया गया। रेल के प्रति पूर्ण लगन एवं समर्पण की भावना से उक्त कार्य करने के फलस्वरूप उक्त अवार्ड से इन्हें सम्मानित गया है।

यूपीएससी परीक्षा में नवाबगंज के लाल ने किया कमाल

नवाबगंज/ गोंडा ,समृद्धि न्यूज़। संघ लोक सेवा आयोग की तरफ से यूपीएससी मेन्स 2023 का फाइनल रिजल्ट जारी कर दिया गया है। देश की सबसे महत्वपूर्ण और कठिन प्रतियोगी परीक्षा मे जनपद गोण्डा के नवाबगंज के लाल ने कमाल किया है। नवाबगंज के प्रसिद्ध विश्नोहरपुर गांव के निवासी डां राजेश कुमार सिंह के सुपुत्र विवेक सिंह ने सिविल सर्विस परीक्षा मे 256वां रैंक प्राप्त कर यह उपलब्धी हासिल की है। विवेक सिंह के इस उपलब्धि पर रिश्तेदारों, शुभचिंतकों, और ईस्ट मित्रों ने हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। विश्नोहरपुर गांव के होनहार बालक की उपलब्धि पर पूरे ग्राम सभा में उत्साह का वातावरण है।

डीईओ ने निर्वाचन सामग्री की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

रायबरेली। समृद्धि न्यूज

जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल, सुगमतापूर्वक, स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्भीक व शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिला सेवा योजन कार्यालय में निर्वाचन प्रपत्र/ स्टेशनरी/ मतदान/ मतगणना सामग्री किट की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मतदान टोलियों को किट विवरण के सम्बन्ध में मतपेटिकाओ में रबड़, मोहर,ब्रास सील तथा पेपर सील तथा स्टेशनरी आदि व्यवस्थाओं के बारे में सम्बन्धित अधिकारी से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचन प्रपत्र/ स्टेशनरी पैकेजिंग एवं प्रपत्र छपवाने की व्यवस्थाओं को नियमानुसार किया जाए।

लोकसभा निर्वाचन में अभ्यर्थियों द्वारा निर्वाचन व्यय के लिए अलग बैंक खाता खोलने के निर्देश जारी

रायबरेली। जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए निर्वाचन अभ्यर्थियों को निर्वाचन व्यय के प्रयोजन हेतु अलग से बैंक खाता खोले जाने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने कहा है कि निर्वाचन अभ्यर्थी द्वारा निर्वाचन व्यय के उद्देश्य से बैंक खाता स्वयं के नाम से या अपने निर्वाचन अभिकर्ता के साथ संयुक्त नाम से राज्य के किसी भी बैंक (सहकारी बैंक सहित) या डाकघर में खोला जा सकता है। निर्वाचन अभ्यर्थी द्वारा निर्वाचन व्यय से संबंधित किसी भी मद के लिए अदा की जाने वाली राशि रुपए 10,000/- से अधिक नहीं है, तो ऐसे व्यय को, उक्त बैंक खाते से निकासी करके नकद राशि के माध्यम से व्यय की जा सकती है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि आयोग के निर्देश के क्रम में स्टेट लेवल बैंकर्स कमेटी द्वारा प्रदेश के समस्त बैंकों को यह निर्देश परिचालित किये गये हैं कि निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों को निर्वाचन के प्रयोजनार्थ अलग से बैंक खाता खोलने की सुविधा देंगे एवं खाता खोलते समय ही 200 प्रतिपर्णों की चेक बुक (नान पर्सनलाइज) उपलब्ध करायें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा है कि आयोग के उक्त निर्देश दिशा निर्देशों को समस्त राजनैतिक दलों, निर्वाचन अभ्यर्थियों, संबंधित अधिकारियों एवं डिस्ट्रिक्ट लेवल बैंकर्स कमेटी के माध्यम से जनपद में स्थित समस्त बैंकों के संज्ञान में लाते हुए अनुपालन कराना सुनिश्चित करें।

ट्रैक्टर की टक्कर से अधेड़ की मौत

महराजगंज, रायबरेली। समृद्धि न्यूज

कोतवाली क्षेत्र के दो अलग-अलग जगह घटी घटनाओं में जहां एक व्यक्ति की ट्रैक्टर से कुचलने से मौत हो गई तो वहीं गेहूं की थ्रेसरिंग करते वक्त एक महिला काफी गंभीर रूप से घायल हो गई जिसका इलाज लखनऊ के ट्रामा सेंटर में चल रहा है। कोतवाली क्षेत्र के गांव बसकटा का रहने वाला श्यामलाल पुत्र सत्यनारायन उम्र 50 वर्ष अपना ट्रैक्टर दौरा गांव के पास स्थित एक भट्ठे पर लगा रखा था उसके साथ उसका बेटा। शिवम 21 वर्ष भी सहयोग करता था। ट्रैक्टर ट्राली पर कच्ची ईंटें लादकर शिवम भट्ठे में भरई के लिए लाया था ट्रैक्टर ट्रॉली बैक करते समय पीछे खड़े पिता श्यामलाल को टक्कर लग गई जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

थ्रेसर की चपेट में आई महिला का चल रहा इलाज

वही दूसरी घटना कुशिहा मजरे बैखरा गांव की है जहां गेहूं की फसल की मड़ाई करते वक्त एक महिला थ्रेसर की चपेट में आ गई। फूलमती पत्नी सुरेंद्र उम्र 42 वर्ष ट्रैक्टर से गेहूं की फसल की मड़ाई कर रही थी वही फूलमती के कपड़े फंस जाने के कारण वह थ्रेसर की चपेट में आ गई जिससे काफी गंभीर रूप से घायल हो गई गले और सिर में अत्यधिक चोट आने के कारण अमावा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया जहां हालत ज्यादा गंभीर होने पर महिला को लखनऊ के ट्रामा सेंटर रेफर किया गया वहीं ट्रामा सेंटर में महिला का इलाज चल रहा है।

शास्त्री चौराहा से कालीवाहन मंदिर तक फ्री बस सेवा शुरू

इटावा। नारायन कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड ने नवरात्रि के पर्व पे अष्टमी तथा नवमी में शास्त्री चौराहा से कालीवाहन मंदिर तक श्रद्धालुओं को पहुँचाने के लिये निःशुल्क बस सेवा आरम्भ की। निःशुल्क बस सेवा को विद्यालय प्रबन्धक इं0 हरि किशोर तिवारी एवं धर्मलाल चतुर्वेदी, अनूप सिंह परमार, उपेन्द्र दीक्षित, विनय कुमार, अरविन्द कुमार दुबे, नारायन कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स के प्रधानाचार्य डॉ. धर्मेन्द्र शर्मा, आर.के. तिवारी, आनन्द पाठक ने शास्त्री चौराहे से झण्डी दिखाकर काली वाहन के लिये रवाना किया। हरि किशोर तिवारी ने कहा कि नारायन कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये शास्त्री चौराहे से अष्टमी तथा नवमी के लिये निःशुल्क बस सेवा आरम्भ कर रहा है।

बड़ी माता मंदिर में अष्टमी के दिन हुआ नगर कन्या भोज

पनवाड़ी, महोबा। बड़ी माता मंदिर में अष्टमी के दिन नगर कन्या भोज का आयोजन किया गया जिसमें नगर की हजारों कन्याओं ने मां महागौरी को प्रसाद आकर के ग्रहण किया माता रानी के मंदिर में आज सुबह से नित्य प्रति दिन की भांति श्रद्धालुओं का आना-जाना सुबह 4:00 बजे से आरंभ हो गया था बड़ी संख्या में लोग माता रानी के मंदिर में मां के दर्शनों के लिए कतार लगाकर खड़े थे अपनी-अपनी वारी का इंतजार कर रहे थे अष्टमी का दिन होने के कारण माता रानी के मंदिर में अष्टमी पूजन के लिए हजारों माताएं उपस्थित रही बड़ी माता मंदिर समिति के बल सदस्य जो की दिन-रात मेहनत करके सनातन धर्म की ध्वजा पताका को ऊंचा लहराने का बराबर प्रयत्न करते हैं माता रानी हमेशा सबके साथ हैं कन्या भोज के कार्यक्रम में बाल कमेटी के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

मंदिर जा रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

रायबरेली। पत्नी और साली के साथ मंदिर जा रहा युवक हादसे का शिकार हो गया। तेज रफ्तार डंपर ने युवक को कुचल दिया। घटना के बाद भाग रहे डंपर को खीरों पुलिस ने पकड़ लिया। गुरबक्शगंज थाना क्षेत्र के रायबरेली-सेमरी मार्ग भीतरगांव में मंगलवार सुबह शिवगढ़ थाना क्षेत्र के शिवगंज खेड़ा गांव निवासी हीरालाल की कुछ दिन पहले शादी हुई थी। आज वह अपनी पत्नी और साली के साथ उन्नाव जनपद के एक मन्दिर दर्शन और मेला घूमने जा रहा था। इसी दौरान वह खेड़ा होकर आपस में बात कर रहे थे, तभी रायबरेली की ओर से आ रहा तेज रफ्तार डंपर ने उसे कुचल दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परिजनों को घटना के बाबत जानकारी दी है। एमओ प्रवीर गौतम ने बताया कि डंपर खीरो पुलिस ने पकड़ लिया है।

मनचलों के विरुद्ध चला चेकिंग अभियान

इटावा। मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण के दृष्टिगत जनपदीय महिला सुरक्षा विशेष दल एंटी रोमियो स्क्वायड ने शहर क्षेत्रान्तर्गत पैदल गश्त कर मनचलों, अराजक तत्वों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया। जनपदीय महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा शहर क्षेत्र अंतर्गत पैदलगस्त कर गर्ल्स स्कूल/कॉलेज, कोचिंग संस्थान, मंदिर, पूजा घर, महिलाओं एवं बालिकाओं के आवागमन से संबंधित महत्वपूर्ण हॉटस्पॉट, सार्वजनिक स्थलों, चौराहे, बाजार, मॉल, पार्क, स्कूल बस/टैक्सी स्टैंड आदि स्थानों पर सुरक्षा हेतु अभियान चलाकर चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान अनावश्यक रूप से घूमने वाले छात्र-छात्राओं, युवक- युवतियों, मनचलों, अराजक तत्वों से रोककर पूछताछ की गई एवं सभी को बेवजह न घूमने की सख्त हिदायत देकर छोड़ा गया साथ ही छात्राओं को विषम परिस्थिति में पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा हेतु चलाई जा रही है।

स्मृति ईरानी ने की कार्यकर्ताओं के साथ चुनावी बैठक

रायबरेली। लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान की तारीख नजदीक आ रही है, और कुछ ही दिनों में चौथे चरण का नामांकन भी शुरू हो जाएगा। लेकिन कांग्रेस ने अभी तक अमेठी और रायबरेली लोकसभा सीट पर उम्मीदवार घोषित नही किया है जबकि दूसरी तरफ केंद्रीय मंत्री और अमेठी से बीजेपी उम्मीदवार स्मृति ईरानी अपनी चुनाव तैयारियों में युद्ध स्तर पर जुटी है। पिछले हफ्ते ही केंद्रीय मंत्री पाँच दिनों तक अपने संसदीय क्षेत्र अमेठी में थी और आज फिर चुनाव की तैयारी को धार देने के लिए रायबरेली के सलोन पहुँची। सलोन विधानसभा के सूची मंडल में कार्यकर्ताओं के साथ चुनावी बैठक की। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी मंगलवार को दर्जन भर जगहों पर बूथ और मंडल स्तरीय कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की और चुनावों के लिए कार्यकर्ताओं में जोश भरा।

ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ-2024 की संख्या में वृद्धि

पूर्व घोषित ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेल सेवाओं के साथ-साथ निम्नलिखित अतिरिक्त ग्रीष्मकालीन रेल सेवाएं भी निम्नानुसार संचालित की जायेंगी :-

01137/01138 छत्रपति शिवाजी महाराज ट. – बनारस – छत्रपति शिवाजी महाराज ट. स्पेशल रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 10 फेरे

रेलगाड़ी सं. 01137 आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 01138 आगमन	प्रस्थान
--	14:30	छत्रपति शिवाजी महाराज ट.	04:10	--
20:00	--	बनारस	--	23:00

चलने की तिथि : 01137 छत्रपति शिवाजी महाराज ट. से दिनांक 21.04.2024 से 19.05.2024 (रविवार) तक एवं **01138 बनारस** से दिनांक 22.04.2024 से 20.05.2024 (सोमवार) तक।
स्थान: 3 टियर वाता. एवं शयनयान।
ठहराव: दादर सेंट्रल, कल्याण जं., नासिक रोड, भुसावल जं., इटारसी जं., जबलपुर जं., सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी एवं वाराणसी जं. स्टेशन।

01169/01170 छत्रपति शिवाजी महाराज ट. – गोरखपुर जं. – छत्रपति शिवाजी महाराज ट. स्पेशल रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 12 फेरे

रेलगाड़ी सं. 01169 आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 01170 आगमन	प्रस्थान
--	00:20	छत्रपति शिवाजी महाराज ट.	23:45	--
02:35	02:40	लखनऊ जं.	16:50	16:55
08:20	--	गोरखपुर जं.	--	11:20

चलने की तिथि : 01169 छत्रपति शिवाजी महाराज ट. से दिनांक 19.04.2024 से 24.05.2024 (शुक्रवार) तक एवं **01170 गोरखपुर जं.** से दिनांक 20.04.2024 से 25.05.2024 (शनिवार) तक।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: दादर सेंट्रल, कल्याण जं., नासिक रोड, भुसावल जं., इटारसी जं., भोपाल जं, बीना जं., विरांगना लक्ष्मीबाई, उरई, कानपुर सेंट्रल जं., लखनऊ जं., गोंडा जं. एवं बस्ती स्टेशन।

01141/01142 छत्रपति शिवाजी महाराज ट. – बनारस – छत्रपति शिवाजी महाराज ट. स्पेशल रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 10 फेरे

रेलगाड़ी सं. 01141 आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 01142 आगमन	प्रस्थान
--	14:30	छत्रपति शिवाजी महाराज ट.	04:45	--
20:00	--	बनारस	--	23:00

चलने की तिथि : 01141 छत्रपति शिवाजी महाराज ट. से (प्रत्येक सोमवार) दिनांक 22.04.2024 से 13.05.2024 तक एवं **01142 बनारस** से (प्रत्येक मंगलवार) दिनांक 23.04.2024 से 14.05.2024 तक।
स्थान: 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: दादर सेंट्रल, कल्याण जं., नासिक रोड, भुसावल जं., इटारसी जं., जबलपुर जं., सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी एवं वाराणसी जं. स्टेशन।

01143/01144 छत्रपति शिवाजी महाराज ट. – गोरखपुर जं. – छत्रपति शिवाजी महाराज ट. स्पेशल रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 10 फेरे

रेलगाड़ी सं. 01143 आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 01144 आगमन	प्रस्थान
--	14:30	छत्रपति शिवाजी महाराज ट.	13:30	--
16:30	16:40	लखनऊ जं.	08:55	09:00
23:30	--	गोरखपुर जं.	--	03:30

चलने की तिथि : 01143 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से दिनांक 18.04.2024 से 16.05.2024 (गुरूवार) तक एवं **01144 गोरखपुर जं.** से दिनांक 20.04.2024 से 18.05.2024 (शनिवार) तक।
स्थान: 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: दादर सेंट्रल, कल्याण जं., नासिक रोड, भुसावल जं., इटारसी जं., भोपाल जं, बीना जं., विरांगना लक्ष्मीबाई, उरई, कानपुर सेंट्रल जं., लखनऊ जं., गोंडा जं. एवं बस्ती स्टेशन।

01152 गोरखपुर जं. – पुणे जं. स्पेशल रेलगाड़ी — 01 फेरा

स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 01152 आगमन	प्रस्थान
गोरखपुर जं.	--	18:20
लखनऊ जं.	23:50	23:55
पुणे जं.	06:40	--

चलने की तिथि : 01152 गोरखपुर जं. से दिनांक 17.04.2024 (बुधवार) को।
स्थान: प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं अनारक्षित श्रेणी।
ठहराव: बस्ती, गोंडा जं., लखनऊ जं., कानपुर सेंट्रल जं., उरई, विरांगना लक्ष्मीबाई, बीना जं., भोपाल जं., इटारसी जं., खंडवा जं., भुसावल जं., मनमाड जं. कोपरगांव, अहमदनगर, दौंड कॉर्ड लाइन एवं हडपसर स्टेशन।

01419/01420 पुणे जं. – गोरखपुर जं. – पुणे जं. स्पेशल रेलगाड़ी — 6 फेरे

रेलगाड़ी सं. 01419 आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 01420 आगमन	प्रस्थान
--	06:30	पुणे जं.	06:40	--
09:35	09:40	लखनऊ जं.	23:50	23:55
14:50	--	गोरखपुर जं.	--	18:20

चलने की तिथि : 01419 पुणे जं. से दिनांक 20.04, 24.04 एवं 28.04.2024 को एवं **01420 गोरखपुर जं.** से दिनांक 21.04, 25.04 एवं 29.04.2024 को।
स्थान: प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: हडपसर, दौंड जं., अहमदनगर, कोपरगांव, मनमाड जं., भुसावल जं., खंडवा जं., इटारसी जं., भोपाल जं., बीना जं., विरांगना लक्ष्मीबाई, उरई, कानपुर सेंट्रल जं., लखनऊ जं., गोंडा जं., एवं बस्ती स्टेशन।

04123/04124 प्रयागराज जं. – मानिकपुर जं. – हज़रत निज़ामुद्दीन ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेलगाड़ी (सप्ताह में दो दिन) — 38 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04123 आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04124 आगमन	प्रस्थान
--	14:30	प्रयागराज जं.	09:00	--
11:10	--	हज़रत निज़ामुद्दीन	--	15:50

चलने की तिथि : 04123 प्रयागराज जं. से प्रत्येक रविवार एवं बुधवार दिनांक 28.04.2024 से 30.06.2024 तक एवं **04124 हज़रत निज़ामुद्दीन** से प्रत्येक सोमवार एवं गुरूवार दिनांक 29.04.2024 से 01.07.2024 तक।
स्थान: 3 टियर वाता. एवं सामान्य।
ठहराव: शंकरगढ़, डमौरा, मानिकपुर जं., चित्रकूट धाम कर्वी, अतरी, बाँदा, महोबा जं., कुलपहाड़, हरपालपुर, मऊरानीपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई, ग्वालियर जं., धौलपुर जं., आगरा कैंट एवं मथुरा जं. स्टेशन।

09016 भागलपुर जं. – वलसाड (वाया गोरखपुर जं.) अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 01 फेरा

स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 09016 आगमन	प्रस्थान
वलसाड	02:30	--
लखनऊ जं.	00:30	00:40
भागलपुर जं.	--	05:00

चलने की तिथि : 09016 भागलपुर जं. से दिनांक 19.04.2024 (शुक्रवार) को।
स्थान: सामान्य।
ठहराव: सुल्तानगंज, मुंगेर, बेगूसराय, बरौनी, समस्तीपुर, मुज़फ़्फ़रपुर जं., चकिया, बापूधाम मोतिहारी, सगौली जं., बेतिया, नरकटियागंज जं., गोरखपुर जं., बस्ती, गोंडा, बाराबंकी, लखनऊ, कानपुर, फ़र्रूखाबाद जं., मेनपुरी जं., शिकोहाबाद जं., टुंडला, आगरा फोर्ट, भरतपुर, गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर जं., कोटा जं., नागदा जं., रतलाम जं., दाहोद, गोधरा जं, बडोदरा जं., भरुच जं., अंकलेश्वर जं., सायन, सूरत एवं उधना जं. स्टेशन।

09403/09404 अहमदाबाद जं. – गोरखपुर जं. – अहमदाबाद जं. स्पेशल रेलगाड़ी — 2 फेरे

रेलगाड़ी सं. 09403 आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 09404 आगमन	प्रस्थान
--	09:00	अहमदाबाद जं.	20:40	--
08:10	08:20	लखनऊ जं.	22:20	22:30
14:00	--	गोरखपुर जं.	--	17:00

चलने की तिथि : 09403 अहमदाबाद जं. से दिनांक 17.04.2024 (बुधवार) को एवं **09404 गोरखपुर जं.** से दिनांक 18.04.2024 (गुरूवार) को।
स्थान: सामान्य।
ठहराव: आनंद जं., छायापुरी, रतलाम जं., कोटा जं., सवाई माधोपुर जं., गंगापुर सिटी, बयाना जं., भरतपुर जं., अछनेरा जं., आगरा फोर्ट, टूंडला जं., इटावा, कानपुर सेंट्रल जं., लखनऊ जं., बाराबंकी जं., गोंडा जं., बस्ती एवं खलीलाबाद स्टेशन।

01084 गोरखपुर जं. – लोकमान्य तिलक टर्मिनस अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी — 01 फेरा

स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 01084 आगमन	प्रस्थान
गोरखपुर जं.	00:25	--
लखनऊ जं.	19:45	19:55
लोकमान्य तिलक टर्मिनस	--	15:30

चलने की तिथि : 01084 गोरखपुर जं. से दिनांक 18.04.2024 (गुरूवार) को।
स्थान: शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: बस्ती, गोंडा, बाराबंकी जं., लखनऊ जं., कानपुर सेंट्रल जं., उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई, बीना जं., भोपाल जं., इटारसी जं., खंडवा जं., भुसावल जं., जलगांव जं., मनमाड़ जं., नाशिक रोड, ईगतपुरी, कल्याण जं. एवं ठाणे स्टेशन।

09617/09618 रेवाड़ी जं. – रोहतक जं. – रेवाड़ी जं. अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी (प्रतिदिन) — 28 फेरे

रेलगाड़ी सं. 09617 आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 09618 आगमन	प्रस्थान
--	23:55	रेवाड़ी जं.	04:15	--
01:30	--	रोहतक जं.	--	02:35

चलने की तिथि : 09617 रेवाड़ी जं. से दिनांक 17.04.2024 से 30.04.2024 तक एवं **09618 रोहतक जं.** से दिनांक 18.04.2024 से 01.05.2024 तक।
स्थान: सामान्य।
ठहराव: गोकलगढ़, पाल्हावास, माछरौली, झज्जर, डीघल एवं अस्थल बोहर स्टेशन।

04137/04138 ग्वालियर जं. – बरौनी जं. – ग्वालियर जं. ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेलगाड़ी (सप्ताह में 2 दिन) — 42 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04137 आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04138 आगमन	प्रस्थान
--	07:10	ग्वालियर जं.	10:20	--
17:25	17:35	लखनऊ जं.	01:00	01:10
08:00	--	बरौनी जं.	--	09:30

चलने की तिथि : 04137 ग्वालियर जं. से दिनांक 21.04.2024 से 30.06.2024 (प्रत्येक रविवार एवं बुधवार) तक एवं **04138 बरौनी जं.** से दिनांक 22.04.2024 से 01.07.2024 (प्रत्येक सोमवार एवं गुरूवार) तक।
स्थान: वाता. कुर्सीयान एवं सामान्य।
ठहराव: डबरा, दतिया, वीरांगना लक्ष्मीबाई, मोठ, एट जं., उरई, कालपी, पुखरायाँ, भीमसेन जं., कानपुर सेन्ट्रल जं., उन्नाव जं., लखनऊ जं., बाराबंकी जं., बुढ़वल जं., करनैल गंज, गोंडा जं., मनकापुर जं., बस्ती जं., गोरखपुर जं., देवरिया सदर, भटनी जं., सीवान जं., छपरा जं., हाजीपुर जं., एवं शाहपुर पटोरी स्टेशन।

04815/04816 जोधपुर जं. – मऊ जं. – जोधपुर जं. एक्सप्रेस स्पेशल रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 22 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04815 आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04816 आगमन	प्रस्थान
--	17:30	जोधपुर जं.	08:55	--
13:30	13:40	लखनऊ जं.	12:10	12:20
23:20	--	मऊ जं.	--	04:00

चलने की तिथि : 04815 जोधुपर जं. से दिनांक 21.04.2024 से 30.06.2024 (रविवार) तक एवं **04816 मऊ जं.** से दिनांक 23.04.2024 से 02.07.2024 (मंगलवार) तक।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: पीपाड़ रोड जं., गोटन, मेड़ता रोड जं., रेन, डेगाना जं., मकराना जं., कूचामन सिटी, नावा सिटी, फुलेरा जं., जयपुर जं., गांधी नगर जयपुर,बाँदीकुई जं., भरतपुर जं., मथुरा जं., हाथरस सिटी, कासगंज जं., फ़र्रूखाबाद जं., कन्नौज, कानपुर अनवरगंज, कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ जं., अयोध्या धाम जं., शाहगंज जं., खोरासन रोड, आज़मगढ़ एवं मुहम्मदाबाद स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि रेलगाड़ी संख्या 01079/01080 छत्रपति शिवाजी महाराज ट. – मऊ जं. – छत्रपति शिवाजी महाराज ट. (साप्ताहिक) विशेष रेलगाड़ी छत्रपति शिवाजी महाराज ट. से दिनांक 17.04.24, 24.04.24, 08.05.24 एवं 15.05.2024 को (4 फेरे) एवं मऊ से दिनांक 19.04.24, 26.04.24, 10.05.24 एवं 17.05.24 को (4 फेरे) चलने के दिनों में वृद्धि के साथ चलाई जाएंगी।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन सं. 139 पर संपर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
पर हमें फॉलो करें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

खबरें एक नजर में

अज्ञात के खिलाफ चोरी का दर्ज हुआ मुकदमा

महराजगंज, रायबरेली। अज्ञात चोर के विरुद्ध पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा पप्पू पुत्र श्री राम निवासी ग्राम मुजफ्फरपुर मंजरे दुसौंती ने महराजगंज कोतवाली में लिखित तहरीर देते हुए बताया कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा वादी के घर में घुसकर चोरी की गई। जिसमें कोतवाली पुलिस ने पप्पू की तहरीर पर अज्ञात चोर के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत करते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दी।

ड्यूटी जाते समय बाइक सवार पुलिस कर्मी को पिकअप ने मारी टक्कर, घायल

रायबरेली। ड्यूटी जाते समय बाइक सवार पुलिस कर्मी को पिकअप ने मारी टक्कर पिकअप की टक्कर से पुलिसकर्मी गंभीर रूप से हुआ घायल, मामला डलमऊ थाना क्षेत्र के अंतर्गत चौदह मील गांव के पास का है जहां डलमऊ थाने में तैनात पुलिसकर्मी रोहित चौधरी उम्र 24 वर्ष अपनी बाइक से ड्यूटी जा रहा था तभी सामने से आ रही पिकअप ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी पिकअप की टक्कर से पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया, स्थानीय लोगों की मदद घायल पुलिसकर्मी को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां उसकी हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रायबरेली के लिए रेफर कर दिया सूचना पर पहुंची पुलिस ने पिकअप चालक को मय गाड़ी के हिरासत में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

जलवायु फार्ल आर्मी बर्म कीट फसलों के लिए हानिकारक

इटावा। जिला कृषि रक्षा अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने किसानो को अवगत कराया, कि जनपद वर्तमान समय में जलवायु फार्ल आर्मी बर्म (कीट) के लिए अनुकूल है। यह बहुभोजी कीट है जिसके मक्का के साथ-साथ अन्य फसलों जैसे ज्वार, बाजरा, उर्द, मूंग, गेहूँ तथा गन्ना आदि फसलो को हानि पहुँचा सकता है। अतः इस कीट की पहचान एवं प्रबन्धन की सही जानकारी कृषको को होना अत्यन्त आवश्यक है इस कीट का लार्वा गहरे धूसर रंग लिये हुये तथा कीट पर तीन धारियों पर छोटे-छोटे काले रंग के धब्बे दिखायी देते है तथा सिर पर अंगेजी शब्द का उल्टा 4 का चिन्ह बना होता है शरीर के दूसरे अन्तिम खण्ड पर वर्गाकार चार गहरे के बिन्दु दिखायी देते है तथा अन्य खण्डों पर चार छोटे-छोटे बिन्दु समलम्ब आकार में व्यवस्थित होते है अण्ड परजीवी जैसे ट्राइकोग्रामा प्रेटिओसम अथवा टेलीनेमस रेमस के 50,000 अण्डे प्रति हे0 की दर से प्रयोग करने से इनकी संख्या बढोत्तरी में रोक लगायी जा सकती है। रासायनिक नियत्रंण हेतु किसान भाई तत्काल क्लोरेन्ट्रानिलिप्रोल 18.5 प्रतिशत एससी 0.4 मिली0 या स्पीनेटोरम 11.7 प्रतिशत 0.5 मिली0 प्रति लीटर, थायोमेथाक्मास 12.6 प्रतिशत लैम्बडासाइहैलोथ्रिन 9.5 प्रतिशत 0.25 मिली प्रति लीटर की दर से घोल बनाकर छिड़काव करें। कीट/रोग से सम्बन्धित किसी भी जानकारी हेतु विकास खण्ड में स्थित राजकीय कृषि रक्षा इकाई से सम्पर्क करें।

संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने लगाई फांसी, मौत

बछरावां, रायबरेली। समृद्धि न्यूज

> पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुर्री गांव में उस समय हड़कंप मच गया जब एक अधेड़ महिला ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली जानकारी के अनुसार आपको बताते चले कि मृतका रिहाना बानो पत्नी अनीस अहमद उम्र 40 वर्ष के एक बेटी और दो बेटे भी हैं ग्रामीणों की मानी जाए तो उनका कहना है कि घटना किस समय घटित हुई यह तो कह पाना नामुमकिन है लेकिन जब सुबह हुई तो हम लोगों को इस घटना के विषय मे जानकारी हुई। वहीं ग्रामीणों की मानी जाए तो उनका कहना है कि मृतका का पति बाहर रहकर नौकरी करता है और वह अपने बच्चों के साथ गांव में रहती है ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है जांच के इस मौके पर घटनास्थल पर एडिशनल एसपी रायबरेली नवीन कुमार सिंह एवं क्षेत्राधिकारी महाराजगंज यदुवेंद्र पाल मौजूद रहे। इस बाबत कोतवाली प्रभारी बृजेंद्र शर्मा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के पश्चात आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी।

दुर्गाष्टमी को हुई मां महागौरी की पूजा अर्चना

महराजगंज, रायबरेली। महावीर स्टडी इस्टेट सीनियर सेकेंडरी कॉलेज महराजगंज में दुर्गा अष्टमी रामनवमी पर बच्चों को बताते हुए प्रधानाचार्य कमल वाजपेई ने बताया कि चैत्र मास शुक्ल पक्ष की अष्टमी को आदि शक्ति मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा के साथ की आज दुर्गा के महागौरी रूप की पूजा होती है नवमी को सिद्धिदात्री देवी की उपासना के साथ मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जन्म हुआ था। श्री राम जी को विष्णु के 10 अवतारों में सातवें अवतार के रूप में मान्यता दी गई है। श्री राम का जीवन चरित्र सभी के लिए प्रेरणादायक है। श्री राम को धैर्य करुणा त्याग समर्पण विनम्रता मर्यादा पराक्रम भाईचारा प्रजापालक कथनी करनी में समानता के साथ एक आदर्श पुत्र पति मित्र भाई राजा के समर्पण गुण विद्यमान थे।

थ्रेसर में फंसने से युवक का कटा हाथ

लालगंज,रायबरेली समृद्धि न्यूज।

गेहूं कटाई के दौरान थ्रेसर में फंसने से युवक का हाथ कटा गंभीर हालत में युवक जिला अस्पताल में भर्ती मामला लालगंज कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मह खेड़ा गांव का है जहां राहुल पुत्र प्रेम शंकर उम्र 21 वर्ष खेत में थ्रेसर से गेहूं काट रहा था तभी उसका हाथ थ्रेसर फंस गया गंभीर रूप से घायल हो गया आनन-फानन भजन लेटर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां उसकी हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल लिए रेफर कर दिया गया।

सर्वोदय महाविद्यालय
मिहींपुरवा, बहराइच
सम्बद्ध - डा0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्व विद्यालय, फैजाबाद

आवश्यकता है

निम्नलिखित विषयों के प्राध्यापकों की:-

अ. परास्नातक कक्षाओं में शिक्षण हेतु-
(1) गृहविज्ञान पद –02

ब. स्नातक कक्षाओं में शिक्षण हेतु-
(1) प्राचीन इतिहास पद–01
(2) अंग्रेजी पद –01
(3) राजनीति शास्त्र पद –01

स. संगणक अध्यापक– 01, लिपिक कम जीप चालक – 01

नोट:-1. इच्छुक अभ्यर्थी समस्त शैक्षिक प्रमाण-पत्रों के साथ विज्ञप्ति जारी होने के 21 दिनों के अन्दर आवेदन प्रस्तुत करें।
2. प्राध्यापकों की शैक्षिक योग्यता यू0जी0सी0 मानकानुसार।
2. वेतन स्ववित्तपोषित योजनांगत।

प्रबन्धक / प्राचार्य
मो0नं0–9839920510,9450257922

न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल में कन्या भोज के साथ मनाया चैत दुर्गाष्मी का पर्व

लालगंज, रायबरेली। समृद्धि न्यूज

शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी एवम् विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित शिक्षण संस्थान न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सुरेन्द्र सरस्वती नगर में भव्य कन्या भोज का आयोजन किया गया।

जिसमे विद्यालय के प्री- प्राइमरी विंग की नन्ही-मुन्नी छात्राओं ने मां दुर्गा के नौ रूपों को मंच पर जीवंत कर दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवांग अवस्थी ने कार्यक्रम का शुभारम्भ मां भगवती के प्रमुख रूप दुर्गा मां व माता के नौ रूपों का दर्शन कर विधि पूर्वक पूजन व आरती किया। तत्पश्चात कन्या भोज का कार्यक्रम प्रधानाचार्य ने माता के नौ रूप में विराजमान कन्याओं को भोग लगाया और प्रसाद वितरण किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सभी को दुर्गा अष्टमी पर्व की ढेरों शुभकामनाएं दी। सम्पूर्ण कार्यक्रम का आयोजन राधाकृष्णनन हाउस के सदस्यों द्वारा आयोजित कराया गया। उक्त कार्यक्रम के अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएँ व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

चुनाव में मूल्यों की स्थापना का दौर चले

लोकसभा चुनावों की सरगर्मियां उग्र से उग्रतर होती जा रही है, पहली बार भ्रष्टाचार चुनावी मुद्दा बन रहा है, कुछ भ्रष्टाचार मिटाने की बात कर रहे हैं तो कुछ भ्रष्टाचारियों को बचाने की बात कर रहे हैं। मुसलमान वोटों की राजनीति करने वाले दल अपने घोषणा पत्रों में उनके कल्याण की कोई बात ही नहीं कर रहे हैं, मुसलमानों का सशक्तीकरण करने की बचाय उनके तुष्टीकरण को प्राथमिकता दी जा रही है। कुछ दल देश–विकास की बात कर रहे हैं तो कुछ दल विकास योजनाओं की छिछालेदार कर रहे हैं। किसी भी दल के चुनावी मुद्दे में पर्यावरण विकास की बात नहीं हैं। व्यक्ति नहीं, मूल्यों की स्थापना के स्वर कहीं भी सुनाई नहीं दे रहे हैं। सत्ता और स्वार्थ ने अपनी आकांक्षी योजनाओं को पूर्णता देने में नैतिक कायरता दिखाई है। केजरीवाल जेल से सरकार चलाने की बात करके नैतिक एवं राजनीतिक मूल्यों के आन्दोलन से सरकार बनाने के सच को ही बदनुमा बना दिया है। इसकी वजह से लोगों में विश्वास इस कदर उठ गया कि चौराहे पर खड़े आदमी को सही रास्ता दिखाने वाला भी झूठा–सा लगता है। आंखें उस चेहरे पर सचाई की साक्षी ढूंढती हैं। समस्याओं से लड़ने के लिये हमारी तैयारी पूरे मन से होनी चाहिए। लोकतंत्र के महापर्व पर समझना चाहिए कि हमने जीने का सही अर्थ ही खो दिया है। यद्यपि बहुत कुछ उपलब्ध हुआ है। कितने ही नए रास्ते बने हैं। फिर भी किन्हीं दृष्टियों से हम भटक रहे हैं। भौतिक समृद्धि बटोरकर भी न जाने कितनी रिक्तताओं की पीड़ा सही है। गरीब अभाव से तड़पा है, अमीर अतृप्ति से। कहीं अतिभाव, कहीं अभाव। जीवन–वैषम्य कहां बांट पाया अपनों के बीच अपनापन। अट्टालिकाएं खड़ी हो रही हैं, बस्तियां बस रही हैं मगर आदमी उजड़ता जा रहा है। पूरे देश में मानवीय मूल्यों का ह्रास, राजनीति अपराध, भ्रष्टाचार, कालेधन की गर्मी, लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन, अन्याय, शोषण, संग्रह, झूठ, चोरी जैसे–अनैतिक अपराध पनपे हैं। धर्म, जाति, राजनीति–सत्ता और प्रांत के नाम पर नए संदर्भों में समस्याओं ने पंख फैलाये हैं। हर बार के चुनावों की तरह इस बार भी आप, हम सभी अपने आपको जीवन से जुड़ी अंतहीन समस्याओं के कटघरे में खड़ा पा रहे हैं। कहा नहीं जा सकता कि जनता की अदालत में कहां, कौन दोषी है? पर यह चिंतनीय प्रश्न अवश्य है हम इतने उदासीन एवं लापरवाह कैसे हो गये कि राजनीति को इतना आपराधिक होने दिया? जब आपके द्वार की सीढ़ियां मैली हैं तो अपने पड़ौसी की छत पर गन्दगी का उलाहना मत दीजिए। कोई भी अच्छी शुरूआत सबसे पहले स्वयं की की जानी जरूरी है। देश के लोकतंत्र को हांकने वाले लोग इतने बदहवास होकर निर्लज्जतापूर्ण कारनामे करेंगे, इसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। चौराहे पर खड़ा आदमी सब कुछ देख रहा है। उसे कुछ सूझ नहीं रहा कि वह कौन सी राह पकड़े। आम आदमी सरकार ने शराब–शिक्षा में घोटाले किए, दागी चिन्हित भी हुए लेकिन आप सरकार ने भ्रष्टाचार को लेकर दोहरे मापदंड अपना लिए। अपनों द्वारा किया गया भ्रष्टाचार कोई भ्रष्टाचार नहीं, राबर्ट वाड्रा के खिलाफ कुछ नजर नहीं आता और वे चुनाव लड़ने की बात करते हैं। बात केवल कांग्रेस की ही नहीं है, बात राजनीतिक आदर्शों की हैं। जिसकी वकालत करते हुए कभी अन्ना हजारे तो कभी बाबा रामदेव, कभी केजरीवाल तो कभी श्री रविशंकरजी जन–आन्दोलन की अगवाई करते देते थे, अब ना तो ऐसे आन्दोलन होते हैं न ही उन पर विश्वास रहा। हमारे भीतर नीति और निष्ठा के साथ गहरी जागृति की जरूरत है।

भ्रामक विज्ञापन की आलोचना हो, आयुर्वेद की नहीं

इन्द्र दमन तिवारी

आयुर्वेद स्वस्थ जीवन की अवधारणा पर आधारित है और हमारी प्राचीन ज्ञान परंपराओं के आधार पर कम लागत वाला इलाज प्रदान करता है, वहीं एलोपैथी कई गंभीर बीमारियों के लिए दवाएं और अन्य इलाज प्रदान करता है। दोनों प्रणालियां लोगों के कल्याण में योगदान दे सकती हैं लेकिन किसी भी प्रणाली को यह दावा करने का अधिकार नहीं है कि अन्य सभी अवैज्ञानिक या गलत हैं, वास्तविक लक्ष्य एक-दूसरे को गलत ठहराने के बजाय लोगों के स्वास्थ्य में सुधार करना होना चाहिए।

नियमों को लागू करने की अदालत की मंशा सराहनीय है, लेकिन जरूरत कानून को एक समान और निष्पक्ष तरीके से लागू करने की है। पारदर्शिता, विश्वास, हेल्थकेयर कम्युनिकेशन और प्रेक्टिस के उच्चतम मानक को सुनिश्चित करने के लिए केवल रामदेव ही नहीं, हर डॉक्टर और संगठन को इन नियमों का पालन करना चाहिए। आयुर्वेद स्वस्थ जीवन की अवधारणा पर आधारित है और हमारी प्राचीन ज्ञान परंपराओं के आधार पर कम लागत वाला इलाज़ प्रदान करता है, वहीं एलोपैथी कई गंभीर बीमारियों के लिए दवाएं और अन्य इलाज प्रदान करता है। दोनों प्रणालियां लोगों के कल्याण में योगदान दे सकती हैं लेकिन किसी भी प्रणाली को यह दावा करने का अधिकार नहीं है कि अन्य सभी अवैज्ञानिक या गलत हैं, वास्तविक लक्ष्य एक-दूसरे को गलत ठहराने के बजाय लोगों के स्वास्थ्य में सुधार करना होना चाहिए।

यह चर्चा इसलिए क्योंकि योग गुरु बाबा रामदेव और उनके ब्रांड पतंजलि के खिलाफ भ्रामक विज्ञापनों के आरोपों के बीच, स्वास्थ्य सेवा के भीतर पारदर्शिता और नैतिकता के व्यापक मुद्दे को हल करने के बजाय, सारा ध्यान एक प्रणाली के रूप में आयुर्वेद की ओर ही जा रहा है। माननीय उच्चतम न्यायालय की एक याचिका में, देश में एलोपैथिक डॉक्टरों के सबसे बड़े नेटवर्क, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने पतंजलि पर एलोपैथी के बारे में अपमानजनक बयान देने का आरोप लगाया है और मांग की है कि ब्रांड को भ्रामक विज्ञापन जारी करने से रोका जाए, आईएमए ने कोविड-19 की दूसरी लहर के दौरान आधुनिक चिकित्सा और टीकों के बारे में रामदेव के विवादास्पद बयानों की ओर भी इशारा किया।

इस संबंध में, फ़रवरी माह में अदालत ने पतंजलि को भ्रामक विज्ञापन दिखाने के लिए आपत्ति दर्ज की, ख़ासकर तब जब उसने नवंबर 2023 में आश्वासन दिया था कि वह ऐसा नहीं करेगा। उसके बाद अप्रैल में, अदालत ने रामदेव और पतंजलि के प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण की माफ़ी को इस आधार पर खारिज़ कर दिया कि यह अनिच्छा से मांगी गई थी। चल रही कानूनी कार्यवाही में, आईएमए का पक्ष मजबूत दिखाई देता है, क्योंकि अदालत इस बात से सहमत है कि पतंजलि भ्रामक विज्ञापनों का दोषी है। लेकिन चिंता यह है कि अनैतिक तौर-तरीकों को केवल पारंपरिक चिकित्सा के साथ जोड़ा जा रहा है और इस तरह उन्हें बदनाम किया जा रहा है। आज, एलोपैथी चिकित्सा पद्धति पूरी दुनिया में हावी है, इसके बाद कुछ हद तक होम्योपैथी जैसे वैकल्पिक उपचारों का प्रयोग किया जाता है लेकिन यह समझना होगा कि एलोपैथी आयुर्वेद की तुलना में बहुत नई चिकित्सा प्रणाली है। भारत में, एलोपैथी के आगमन से पहले; यूनानी, सिद्ध और सोवा रिग्पा जैसी अन्य पारंपरिक प्रणालियों के साथ आयुर्वेद इलाज़ का प्रमुख आधार था। हालांकि अब यहां भी एलोपैथी और होम्योपैथी का बोलबाला है, लेकिन आयुर्वेद अभी भी एक महत्वपूर्ण चिकित्सा पद्धति है, जिसके बारे में भारतीय साहित्य में काफी कुछ लिखा गया है, कई आयुर्वेदिक विशेषज्ञों, सर्जनों, डॉक्टरों और दवाओं के बारे में जानकारी उपलब्ध है। आयुर्वेद न केवल विभिन्न बीमारियों के इलाज के लिए जानकारी प्रदान करता है बल्कि स्वस्थ जीवन जीने और बीमारी को रोकने के लिए विशेष ज्ञान भी प्रदान करता है, भारतीय चिकित्सा पद्धति खासकर आयुर्वेद का रोग होने के बाद इलाज़ करने से ज्यादा रोग को होने से रोकने के तौर-तरीकों को अपनाने का अधिक रहा है। हाल के दिनों में, भारत सरकार ने आयुष विभाग (आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी) के माध्यम से चिकित्सा की पारंपरिक प्रणालियों को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किए हैं। हालांकि, ऐसे कई मौके आए हैं जब एलोपैथिक डॉक्टरों और उनके समूहों ने अन्य चिकित्सा प्रणालियों का मजाक उड़ाया है, आईएमए जैसे संगठनों के पास कानूनी लड़ाई लड़ने के लिए पर्याप्त संसाधन भी हैं लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि एलोपैथिक चिकित्सक गलत सूचना देने और गलत तौर-तरीके अपनाने के हकदार हैं। पतंजलि के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई भ्रामक विज्ञापनों से संबंधित ड्रग्स एंड मैजिक रेमेडीज (आपत्तिजनक विज्ञापन) अधिनियम 1954 के कथित उल्लंघन से उपजी है लेकिन यह मुद्दा किसी एक स्वास्थ्य सेवा प्रणाली तक सीमित नहीं है;, बल्कि यह एलोपैथिक चिकित्सा सहित सभी तरह की चिकित्सा पद्धतियों पर लागू होती है। वास्तव में, कुछ साल पहले, आईएमए ने अपने सदस्यों को मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया (एमसीआई) के कोड ऑफ एथिक्स रेग्युलेशन और ड्रग्स एंड मैजिक रेमेडीज ऐक्ट के उल्लंघन का हवाला देते हुए कोई इलाज नहीं, कोई भुगतान नहीं या गारंटीड इलाज जैसे दावों का विज्ञापन करने से परहेज करने का निर्देश दिया था, यह निर्देश तब आया जब मुंबई में आईवीएफ क्लिनिक चलाने वाले एक डॉक्टर दंपत्ति का गारंटीशुदा गर्भावस्था का वादा करने और उपचार विफल होने पर रिफंड की पेशकश करने के लिए लाइसेंस निलंबित कर दिया गया था लेकिन आईएमए जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों ने भी कभी-कभी अनुचित तरीके से कॉमर्शियल प्रोडक्ट्स का प्रचार करके नियमों का उल्लंघन किया है या उनकी अवहेलना की है। उदाहरण के लिए, 2008 में, आईएमए को अंतर्राष्ट्रीय समूह पेप्सिको के ट्रॉपिकाना जूस और क्वेकर ओट्स का प्रचार करने के लिए स्वास्थ्य मंत्रालय की आलोचना का सामना करना पड़ा था, इसी तरह के विवाद का सामना 2015 में एक वॉटर प्यूरीफायर के एक ब्रांड का प्रचार करने के साथ और 2019 में एक कथित एंटी माइक्रोबियल लाइट बल्ब के सर्टिफिकेशन के साथ उठे थे।

2019 में एनजीओ सपोर्ट फॉर एडवोकेसी एंड ट्रेनिंग टू हेल्थ इनिशिएटिव्स की एक रिपोर्ट में आरोप लगाया गया कि प्रमुख दवा कंपनियों के रिप्रेजेंटेटिव एलोपैथिक डॉक्टरों को अपनी दवाएं और अन्य उत्पाद बेचने में मदद करने के लिए रिश्वत देते हैं, इसके परिणामस्वरूप बाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फार्मा कंपनियों को ऐसी प्रथाओं से दूर रहने की चेतावनी दी। पिछले साल, जब भारत सरकार ने डॉक्टरों के लिए उनके जेनेरिक नामों के साथ दवाएं लिखना अनिवार्य कर दिया था, ताकि लोगों को सस्ते में दवाइयां उपलब्ध हो सकें, तो आईएमए सहित कई डॉक्टरों ने यह कहते हुए इसका विरोध किया था, कि ड्रग ईकोसिस्टम इसके लिए तैयार नहीं है।

(अध्येता, विधि संकाय, लखनऊ विश्वविद्यालय)

विचार

इस रामनवमी की सदियों से थी देश को प्रतीक्षा

डॉ. आशीष वशिष्ठ

अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद 9 अप्रैल को पहली बार रामनवमी का आयोजन हो रहा है। इस रामनवमी को पांच सौ वर्षों बाद श्रीराम लला अपने घर में जन्मदिन मनाएंगे। भव्य राम मंदिर में रामनवमी का ये स्वर्णिम और ऐतिहासिक अवसर सनातनधर्मियों को कड़े संघर्ष से हासिल हुआ है, जिसका पांच सदियों से अधिक का इतिहास है। इसमें 70 से अधिक बार का संघर्ष, जिसमें से अधिकतर मुगल आक्रांताओं द्वारा भारतवासियों और हमारे मंदिरों पर हमले का रक्तरंजित इतिहास शामिल है। लेकिन सबसे ज्यादा पीड़ादायक पिछले 75 वर्ष रहे।

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने तुष्टिकरण की राजनीति को सिर माथे से लगाया और हिंदू आस्थाओं और भावनाओं को कुचलने में कोई कसर बाकी नही रखी। नेहरू से लेकर मनमोहन सिंह की सरकार तक ने राम मंदिर की राह में रोड़े अटकाने का काम किया। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने एक बार संसद में कहा था कि राम मंदिर का निर्माण राष्ट्रीय स्वाभिमान का मुद्दा है। उनका वह वक्तव्य सही मायने में एक संदेश था जिसमें राजनीति नहीं थी। सही बात तो ये है कि राम मंदिर का विरोध करने वालों ने ही इसे वोट बैंक की राजनीति का हिस्सा बना दिया। कांग्रेस और अन्य कुछ दल मुस्लिम मतों के कारण इस मुद्दे पर हिंदुओं के न्यायोचित दावों की अनदेखी करते रहे। प्रतिक्रिया स्वरूप इस मामले ने दूसरा मो? ले लिया। लेकिन दुर्भाग्य है कि देश की बहुसंख्यक आबादी के आराध्य श्रीराम की जन्मभूमि को अवैध कब्जे से मुक्त करवाने का कार्य न्यायालय के निर्णय से संभव हो सका। और वह प्रक्रिया भी वर्षों नहीं दशकों तक चली। सबसे ब?ी बात ये हुई कि बाबरी ढांचे की तरफदारी मुस्लिम धर्मगुरुओं के साथ ही साथ धर्मनिरपेक्षता के झंडाबरदार बने हिन्दू नेतागण भी करते रहे।

सोमनाथ मंदिर को अंतिम बार औरंगजेब ने यह कहकर तो?वाया था कि, 'इस बार इसे पूरी तरह नेस्तानाबूद कर दो कि मंदिर का कहीं कोई निशान तक दिखाई न दे।' सोमनाथ पर मस्जिद और कब्रिस्तान को सरदार पटेल ने इतिहास की विकृति का चिह्न और राष्ट्रीय अपमान बताकर कहा था कि, ''राष्ट्र के गौरव की पुनर्प्रतिष्ठा के लिए सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण आवश्यक है।'' गांधी जी भी इससे सहमत थे। हिन्दू बहुल

सोमनाथ मंदिर को अंतिम बार औरंगजेब ने यह कहकर तो?वाया था कि, 'इस बार इसे पूरी तरह नेस्तानाबूद कर दो कि मंदिर का कहीं कोई निशान तक दिखाई न दे।' सोमनाथ पर मस्जिद और कब्रिस्तान को सरदार पटेल ने इतिहास की विकृति का चिह्न और राष्ट्रीय अपमान बताकर कहा था कि, ''राष्ट्र के गौरव की पुनर्प्रतिष्ठा के लिए सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण आवश्यक है।'' गांधी जी भी इससे सहमत थे। हिन्दू बहुल देश में प्रभु श्रीराम की जन्मस्थली को मुक्त करवाने में जिस तरह के अवरोध उत्पन्न किए गए वे अकल्पनीय हैं। यदि सोमनाथ के साथ ही राम जन्मभूमि का मसला भी तत्कालीन नेहरू सरकार सुलझा लेती तब शायद इसे लेकर राजनीति करने का किसी को अवसर नहीं मिलता।

देश में प्रभु श्रीराम की जन्मस्थली को मुक्त करवाने में जिस तरह के अवरोध उत्पन्न किए गए वे अकल्पनीय हैं। यदि सोमनाथ के साथ ही राम जन्मभूमि का मसला भी तत्कालीन नेहरू सरकार सुलझा लेती तब शायद इसे लेकर राजनीति करने का किसी को अवसर नहीं मिलता।

वर्तमान में देश में राम नाम की प्रचंड लहर के चलते अब कांग्रेस नेता, समर्थक और मीडिया का एक वर्ग यह साबित करने में जुटा है कि राम मंदिर में कांग्रेस का भी योगदान है। जबकि जमीनी सच्चाई यह है कि, कांग्रेस ने राम के नाम पर घिनौनी राजनीति का प्रदर्शन किया है। एक ऐसी राजनीति जिसने राम मंदिर मुद्दे को उलझाने का काम किया। राम मंदिर केस में कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट से आग्रह किया था कि अयोध्या मामले की जांच को कोर्ट 2019 के आम चुनाव तक टाल दे। 2008 में तत्कालीन यूपीए सरकार ने इस मामले में हलफनामा दाखिल कर सेतु समुद्रम परियोजना के लिए राम सेतु को तो? कर तय वर्तमान मार्ग से ही लागू किये जाने पर जोर देते हुए कहा था कि भगवान राम के अस्तित्व में होने के बारे में कोई पुख्ता साक्ष्य उपलब्ध नहीं हैं। ये भी कहा था कि रामायण महज कल्पित कथा है। हिंदू विरोध की भावना कांग्रेस के डीएनए में है।

आजादी के बाद प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की सरकार ने पहली लोकसभा में 1955-56 में हिंदू कोड बिल्स पास किए। इस बिल को लेकर डॉ. राजेंद्र प्रसाद और पंडित जवाहर लाल नेहरू के बीच राजनीतिक मतभेद उत्पन्न हो गया था। इसकी एक ब?ी वजह दोनों का धर्म को लेकर रवैया था। वर्ष 1976 में इंदिरा ने देश में आपातकाल के दौरान प्रस्तावना में संशोधन किया, जिसमें सेक्युलर शब्द शामिल किया गया था। जिसका मतलब था कि भारत हिन्दू देश होते हुए भी हिन्दू देश नहीं कहा जा सकता। 1991 में लागू किया गया यह प्लेस ऑफ वर्शिप एक्ट कहता है कि 15 अगस्त 1947 से पहले अस्तित्व में आए किसी भी धर्म के पूजा स्थल को किसी दूसरे धर्म के पूजा स्थल में नहीं बदला जा सकता। यह कानून तब लाया गया जब राम मंदिर आंदोलन अपने चरम सीमा पर पहुंचा था। इस कानून की परिधि से अयोध्या की राम जन्मभूमि को अलग रखा गया है।

कांग्रेस के बनाए कानूनों के चलते ही वर्तमान में ज्ञानवापी, भोजशाला और मथुरा आदि हिंदू आस्था के स्थलों को वापस पाने लिए हिंदू समाज कानूनी लड़ाई लड़ रहा है। कांग्रेस और इंडी गठबंधन में शामिल घटक दलों के कई नेता राम मंदिर और सनातन धर्म पर आपत्तिजनक बयानबाजी करते हैं। ऐसे में कांग्रेस नेतृत्व की चुप्पी पूरे हिंदू समाज को अखरती है। इससे यह संदेश भी जाता है कि अर्नगल बयानबाजी करने वालों को आलाकमान का समर्थन और मूक सहमति प्राप्त है। वास्तव में, सोमनाथ से अयोध्या तक कांग्रेस का चरित्र बिल्कुल भी बदला नहीं है।

हीटवेव : आप भी बचें और अपने परिवार को भी बचाएं

मनोहर यडवट्टि

भारतीय मौसम और जीवन दोनों में सूर्य और ऊर्जा की तपिश अपने चरमोत्कर्ष की ओर जाती हुई दिखाई दे रही है। विश्व भर में सभी आर्थिक एवं सामाजिक एजेंसियों के आंकड़े बता रहे हैं कि भारत की मानव शक्ति इस समय जिस तरह से कार्य कर रही है, वह भविष्य में श्रेष्ठ और सबसे आगे के भारत के होने का संकेत देती है। ऊर्जा की अधिकतम उपयोगिता को जानकर भारत के नागरिक इन दिनों अपने कार्य को करते हुए प्राय~ सहज ही देखे जा सकते हैं। इस बीच ऊर्जा का दूसरा भी पक्ष देखने को मिल रहा है, इस ऊर्जा के अपार स्त्रोत के लिए सूर्य रश्मियां जिम्मेदार हैं।

गर्मी समय बीतने के साथ अपने शीर्ष पर जाने के लिए प्रयासरत है और भारतीय हैं कि ऐसे में बिना सूर्य तपिश की चिंता किए वगैर दिन-रात अपने सुनिश्चित किए कार्य को पूर्ण करने में जुटे हुए हैं। ऐसे में यह जरूरी है काम और जीवन दोनों में संतुलन बना रहे। कहीं ऐसा न हो कि बदलते और तेज हीटवेव के इस मौसम में हम काम करने लायक भी न रह जाएं। इसलिए जरूरी है कि हीटवेब से आप भी बचें और अपने परिवार को भी बचाएं । इस संबंध में भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने पहले ही बता दिया है कि आगामी जून तक गर्मी अपने चरम पर रहेगी। ऐसे में हीटवेव दौरान स्वस्थ रहने के लिए छोटे बच्चों , बुजुर्गों और प्रेग्नेंट महिलाओं को खास देखभाल की जरूरत है। इस हीट एक्सॉशन की वजह से मितली, उल्टी और यहां तक कि बेहोशी भी हो सकती है। उचित सावधानी के बिना, अत्यधिक गर्मी से हीट स्ट्रोक और इससे भी बदतर, मृत्यु हो सकती है। जलवायु परिवर्तन के परिणामस्वरूप, गर्मी की लहरें अधिक लंबी, और अधिक गंभीर होती जा रही हैं। जिसके लिए हमें सबसे पहले मानसिक रूप से तैयार रहना है, साथ ही इससे निपटने के लिए अपनी जरूरी तैयारी करके रखनी है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने हाल ही में गर्मी से जुड़ी बीमारियों को रोकने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए थे। गर्मी से बचने के लिए अकेले रहने वाले बुजुर्ग या बीमार लोगों की देखभाल करना, अपने घरों को ठंडा रखने, दिन के दौरान पर्दे और शटर या सनशेड का उपयोग करने और रात में खिड़कियां खोलने जैसे निर्देश दिए गए हैं। वहीं, यह भी कहा गया है कि लोगों को दिन के दौरान निचली मंजिलों पर रहने की कोशिश करनी चाहिए और शरीर को ठंडा करने के लिए पंखे और गीले कपड़ों का उपयोग करना चाहिए। अब प्रश्न है कि हीट स्ट्रोक के संकेतों को कैसे पहचानें और यदि आवश्यक है तो आपको क्या कदम उठाने चाहिए? तो सबसे पहले हमें यह जानना आवश्यक है। वास्तव में जब लू चलती है तब तापमान लगातार कई दिनों तक सामान्य से अधिक रहता है। नमी के कारण अधिक गर्मी महसूस हो सकती है। वास्तव में हीट स्ट्रोक तब होता है जब शरीर अत्यधिक उच्च तापमान के संपर्क में आता है और शरीर का मुख्य तापमान 104 डिग्री फारेनहाइट (40 डिग्री सेल्सियस) और उससे अधिक तक बढ़ जाता है।

निर्जलीकरण तुरंत होता है, इसके बाद अन्य लक्षण जैसे थकावट, मतली , उल्टी, सिरदर्द, भटकाव, भ्रम, चेतना की हानि और कभी-कभी कोमा भी हो जाता है। यह मस्तिष्क, हृदय, गुर्दे और अन्य अंगों को नुकसान पहुंचा सकता है। हीट स्ट्रोक का तुरंत इलाज न होने पर यह जानलेवा भी हो सकता है। गर्म हवा के वायुमंडल में फंसने के कारण गर्मी की लहरें उत्पन्न होती हैं और यह एक प्राकृतिक मौसम घटना है। ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन के परिणामस्वरूप जलवायु परिवर्तन के कारण गर्मी की लहरों की तीव्रता और आवृत्ति में वृद्धि हो रही है, जो गर्मी को लंबे समय तक रोके रखती है और यही बहुत अधिक गर्मी हर किसी के स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है। शिशु, बच्चे, गर्भवती महिलाएं और बुजुर्ग विशेष रूप से गर्मी के तनाव के प्रति संवेदनशील होते हैं।

राशिफल

मेषः- मधुरवाणी से संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। जीविका क्षेत्र में लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। पारिवारिक दायित्वों की समय से पूर्ति हेतु प्रयत्नशील होंगे। जीवन साथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

बृषभः- मन प्रसन्न व उत्साहित रहेगा। प्रियजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्य सार्थक होने का योग है। नौकरी का वातावरण सुखद होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में परिश्रम तीव्र होगा।

मिथुनः- आर्थिक क्षेत्र में आप कुछ नई योजनाओं को सार्थक करेंगे। कोई व्यक्तिगत संबंध परिवार में विवाद का कारण बन सकता है। प्रणय संबंधों को लेकर मन में चिंता होगी।

कर्कः- पूर्वाग्रहवश मन में किसी प्रकार की शंका न पालें। गलतियों को स्वीकारते हुए सगे-संबंधों में क्षमायाचक बने और शांत भाव से अच्छे कायरे द्वारा उसकी प्राश्चित भी करें।

सिंहः- पुरानी गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। परिवार को सुव्यवस्थित चलाने में आपका विशेष योगदान होगा। किसी संबंध को लेकर पूरे परिवार के विरोध का सामना करना पड़ेगा।

कन्याः- मन ढ़ेर सारे पूर्वाग्रहों से प्रभावित होगा। पुरानी बातों कों भूलकर वर्तमान के साथ समझौता करें। मन पर नियंतणरख कर्त्तव्यनिष्ठ बने। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद संभव।

तुलाः- आज सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

वृश्चिकः- आज परिजनों के सुख-दुख से प्रभावित मन परिवार को एकजुट रखने में केंद्रित होगा।

धनुः- निराशावादी विचारों को त्याग आशावादी बनें। नाजुक संबंधों के बीच भावनात्मक कष्टों को भूल वर्तमान को बेहतर बनायें। परिवार में खुशहाल माहौल रहेगा।

मकरः- मन सुंदर विचारो से सिंचित होगा। धार्मिक व पारंपरिक कायरें की ओर मन केंद्रित होगा। नये कायरें में संलग्नता से लाभ संभव। आलस्य का त्याग करें।

कुंभः- अपने सुख-दुख को छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। नयी आकांक्षाएं मन को उद्वेलित करेंगी। पुराने संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

मीनः-किसी अचल सम्पत्ति को लेने की योजना बन सकती है। कार्यक्षेत्र के किसी सहकर्मी से मतभेद संभव। धनागम की नयी युक्तियों पर मन केंद्रित होगा। जीवन साथी का भावनात्मक स्नेह प्राप्त होगा।

पूरी दुनिया में तेजी से फैल रहा है सनातन हिंदू धर्म

प्रहलाद सबनानी

सनातन हिंदू संस्कृति अन्य धर्मों के नागरिकों को किसी प्रकार का धर्म मानने की खुली स्वतंत्रता प्रदान करती है। ऐसा कहा जाता है कि जब इस दुनिया में कोई भी धर्म नहीं था तब इस धरा पर निवास करने वाले लोग केवल सनातन हिंदू धर्म का ही पालन करते थे। सनातन हिंदू धर्म बहुत ही ज्यादा संयमित धर्म है जो किसी अन्य धर्म की ना तो उपेक्षा करता है और न ही वह अपने धर्म के वर्चस्व को सबके सामने रखने का प्रयास करता है। इसी कारण से कट्टरता के इस माहौल में आज पूरे विश्व में सनातन हिंदू धर्म के प्रति लोगों की आस्था एवं रुचि बढ़ रही है। सनातन हिंदू धर्म आज विश्व में तीसरा सबसे बड़ा धर्म है और भारत में अधिकतर लोग इस धर्म को मानते हैं। सनातन हिंदू धर्म इस पृथ्वी पर 10,000 वर्षों से हैं। लेकिन यदि वेदों और उपनिषदों में लिखी बातों को माने तो सनातन हिंदू धर्म की उत्पति लाखों वर्ष पहिले हुई थी उस समय ये सनातन धर्म के नाम से जाना जाता था।

पूरे विश्व में आज विभिन्न देशों के नागरिकों में शांति का अभाव दिखाई दे रहा है एवं परिवार के सदस्यों के बीच भी भाईचारे की कमी दिखाई दे रही है। शादी के तुरंत बाद तलाक लेना तो जैसे आम बात हो गई है। आज कई विकसित देशों में तलाक की दर 60 प्रतिशत से भी अधिक है। बुजुर्ग माता-पिता की देखभाल करने वाला उनका अपना कोई साथ नहीं है। अमेरिका में तो लगभग 10 लाख बुजुर्ग नागरिक खुले में रहते हुए अपना जीवनयापन करने को मजबूर हैं। इन देशों में तो जैसे सामाजिक तानाबाना ही छिन्न-भिन्न हो गया है।

इसी प्रकार के अन्य कई कारणों के चलते आज सनातन हिंदू धर्म के प्रति विदेशी लोग आकर्षित हो रहे हैं, क्योंकि सनातन हिंदू धर्म का अपना एक अलग ही महत्व है। सनातन हिंदू धर्म में कुटुंब के प्रति वफादारी बचपन से ही सिखाई जाती है। भारत में आज भी संयुक्त परिवार की प्रथा प्रचलन में हैं, जिससे बच्चे अपने बचपन में ही अपने माता पिता की सेवा करने के संस्कार सीखते हैं और उन्हें पूरे जीवन भर अपने साथ रखने का संकल्प लेते हैं। विश्व में कुछ अन्य धर्मों में बच्चों को बचपन में ही कट्टरता सिखाई जाती है एवं केवल अपने धर्म को ही सर्वश्रेष्ठ धर्म के रूप में पेश किया जाता है। इससे इन बच्चों में अन्य धर्मों के प्रति सद्भावना विकसित नहीं हो पाती है। कई बार तो अन्य धर्म को मानने वाले नागरिकों का धर्म परिवर्तन कर उन्हें अपना धर्म मानने को मजबूर भी किया जाता है। इसके ठीक विपरीत सनातन हिंदू धर्म किसी अन्य मजहब को मानने वाले व्यक्ति पर कभी भी कोई दबाव नहीं डालता है।

सनातन हिंदू संस्कृति अन्य धर्मों के नागरिकों को किसी प्रकार का धर्म मानने की खुली स्वतंत्रता प्रदान करती है। ऐसा कहा जाता है कि जब इस दुनिया में कोई भी धर्म नहीं था तब इस धरा पर निवास करने वाले लोग केवल सनातन हिंदू धर्म का ही पालन करते थे। सनातन हिंदू धर्म बहुत ही ज्यादा संयमित धर्म है जो किसी अन्य धर्म की ना तो उपेक्षा करता है और न ही वह अपने धर्म के वर्चस्व को सबके सामने रखने का प्रयास करता है। इसी कारण से कट्टरता के इस माहौल में आज पूरे विश्व में सनातन हिंदू धर्म के प्रति लोगों की आस्था एवं रुचि बढ़ रही है।

सनातन हिंदू धर्म आज विश्व में तीसरा सबसे बड़ा धर्म है और भारत में अधिकतर लोग इस धर्म को मानते हैं। एक अनुमान के अनुसार सनातन हिंदू धर्म इस पृथ्वी पर 10,000 वर्षों से हैं। लेकिन यदि वेदों और उपनिषदों में लिखी बातों को माने तो सनातन हिंदू धर्म की उत्पति लाखों वर्ष पहिले हुई थी उस समय ये सनातन धर्म के नाम से जाना जाता था। हिंदू धर्म को मानने वाले लोग भारत में रहते थे। इस धर्म को बहुत प्रभावशाली माना गया है। अन्य कुछ धर्मों के संस्थापक रहे हैं, जैसे ईसाई धर्म के संस्थापक के रूप में प्रभु यीशु को माना जाता है तथा इस्लाम धर्म के लिए मोहम्मद साहिब को संस्थापक माना जाता है और बौद्ध धर्म के लिए गौतम बुद्ध को संस्थापक जाना जाता है। परंतु हिंदू धर्म के बारे में कहा जाता है कि कुछ संतों एवं महापुरुषों ने एक होकर जीवन को सही तरीके से व्यतीत करने का तरीका विकसित किया था।

सनातन हिंदू संस्कृति को, धर्म नहीं बल्कि यह, जीवन जीने का एक तरीका भी माना जाता था। सनातन हिंदू धर्म का यह मानना है कि प्रभु परमात्मा ने इस धरा पर सबको खुलकर हंसने, उत्सव मनाने और मनोरंजन करने की योग्यता दी है। यही कारण है कि सनातन हिंदू धर्म में सबसे अधिक त्यौहार और संस्कार होते हैं। उत्सव, जीवन में सकारात्मक संदेश लेकर आते हैं और हमारे संस्कार मिलन सरिता को दर्शाते हैं। सनातन हिंदू धर्म की यही प्रक्रिया दुनिया पसंद करती है। तभी तो ब्रज की होली और कुम्भ के मेले का अवलोकन करने के लिए पूरी दुनिया से लोग भारत में आते हैं। यही एक कारण है कि आज पूरी दुनिया के कोने कोने में लोग हिंदू धर्म में अपनी रुचि दिखा रहे हैं। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन के अनुसार, आबादी के लिहाज से दुनिया के तीसरे सबसे बड़े देश अमेरिका में अब हिंदूओं की जनसंख्या तेजी से बढ़ रही है और हिंदू वहां राजनैतिक रूप से भी सक्रिय हो रहे हैं। इसके अलावा, कोरोना महामारी के बाद से पूरे अमेरिका एवं विश्व के अन्य देशों में योग और ध्यान की ओर लोगों का आकर्षण बहुत बढ़ गया है। योग और ध्यान पूरे विश्व को सनातन हिंदू धर्म की ही देन है।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

ड्यूटी में जाने वाली फोर्स को एसपी ने किया संबोधित

एसपी, एएसपी, सीओ सहित अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मी रहे मौजूद

महोबा। समृद्धि न्यूज

शहर के साई कालेज से पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता द्वारा जिले से लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की निर्वाचन ड्यूटी हेतु गैर जनपद जाने वाली पुलिस फोर्स को ब्रीफ किया गया एवं निर्वाचन प्रक्रिया को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराये जाने को लेकर चुनाव ड्यूटी हेतु नामित पुलिस बल को आवंटित जनपद रवाना करते हुये पुलिस बल से पार्टीवार वार्ता की गयी तथा सभी को अनुशासन बनाये रखते हुए साफ-सुथरी वर्दी धारण किये जाने एवं उनके कर्तव्यों का दायित्वबोध कराया गया। लोकसभा चुनाव ड्यूटी की महत्ता को बताते हुए राजपत्रित पुलिस अधिकारी क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार के नेतृत्व में हरी झंडी दिखाकर पार्टीवार, बसवार शुभकामनाओं के साथ रवाना किया गया।

इस दौरान पुलिस जवानों के लिये सुगम यातायात व्यवस्था उपलब्ध कराये जाने हेतु सभी पुलिस जवानों के लिये फर्स्ट ऐड किट, लंच बाक्स, पीने का पानी, फल इत्यादि का वितरण किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम्, क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार, प्रतिसार निरीक्षक शिवकुमार सहित चुनाव ड्यूटी हेतु नामित समस्त अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। बता दें कि अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की निर्वाचन प्रक्रिया में शान्ति/सुरक्षा ड्यूटी हेतु बाह्य जनपद रवाना होने वाले पुलिस अधिकारी कर्मियों की ब्रीफिंग पुलिस लाइन में की गई थी एवं सभी को लोकसभा चुनाव सकुशल चुनाव संपन्न कराने व निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने/कराये जाने के निर्देश दिए गए थे। ब्रीफिंग के पश्चात नामित पुलिस बल को पुलिस लाइन में भोजन कराते हुये साई डिग्री कालेज महोबा में रात्रि विश्राम कराया गया था।

दहेज हत्या से संबंधित दो वांछितों को भेजा जेल

महोबा। पुलिस ने दहेज हत्या में वांछित चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा है। उपनिरीक्षक देवेंद्र पाण्डेय द्वारा थाना में दर्ज धारा 498, 304-बी, व 3/4 डीपी एक्ट से संबंधित वांछितों लल्लू श्रीवास पुत्र कालीचरन व सावित्री देवी पत्नी लल्लू श्रीवास निवासी ग्राम घुटई थाना महोबकंठ को मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के घुटई चौराहा के पास से गिरफ्तार किया। आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। इसके बाद उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश करने के बाद जेल भेजा गया गया। पुलिस के मुताबिक दोनों आरोपी घटना के बाद से वांछित चल रहे थे जिन्हें पकड़कर जेल भेजा गया है।

मॉकड्रिल में छात्र-छात्राओं को सिखाये आग बुझाने के तरीके

महोबा। समृद्धि न्यूज

अग्नि से संबंधित दुर्घटनाओं में प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर लोगों को अग्निसुरक्षा के प्रति जागरुकता प्रदान किये जाने व अग्निशमन विभाग द्वारा अग्निशमन सेवा सप्ताह (14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक) के तहत प्रभारी अग्निशमन अधिकारी देवेश तिवारी के नेतृत्व में अग्निशमन टीम द्वारा जिले के विभिन्न ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में स्थापित स्कूलों, मैरिज़ हॉल, होटल एवं दाल-मिलों आदि स्थानों में जाकर वहां मौजूद छात्र-छात्राओं, शिक्षक व अन्य स्थानीय लोगो एवं श्रमिक वर्ग को अग्निसुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया एवं आग से बचाव हेतु मॉकड्रिल का आयोजन कर आग पर काबू पाने के विभिन्न तरीकों को बताया गया व अग्निसुरक्षा से सम्बन्धित पम्पलेट वितरित किए गए। अग्निशमन टीम द्वारा शहरी क्षेत्र के अन्तर्गत विभिन्न भीड़-भाड़ वाले स्थलों, मुख्य मार्गों एवं चौराहों पर अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता हेतु होल्डिंग लगवायी गयीं, जिसमें आग लगने पर 'क्या करें, क्या न करें' के संबंध में जानकारी प्रदान की गई है। इस प्रकार अग्निशमन टीम द्वारा किये जा रहे अग्निसुरक्षा के विभिन्न प्रयासों से निश्चित रुप से क्षेत्र में अग्नि से होने वाली विभिन्न दुर्घटनाओं में व्यापक स्तर पर प्रभावी नियंत्रण संभव हो सकेगा।

अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत चलाया जागरूकता अभियान

महोबा। पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर लोगों को अग्निसुरक्षा के प्रति जागरुकता प्रदान किये जाने व जनपद में अग्नि से संबंधित दुर्घटनाओं में प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से अग्निशमन विभाग द्वारा अग्निशमन सेवा सप्ताह (14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक) कार्यक्रम चलाया जा रहा है। विभिन्न जागरुकता कार्यक्रमों के माध्यम से स्थानीय लोगो को अग्निसुरक्षा के प्रति जागरुक किया जा रहा है। जिसके क्रम में अग्निशमन सुरक्षा सेवा सप्ताह कार्यक्रम के तहत मुख्यालय के विभिन्न स्कूलों में फ़ायर सर्विस विभाग द्वारा निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही प्रभारी अग्निशमन अधिकारी देवेश तिवारी द्वारा जनपद के जिलाधिकारी मृदुल चौधरी, अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम, अपर जिलाधिकारी रामप्रकाश सहित पुलिस एवं प्रशासनिक उच्चाधिकारियों को अग्निसुरक्षा सप्ताह के तहत चलाये जा रहे कार्यक्रम से संबंधित बुकलेट एवं राष्ट्रीय अग्निशमन स्मृति दिवस से संबंधित फ्लैग पिन किया गया।

अष्टमी पर देवी मंदिरों व घरों में हुआ कन्या भोज आयोजित

धन-वैभव और सुख-शान्ति की अधिष्ठात्री देवी है मां महागौरी

महोबा। समृद्धि न्यूज

नवरात्र के आठवें दिन मां के आठवें स्वरूप महागौरी की भक्तों ने विधि विधान से पूजा अर्चना की और परिवार की सुख समृद्धि के साथ ही विश्व कल्याण की कामना की। देवी मंदिरों व घरों में अष्टमी पर हवन किए गए। इसके बाद कन्याओं का पूजन किया गया। मान्यता है कि धन वैभव और सुख शांति की अधिष्ठात्री देवी है मां महागौरी।

पं गौरव द्विवेदी के अनुसार चैत्र नवरात्र की अष्टमी पर विधिविधान से हवन और कन्या पूजन का विधान है। नवरात्र पर अष्टमी तिथि की बहुत महिमा है। भक्तों ने मां दुर्गा के आठवें स्वरुप महागौरी की पूजा-अर्चना की। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, जब महागौरी की उत्पत्ति हुई उस समय उनकी उम्र आठ साल थी। इसलिए इनकी पूजा अष्टमी के दिन की जाती है। ये देवी सदा सुख और शान्ति देती हैं। अपने भक्तों के लिए यह अन्नपूर्णा स्वरूप हैं। इसलिए मां के भक्त अष्टमी के दिन कन्याओं का पूजन और सम्मान करते हुए महागौरी की कृपा प्राप्त करते हैं। यह धन-वैभव और सुख-शान्ति की अधिष्ठात्री देवी हैं। इनका स्वरूप उज्जवल, सफेद वस्त्रधारी चतुर्भुज है। एक हाथ में त्रिशूल, दूसरे हाथ में डमरू है। मां की सवारी बैल है।

आज के दिन शहर के बड़ी चंद्रिका देवी मंदिर, मां छोटी चंद्रिका देवी मंदिर, चरखारी की मां मदारन देवी, शारदा माता मंदिर, कुलपहाड़ की मां बाघविराजन मंदिर सहित सभी देवी मंदिरों व घरों में कन्याओं की पूजा की गई। हवन और मंत्रों का जाप किया गया। इसी तरह शहर के विध्यवासिनी मंदिर में भी श्रद्धालुओं ने दर्शन पूजन किया। सभी भक्तों ने मां की विधि विधान से पूजा अर्चना कर परिवार की सुख समृद्धि और विश्व कल्याण की कामना की और हर ओर देवी गीतों व जयकारों से माहौल भक्तिमय बना हुआ है।

पिता-पुत्र ने की थी विकास की हत्या

हमीरपुर। समृद्धि न्यूज

लड़की से मिलने उसके घर गए युवक को देख पिता पुत्र ने आक्रोशित होकर घर में ही उसकी लाठी से पीटकर हत्या कर दी और ई-रिक्शा में लादकर शव हाईवे किनारे फेंक सड़क दुर्घटना का रूप दे दिया। पुलिस ने युवक की हत्या करने वाले पिता पुत्र को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया है।

सदर कोतवाली के कलौलीतीर गांव निवासी 25 वर्षीय विकास वर्मा का शव लहूलुहान हालत में राठस्टेट हाईवे किनारे खेतों में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला था। मृतक के छोटे भाई रामजी वर्मा की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने गांव निवासी दयाराम व उसके बेटे यतीश उर्फ मंगल यादव समेत पड़ोसी लालू व विकास को अपने साथ ले जाने वाले गुलशन वर्मा के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। कोतवाल अनूप सिंह ने बताया कि घटना के बाद पुलिस की टीमें आरोपितों की तलाश में लगीं थी। मंगलवार की सुबह पुलिस सदर कोतवाली के राठ तिराहे के पास से दयाराम व उसके बेटे यतीश उर्फ मंगल को गिरफ्तार करके कोतवाली ले गई। जहां दोनों से पूछताछ की। जिसमें दयाराम ने बताया कि शनिवार की रात विकास उसकी बेटी से मिलने के लिए घर में घुसा था। इससे पहले भी विकास ने कई बार यह हरकत की थी। जिस पर उसे समझाया गया था। लेकिन समझाने के बाद भी न मानने पर दयाराम ने अपने बेटे मंगल के साथ मिलकर विकास के सिर पर लाठी से हमला कर दिया। जिससे उसकी मौत हो गई और घटना छिपाने के लिए शव को ई-रिक्शे में लादकर हाईवे किनारे फेंक दिया। पुलिस ने आरोपितों की निशानदेही पर उस लाठी को भी बरामद किया है। जिससे हत्या की गई थी।

शराब व उपकरण सहित महिला को किया गिरफ्तार

जिले में अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ की जा रही कार्यवाही

महोबा। समृद्धि न्यूज

आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल संपन्न कराये जाने के लिए एसपी अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में अपराधियों पर ताबड़तोड़ कार्यवाही की जा रही है और शराब कारोबारियों पर भी शिकंजा कसा जा रहा है। इसी के तहत भास्कर मिश्र प्रभारी निरीक्षक थाना कुलपहाड़ द्वारा गठित की गई टीम के एसआई शेरे आलम खां, एसआई दिनेश तिवारी ने टीम के साथ अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए वतिया कबूतरा पत्नी जड्डा निवासिनी कबूतरा डेरा चुरारी को कबूतरा डेरा से पकड़ा। महिला के कब्जे से एक प्लास्टिक के ड्रम में करीब आधा ड्रम लगभग 50 लीटर कच्ची देशी शराब, एक बोरी में शराब बनाने के उपकरण बरामद किए गए। बरामदगी के आधार पर आरोपी महिला के विरुद्ध धारा 60(2) आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी । पुलिस के अभियान से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है। इसी तरह अन्य अपराधियों पर कार्यवाही की जा रही है।

प्राथमिक शिक्षक संघ ने ऑनलाइन हाजिरी का किया विरोध

हमीरपुर। समृद्धि न्यूज

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ पंजीकरण 1160 के प्रदेश अध्यक्ष राम प्रकाश साहू एवं प्रदेश महामंत्री योगेंद्र कुमार निगम के संयुक्त हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ एवं महानिदेशक स्कूल शिक्षा उत्तर प्रदेश लखनऊ को भेजकर ऑनलाइन हाजिरी का विरोध जताया गया है। शिक्षकों ने बताया कि परिषदीय विद्यालयों में 15 फरवरी से मध्यान भोजन छात्र हाजिरी रजिस्टरों का डिजिटलीकरण करने के संसाधन विहीन अव्यावहारिक आदेश पारित किए गए हैं। शिक्षकों को बिना सिम एवं आईडी का टैबलेट उपलब्ध कराया गया है और इस संबंध में कोई प्रशिक्षण भी नहीं दिया गया है। जिससे टैबलेट का संचालन संभव नहीं है अभी तक संपूर्ण विद्यालयों में टेबलेट वितरित नहीं किए गए हैं, आधी अधूरी व्यवस्था के तहत कार्य करने के आदेश न्यायोचित नहीं है। ज्ञापन में बताया गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क की समस्या है जब तक विद्यालय में इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध नहीं कराई जाती है, ऑनलाइन कार्य करना मुश्किल है। अध्यापकों के 1 मिनट विलंब से पहुंचने पर उनके पूरे दिन के वेतन काटने का अव्यवहारिक आदेश पारित किया गया है।

विभिन्न दैवी आपदाओं भारी बरसात एवं ओलावृष्टि, ग्रामीण क्षेत्रों में जल भराव, भयंकर कोहरा एवं शीतलहर, रास्ते में दुर्घटना इत्यादि कारणों से विलंब होने की दशा में हाफ डे अवकाश एवं 1 वर्ष में 30 उपार्जित अवकाश प्रदान किए जाएं। उपरोक्त संसाधनों के बिना ऑनलाइन हाजिरी से उत्पन्न हो रही समस्याओं के कारण शासन जब तक संसाधन उपलब्ध नहीं कर देते हैं, तब तक ऑनलाइन हाजिरी का विरोध शिक्षक जताते रहेंगे।

वैन पलटने से नौ घायल, अस्पताल में भर्ती

कुरारा(हमीरपुर)। थाना क्षेत्र के डामर गांव में कुरारा से कदौरा तरफ जा रही वैन का टायर फट जाने से अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे ईट के ढेर से टकरा गई जिसमे सवार नौ लोग घायल हो गए। पुलिस ने सभी को इलाज के लिए सी एस सी में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद पांच लोगो को जिला अस्पताल भेज दिया गया है।कस्बा कुरारा निवासी रामजीवन अपने रिश्तेदारी में परिवार सहित किराए की गाड़ी लेकर करके कदौरा क्षेत्र में जा रहा था। तभी डामर गांव में ईको वैन का अगला टायर फटने से गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे ईट के ढेर से टकरा गई।जिससे उसमे सवार नौ लोग घायल हो गए। थाना पुलिस को घटना की जानकारी होने पर मौके पर जाकर घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद माया, सोनी, ब्रजेश ,मंजू ,योगेंद्र को जिला अस्पताल रिफर किया गया है। घायलों की स्थित सामान्य है।

दंपति को ट्रक ने रौंदा, पत्नी की मौत, पति घायल

राठ,हमीरपुर। समृद्धि न्यूज

भतीजे की शादी का कार्ड बांट कर लौट रहे बाइक सवार दंपति की सोमवार देर रात बाइक में ट्रक ने टक्कर मार दी। ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को मेडिकल कालेज उरई ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया। जबकि पति का इलाज चल रहा है। महिला की मौत से शादी वाले घर में मातम छा गया। चिकासी थाने के विरहट गांव निवासी निर्दोष कुमार यादव ने बताया कि वह आगरा की एक कंपनी में काम करता है। उसकी 25 अप्रैल को शादी होनी है। घर में शादी की तैयारी चल रही हैं। चाचा संतोष कुमार यादव और चाची सुषमा देवी(42) शादी के कार्ड बांटने के लिए रिश्तेदारी में इछौरा गांव गए थे। सोमवार को देर रात कार्ड बांटकर घर लौट रहे थे। तभी बेंदा गांव के बाहर तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

जिससे चाचा चाची बुरी तरह घायल हो गए। आनन-फानन में उरई मेडिकल कालेज ले गए। जहां पर चिकित्सक ने चाची को मृत घोषित कर दिया। चाचा का इलाज चल रहा है। मृतका अपने पीछे पुत्र शिवम, पुत्री अनुष्का, लव्या और राधा छोड़ गई है। घटना के बाद शादी वाले घर में कोहराम मच गया है। निर्दोष यादव की तहरीर पर पुलिस ने चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

दो नमूने फेल होने के बाद तीसरे विद्यालय का भी नमूना हुआ फेल

कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में बालिका को परोसा जा रहा है मिलावटी भोजन

हमीरपुर। समृद्धि न्यूज

कस्तूरबा गांधी वालिका आवासीय विद्यालयों में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा खाद्य सामग्री के लिये गये नमूनों में दो विद्यालयों के कुरारा व कुछेछा के सैम्पल पहले फेल पाये गये थे हाल ही में मौदहा कस्तूरवा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय (केजीवीबी) का दाल व सरसों के तेल का नमूना फेल पाया गया है। लिहाजा खाद्य आपूर्ति करने वाली एजेंसी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी जायेगी।

खाद्य सुरक्षा विभाग के सहायक आयुक्त रामऔतार यादव ने मंगलवार को बताया कि शासन के निर्देशानुसार बेसिक शिक्षा के अधीन संचालित हो रहे कस्तूरवा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों के सात में छह में खाद्य पदार्थों का नमूना भरा गया था जिसमे दो विद्यालयों का नमूने पहले ही फेल पाये गये थे।

हाल ही में मौदहा कस्तूरवा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में सरसो के तेल व मूंग की दाल में जांच में मिलावट पायी गयी है। बराबर नमूने फेल होने से सावित हो गया है कि आवासीय वालिका विद्यालयो में खाद्य आपूर्ति करने वाली समीर एजेंसी मिलावट सामग्री आपूर्ति कर रही है।

सहायक आयुक्त ने बताया कि शासन से आदेश लेकर विद्यालय के वार्डेन व एजेंसी के मालिक के खिलाफ कोर्ट में रिपोर्ट दर्ज करायी जायेगी। आवासीय विद्यालयों में खाद्य पदार्थों की जांच पहली मर्तवा की गयी है जिसके परिणाण बहुत ही भयानक आ रहे है।

जब कि शासन के सख्त आदेश है कि खाद्य पदार्थों की आपूर्ति में कोई मिलावट नही की जायेगी। मगर जांच में चौकाने वाले तथ्य सामने आये है।

वाहन चेकिंग के दौरान 2.50 लाख रुपए पकड़े

वाहन चेकिंग में वेतवा पुल बैरियर के पास संदिग्ध वाहन से हुई बरामदगी

राठ,हमीरपुर। समृद्धि न्यूज

वाहन चेकिंग के दौरान रुपए जब्त करते चिकासी थानाध्यक्ष भरत कुमार

लोकसभा चुनाव को लेकर की जा रही कार्रवाई में चिकासी पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान चार पहिया वाहन से 2.50 लाख रुपए जब्त कर लिया है।

चिकासी थानाध्यक्ष भरत कुमार ने मंगलवार को बताया कि लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर प्रशासन द्वारा निगरानी कराई जा रही है। वाहन चेकिंग के दौरान वेतवा पुल बैरियर के पास संदिग्ध वाहन सफेद बोलेरो दिखाई दी। चेकिंग के दौरान आयुष सिंह पुत्र शिवस्वरूप सिंह निवासी खौजा रामपुर थाना राजपुर जिला कानपुर देहात, मोहित पुत्र हरगोविंद निवासी भरौशा थाना मौठ जिला झांसी, दीपक सिंह पुत्र सूरज भान सिंह निवासी खरक कला थाना भिवानी जिला भिवानी हरियाणा के कब्जे से 2 लाख 50 हजार रुपयें बरामद हुए। उक्त व्यक्तियों से बरामद धनराशि के सम्बन्ध में जानकारी की गई तो उत्तर नहीं दे सके।चिकासी पुलिस द्वारा जब्तीकरण की कार्रवाई की गई।

महिलाओं के मारपीट से आहत युवक ने लगायी फांसी

राठ, हमीरपुर समृद्धि न्यूज।

चिकासी थाने के बिलगांव डांडा गांव में घर से बारात जाने के बाद गांव में घूम रही परंपरा के अनुसार नाटक कर रही दलित महिलाओं ने युवक के साथ मारपीट कर दी। मारपीट से आहत युवक ने घर पहुंचकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बिलगांव डांडा गांव निवासी प्रशांत राजपूत ने बताया कि सोमवार को देर रात गांव के हरनारायण पासवान के पुत्र पान सिंह की शादी थी। घर से बारात जाने के बाद बाबा बनी महिलाएं गांव में घूम रही थी। तभी उसका बड़ा भाई प्रिंस राजपूत(22) डीजल लेने के बाद पैदल घर आ रहा था। तभी रास्ते में नाटक कर रही महिलाओं ने रोक लिया और किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर महिलाओं ने उसके भाई के साथ गाली गलौज कर मारपीट कर दी। बताया कि प्रिंस घर आया और स्वजनों को घटना की जानकारी दी। जब स्वजन उलहाना देने शादी वाले घर पहुंचे और इधर घर पर प्रिंस गले में फंदा डालकर झूल गया। कुछ देर बाद प्रिंस का शव घर के बाहर कूड़े के ढेर में मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक के भाई ने बताया की प्रिंस गुड़गांव की एक कंपनी में काम करता था। चिकासी थानाध्यक्ष भरत कुमार ने बताया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।पुलिस ने राम निवासी बढहर जिला जालौन व आकाश निवासी बैरागढ़ थाना एटा जिला जालौन के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

वोट की ताकत दुनिया की सबसे बड़ी शक्तिः सीडीओ

इटावा। समृद्धि न्यूज

मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित संगोष्ठी में सीडीओ अजय कुमार गौतम ने कहा कि वोट की ताकत दुनिया में सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने कहा कि जिन मतदान केंद्रों पर पचास प्रतिशत से कम मतदान होता है वहां और अधिक मेहनत की आवश्यकता है। गौतम ने उर्दू मोहल्ला,नोरंगाबाद तथा अड़ार के मतदाताओं से अधिकतम मतदान की अपील की।

एसडीएम सदर राघव विक्रम सिंह ने कहा कि हम बीएलओ की मदद से हर मतदाता तक जाकर उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करते रहेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से भी टोली में जागरूकता अभियान को संचालित करने को कहा। जिला पंचायत राज अधिकारी बनवारी सिंह ने कहा कि हर मतदाता को वोट का महत्व समझना ही चाहिए। कालेज के प्रबंधक मुहम्मद अल्ताफ एडवोकेट ने आश्वस्त किया कि कालेज परिवार इस अभियान में पूरा सहयोग करेगा। इस्लामिया कालेज के प्रधानाचार्य गुफरान अहमद ने कहा कि हमारे बच्चे मतदाता जागरूकता अभियान में सदैव अपना योगदान देते रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन जनपद के स्वीप आइकॉन डॉ. कुश चतुर्वेदी ने किया। उन्होंने लोगों से अपील की कि वह मतदान का दिन छुट्टी का दिन न समझें और वोट डालने अवश्य जाएं। स्वागत उप प्रधानाचार्य साकिब अली खां, परीक्षा प्रभारी मुहम्मद जावेद, चीफ प्राक्टर मुहम्मद अतीक, उमैर आदिल, नाजिश इकबाल आदि ने किया। उप जिला विद्यालय निरीक्षक मुकेश यादव भी उपस्थित रहे।

सोशल मीडिया पर तमंचे संग फोटो वायरल करना पड़ा महंगा

इटावा। समृद्धि न्यूज

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के पर्यवेक्षण में सोशल मीडिया सेल इटावा एवं थाना वैदपुरा पुलिस ने सोशल मीडिया पर तमंचे के साथ फोटो वायरल करने पर आरोपी को गिरफ्तार कर कब्जे से अवैध तमंचा व 2 जिंदा कारतूस बरामद किये। आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 के दृष्टिगत सोशल मीडिया सैल इटावा द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर सतर्क निगरानी रखी जा रही थी, इसी दौरान युवक का अवैध तमंचे के साथ वायरल फोटो प्राप्त हुआ जिसके संबंध में थाना वैदपुरा को अवगत कराया गया। थाना वैदपुरा पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील थी इसी दौरान प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर आरोपी देवकान्त उर्फ दीपक पुत्र अमर सिंह निवासी गांव अधियापुर थाना वैदपुरा को अधियापुर रेलवे अण्डर पास से अवैध तमंचे व कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया। इस सफलता में यशोदा रानी प्रभारी मीडिया सेल इटावा, का. अभय शुक्ला, का. राहुल प्रजापति, का. अमन चौधरी, का. शैलेन्द्र यादव, का. जगवीर का सराहनीय योगदान रहा।

पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार कर अवैध शस्त्र फैक्ट्री पकड़ी

इटावा। समृद्धि न्यूज

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी सैफई के नेतृत्व में थाना सैफई एवं थाना चौबिया पुलिस ने अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ कर हिस्ट्रीशीटर आरोपी को गिरफ्तार किया। थाना सैफई एवं थाना चौबिया की संयुक्त पुलिस टीमों द्वारा थाना सैफई क्षेत्रान्तर्गत हैवरा चौकी पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि 2 व्यक्ति चौधरी चरण सिंह डिग्री कालेज हैवरा के पास अर्धनिर्मित दीवार के पीछे अवैध तमंचे बना रहे है एवं पुराने तमंचों की मरम्मत कर रहे हैं। पुलिस टीमों द्वारा सूचना पर तत्काल कार्यावाही करते हुये 2 आरोपियों मनोज कुमार पुत्र जितेन्द्र बाबू उर्फ पप्पू निवासी ग्राम हैवरा थाना सैफई, जितेश पुत्र रामस्वरूप निवासी ग्राम नगला अनिया थाना जसवंतनगर को चौधरी चरण सिंह डिग्री कालेज के पास से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार आरोपी अभ्यस्त किस्म के अंतर्जनपदीय अपराधी/हिस्ट्रीशीटर है जिनके विरुद्ध पूर्व में भी लूट, हत्या का प्रयास, अपहरण जैसे आपराधिक कृत्य के संबंध में कई अभियोग पंजीकृत है। अवैध शस्त्र फैक्ट्री की बरामदगी से जनपद में अवैध असलहे के प्रयोग में प्रभावी नियंत्रण संभव हो सकेगा। पुलिस ने कब्जे से 15 अवैध तमंचा 315 बोर, 2 अवैध तमन्चा 12 बोर, 3 अवैध अर्ध निर्मित तमंचे (2 अवैध तमंचे 315 बोर व 1 अवैध तमंचा 12 बोर), 2 जिन्दा कारतूस 315 बोर, एक जिन्दा कारतूस 12 बोर, 3 खोखा कारतूस 315 बोर बरामद किए।इस सफलता में बलराम मिश्रा प्रभारी थाना सैफई, उ.नि. तेज सिंह, उ.नि. संजय सिंह, का. योगेश्वर सिंह, का. अनुराग, का. देवेन्द्र बाबू, का. सुधीर कुमार, का. सुमित कुमार, का. अनिकेत विश्वकर्मा तथा मंसूर अहमद प्रभारी थाना चौबिया, का. मनोज कुमार, का. धर्मेन्द्र कुमार का सराहनीय योगदान रहा।

जीआईसी के पूर्व छात्र ने प्रधानाचार्य को दो लाख की चेक भेंट की

इटावा। समृद्धि न्यूज

राजकीय इंटर कॉलेज इटावा के पूर्व छात्र एवम प्राचार्य ठेठडोमल इंजीनियरिंग कॉलेज मुंबई के श्री क्रांति कुमार के नेतृत्व में उन्ही के समय के राजकीय इण्टर कॉलेज इटावा से पढ़े पूर्व छात्र रहे सहपाठियों का पुनर्मिलन समारोह का आयोजन होटल ग्रांट सिविल लाइंस में किया गया। क्रांति कुमार के निवेदन पर तत्कालीन सहपाठी 1966 से 1969 तक के कुछ साथियों से संपर्क कर आमंत्रित किया गया जिनमें प्रमुख रूप से नागेंद्र रायजादा, श्री राधेश दिवाकर भाजपा नेता, भगवान दास रामचंद्र वस्त्र भंडार, पीआर श्रीवास्तव, अवधेश गुप्ता रिटायर्ड प्रोफेसर आईआईटी दिल्ली, विपिन अग्रवाल स्कूल ड्रेस शोरूम इटावा, अरविंद धनगर लेखाकार कोषागार तथा वर्तमान प्रधानाचार्य डॉ दीपक कुमार सक्सेना सहित विद्यालय परिवार के स्टाफ मौजूद रहे।

इस अवसर पर पूर्व छात्र रहे क्रांति कुमार ने विद्यालय प्रधानाचार्य दीपक कुमार सक्सेना को दो लाख की चेक भेंट की जिससे अर्जित ब्याज से प्रतिवर्ष विद्यालय से हाई स्कूल में गणित विषय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले को प्रदान की जाती रहे उल्लेखनीय है कि श्री क्रांति कुमार जी ने 1966 में राजकीय इंटर कॉलेज इटावा से हाई स्कूल पास किया था।

सब रजिस्ट्रार कार्यालय बना जंग का अखाड़ा, वीडियो हुआ वायरल

- कार्यालय में आपस में भिड़े क्रेता और अधिवक्ता में हुई मारपीट
- बैनामा की फाइल पास कराने को लेकर हुई आपसी भिड़ंत
- कार्यालय के अंदर ही जमकर चले लात, घूंसे, फटे कपड़े
- मौके पर पहुंची सदर कोतवाली पुलिस ने मामला कराया शांत

उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज

सब रजिस्ट्रार कार्यालय में हुई मारपीट में फटे कपड़े दिखाता पीड़ित समृद्धि न्यूज

मंगलवार को जिला मुख्यालय के सब रजिस्टार कार्यालय के अंदर ही दो पक्षों में कहासुनी के बाद गाली गलौज और मारपीट होनी शुरू हो गयी। इस दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिये। मामले की जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचे तब कहीं जाकर मामला शांत हुआ। हालांकि समाचार लिखे जाने तक किसी भी पक्ष में कोतवाली में लिखित तहरीर नहीं दी थी।

मिली जानकारी के अनुसार हर रोज की तरह सब रजिस्टार कार्यालय में कामकाज शुरू हुआ तभी दोपहर में एक मामले में क्रेता और अधिवक्ता के बीच बैनामा की फाइल पास कराने को लेकर कहासुनी का दौर शुरू हुआ और जब तक कार्यालय के कर्मी या फिर मौके पर मौजूद लोग कुछ समय पाते दोनों ओर से गाली गलौज का दौर शुरू हो गया और फिर मारपीट की नौबत आ गयी और फिर क्या था जमकर लात, घूसों की बरसात शुरू हो गयी। यह नजारा देखकर कार्यालय के कर्मचारी हक्का बक्का रह गये तो वहीं मौके पर मौजूद अनेकों लोगों ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो अपने मोबाइलों से बनाकर उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जैसे ही सब रजिस्टार कार्यालय के अंदर मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वैसे ही मीडिया कर्मियों का जमावड़ा कार्यालय में लगना शुरू हो गया। बाद में मामले की जानकारी सदर कोतवाली पुलिस को मिली तो वह मौके पर पहुंची और पूरे घटनाक्रम की जानकारी करने के बाद मामले का पटाक्षेप मौके पर ही कराने की बात सामने आयी। हालांकि जब इस संबंध में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक से जानकारी चाही तो उनका कहना था कि अभी तक उनके पास किसी भी पक्ष के द्वारा लिखित तहरीर नहीं थी यदि कोई पक्ष लिखित तहरीर देता है तो उसकी जांच कराकर अग्रिम कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। तो वहीं सब रजिस्टार कार्यालय के अंदर जिस तरह से दो पक्षों में मारपीट का वीडियो वायरल हुआ उसको लेकर एक बार फिर से सब रजिस्टार कार्यालय चर्चा का केंद्र बिंदु बन गया। वायरल वीडियो में साफ तौर पर देखा जा रहा है कि मारपीट की घटना के दौरान सब रजिस्टार सहित अन्य कर्मी भी मौजूद थे।

दुद्धी विधान सभा क्षेत्र से ताल ठोकेंगे श्रवण सिंह गौड़

- दुद्धी विधानसभा से श्रवण सिंह गौड को प्रत्याशी घोषित किए जाने पर पूरे क्षेत्र मे जश्न का माहौल

सोनभद्र। समृद्धि न्यूज

भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश की चार रिक्त विधान सभा सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा का ऐलान कर दिया है।वही भाजपा जिलाध्यक्ष नंदनलाल ने बताया कि सोनभद्र जिले के दुद्धी विधान सभा सीट पर श्रवण गौड को भाजपा ने अपना उम्मीदवार बनाया है। बताते चले कि उत्तर प्रदेश की आखिरी विधानसभा दुद्धी मे भाजपा के विधायक राम दुलार के जेल जाने के बाद यह सीट खाली हुई थी,इस सीट पर उप चुनाव होने जा रहा है।श्रवण सिंह गौड राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कई महत्वपूर्ण पदो के साथ भाजपा मे प्रदेश स्तर तक के पदो पर कार्य कर चुके है।राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के नगर कार्यवाह से सेवा सुरु करने के बाद जिला प्रचारक सोनभद्र ,विभाग संगठन मंत्री,सेवा समर्पण संस्थान वनवासी कल्याण आश्रम, सह प्रशिक्षण प्रमुख काशी क्षेत्र के साथ उत्तर प्रदेश सरकार के अनुसूचित जनजाति बोर्ड के सदस्य ,राज्य वन्य जीव बोर्ड के सदस्य भी रह चुके है। वर्तमान मे श्री गौड जी भजपा अनुसूचित जन जाति मोर्चा उत्तर प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर कार्यरत है। साथ ही कोन मंडल का प्रभार भी भाजपा द्वारा दिया गया है।श्रवण सिंह गौड स्वच्छ छवि एवं अच्छे समाज सेवी के रूप मे जाने जाते है। गौड विरारदरी मे इनकी काफी अच्छी पकड़ मानी जाती है। साथ ही अन्य वर्ग मे इनकी अच्छी खाशी छवि बताई जाती है।इन्होने अपना सर्वाधिक समय समाज सेवा और राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित कर राष्ट्रीय स्वयं सेवक के रूप मे बहुत दिनों जंगल,पहाड़,दूर दराज के क्षेत्रो,आदिवासी समाज मे अपनी सेवा देते रहे है।श्रवण सिंह मूल रूप से दुद्धी तहसील के घुमा गांव के रहने वाले है। इनके पिता जी का नाम होती लाल गौड है।समाज सेवा के दृष्टगत श्रवण जी ने लगभग 38 वर्ष की उम्र मे भी शादी नही किया है।भाजपा नेतृत्व द्वारा श्रवण को प्रत्याशी घोषित किये जाने की खबर जैसे ही जनपद के लोगो को लगी चारो तरफ जश्न का माहौल देखा गया।सूत्रों की माने तो अब दुद्धी विधान सभा सीट पर रोचक मुकाबला देखने को मिलेगा।वही सपा ने अपने पूर्व विधायक/मंत्री विजय सिंह गौड को अपना प्रत्याशी घोषित किया है।दुद्धी क्षेत्र मे इसके पूर्व अपना दल के प्रत्यासी हरि राम चेरो ने चुनाव जिता था,उसके बाद इस सीट पर भाजपा के राम दुलार गौड ने जीत हासिल किया था।

चार जून चार सौ पार का नारा अब जनता स्वयं लगा रही है: सांसद

- प्रधान संघ जिला महासचिव सहित कई प्रधानों को सांसद लल्लू सिंह ने दिलाई भाजपा की सदस्यता

अयोध्या। समृद्धि न्यूज

प्रधान संघ के जिला महासचिव तथा कई ग्राम प्रधानों व पूर्व प्रधानों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।लोकसभा कैम्प कार्यालय सहादतगंज में सांसद लल्लू सिंह ने पार्टी का ध्वज देकर व माल्यार्पण कर सभी को पार्टी में शामिल कराया।

इस दौरान सांसद श्री सिंह ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा चलाई गई जनकल्याणकारी योजनाओं तथा उनके सफल क्रियान्वयन से जनता के मन में उत्साह का माहौल है।चार जून चार सौ पार पार का नारा अब जनता स्वंय लगा रही है।विगत दो कार्यकाल में सरकार की योजनाओं तथा विकास को भारत के हर नागरिक ने महसूस किया है।भ्रष्ट्राचार पर कड़े प्रहार से विपक्षी दलों में बौखलाहट का माहौल है जिससे वे जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे है।पार्टी में शामिल जिला महासचिव प्रधान संघ अनूप वर्मा ने कि मोदी व योगी सरकार की योजनाओं व विकास से प्रभावित होकर हम सभी ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है।पार्टी के निर्देशानुसार पार्टी को मजबूत करने का कार्य करेंगे। इस दौरान प्रधान अजीत वर्मा, पूर्व प्रधानगण संग्राम पटेल, अजीत वर्मा, वीरेंद्र वर्मा, संचालक सहकारी समिति सुजीत वर्मा, बीडीसीगण राजमणि कनौजिया, राम नरेश कोरी, ठाकुर प्रसाद वर्मा व बलराम वर्मा, चौधरी गौड़ समाज राम तिलक गौड़, अरूण कुमार वर्मा, पंकज वर्मा, राम जनम वर्मा, विश्वनाथ वर्मा, राम अचल वर्मा, रामदरश वर्मा, राजेंदर वर्मा,अवधेश वर्मा, राजकुमार वर्मा,आलोक पटेल, शिवकुमार रंजन, श्रवण कुमार गौड़, अवनीश गौड़, विशाल रावत व सुखराज सिंह ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

जल जीवन मिशन समीक्षा के दौरान डीएम ने शिथिलता पर फिर लगायी फटकार

उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज

जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जल जीवन मिशन हर घर जल परियोजना अंतर्गत निर्माणाधीन कार्यो की अद्यतन प्रगति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने समीक्षा के दौरान निर्धारित कार्य योजना के अनुरूप कार्य स्थल पर पर्याप्त संख्या में मैन पॉवर व मशीनरी के साथ निर्धारित अवधि में लक्ष्य से शत प्रतिशत हर घर जल कार्य को अवश्य पूर्ण करें। ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत उन्होंने कहा कि पेयजल योजना के तहत पाइप बिछाने व सड़क रैस्टोरेशन के समय उच्च गुणवत्ता एवं मानक के अनुसार ही सामग्री का प्रयोग किया जाए। उन्होंने जल निगम एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निरंतर भ्रमणशील रहकर कार्यो की गुणवत्ता व कार्य की निगरानी कर शत प्रतिशत प्रगति में सुधार लाया जाए। मतदान केंद्रों को जोड़ने वाली सड़क की शत प्रतिशत मरम्मत समयांतर्गत कर ली जाये। उन्होंने सला परियोजना, जल योजना की समीक्षा के दौरान कहा कि ग्रीष्म ऋतु में सभी ग्रामों में शुद्ध पेयजल नियमित रूप से उपलब्ध कराये जाने में समयबद्ध कार्यवाही की जाये पेयजल योजना से जुड़े अधिकारियों को रायपुरा, मढ़ेपुरा एवं कोटा मुस्तकिल आदि में जलाधारित परियोजना की धीमी प्रगति पर सख्त निर्देश दिए कि निर्धारित समयावधि में तीव्र गति से कार्यो को पूर्ण कर लिया जाये।

खबरें एक नजर में

तालग्राम पुलिस ने अपराधियों की सूची बनाकर खोली हिस्ट्री

छिबरामऊ कन्नौज। लोकसभा चुनाव को संपूर्ण संपन्न करने के लिए तालग्राम थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के अपराधियों के खिलाफ सूचीबद्ध कर हिस्ट्री खोली। राहुल उर्फ करिया पुत्र बृजेंद्र सिंह उर्फ पप्पू उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम नरूइया थाना तालग्राम जनपद कन्नौज (एच0एस0 नं0 58ए)*जो शातिर किस्म का अपराधी है, यह बडे पैमाने पर अपराध कारित कर धन अर्जित करता है। इसके द्वारा किये गये अपराधों से आम जनमानस में भय व्याप्त है। इसके अपराधों को दृष्टिगत रखते हुए प्रभावी नियंत्रण/निगरानी हेतु पुलिस अधीक्षक कन्नौज के अनुमोदनोपरांत हिस्ट्रीशीटर के रूप में सूचीबद्ध किया जाता है। करण यादव उर्फ सोंटी उम्र करीब 24 वर्ष पुत्र नरेंद्र सिंह निवासी ग्राम नरूइया थाना तालग्राम जनपद कन्नौज (एच0एस0 नं0 57ए) जो शातिर किस्म का अपराधी है, यह बडे पैमाने पर अपराध कारित कर धन अर्जित करता है। इसके द्वारा किये गये अपराधों से आम जनमानस में भय व्याप्त है। इसके अपराधों को दृष्टिगत रखते हुए प्रभावी नियंत्रण/निगरानी हेतु पुलिस अधीक्षक कन्नौज के अनुमोदनोपरांत हिस्ट्रीशीटर के रूप में सूचीबद्ध किया जाता है। अजय प्रताप पुत्र विजय बहादुर ग्राम नरूइया थाना तालग्राम जनपद कन्नौज (एच0एस0 नं0 60ए)*जो शातिर किस्म का अपराधी है, यह बडे पैमाने पर अपराध कारित कर धन अर्जित करता है। इसके द्वारा किये गये अपराधों से आम जनमानस में भय व्याप्त है। इसके अपराधों को दृष्टिगत रखते हुए प्रभावी नियंत्रण/निगरानी हेतु पुलिस अधीक्षक कन्नौज के अनुमोदनोपरांत हिस्ट्रीशीटर के रूप में सूचीबद्ध किया जाता है।

मच्छरों के आतंक से लोगों के दिन का चैन व रात की नींद हराम

उतरौला(बलरामपुर)। नगर के गलियों मोहल्लों मे मच्छरों की भरमार हो ग?ई है,मच्छरों के बढ़ते प्रकोप ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी है।मच्छरों के आतंक से लोगों का दिन का चैन व रात की नींद हराम कर दी है।अगर इसे समय रहते नही रोका गया तो लोगों को संक्रमण बीमारी से जूझना पड़ सकता है। बतादें कि मच्छरों के बढ़ते प्रकोप से लोगों की मुश्किलें बढ़ ग?ई है हालात यह है कि रात्रि तो दूर दिन में भी मच्छरों के आतंक ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा है।ऐसे में मच्छरों का बढ़ता प्रकोप संक्रमण बीमारियों की तरफ सोचने पर लोगों को मजबूर कर दिया है।मोहल्ले वासी मोहम्मद शमीम ,पाटन दीन,रामेश्वर,झिनकन,अशोक कुमार आदि का कहना है कि बजबजाती नालियां,गंदगी तथा कूड़े के ढेर को उठान में देरी मच्छरों की संख्या में दिनों दिन इजाफा हो रहा है।हालात को देखते हुए नपा प्रशासन को साफ सफाई के साथ साथ नगर के सभी वार्डों में फागिंग कराना अत्यंत जरूरी हो गया है।

चाइनीज मांझे से युवती की गर्दन कटी, एक दर्जन से अधिक आये टांके

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। फिर चाइनीज मांझे से एक युवती की गर्दन कट गयी। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गयी। जिसे उपचार के लिए डा0 राममनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां एक दर्जन से अधिक टांके लगाये गये है। बताते चले कि इस मांझे की बिक्री पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा है। उसके बावजूद भी इसे जिला प्रशासन की लापरवाही कहे या स्थानीय पुलिस की अनदेखी। जिसके चलते खुलेआम जान लेने वाला चाइनीज मांझा बिक रहा है। यह पहला मामला नहीं है इससे पहले भी कई लोग इसका शिकार होकर घायल हो चुके है। जानकारी के अनुसार थाना कादरी गेट के राम लीला गड्ढा निवासी प्रियंका सिंह पुत्री स्वर्गीय फूल सिंह बाइक से जा रही थी। बढ़पुर स्थित एक गेस्ट हाउस के पास उसकी गर्दन में चाइनीज मांझा फंस गया। जिससे उसकी गर्दन कट गयी। चाइनीज मांझा गर्दन के अंदर तक फंस गया। जिससे वह लहुलूहान हो गयी। घायलावस्था में उसे डा0 राममनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसके एक दर्जन से अधिक टांके आये है। उसका उपचार चल रहा है।

मुफ्त में शराब न देने पर लुटेरों ने गालीगलौज कर 50 हजार रुपए छीने

सौरिख, कन्नौज,समृद्धि न्यूज। शराब ठेके पर मुफ्त में शराब न देने पर बाइक सवार लुटेरों ने गाली गलौज कर 50 हजार रुपए छीन लिये और फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दो लुटेरों को बाइक समेत दबोच लिया और उनके साथियों की तलाश शुरू कर दी। थाना क्षेत्र के बहादुरपुर मझगवां तथा हाल पता नादेमऊ निवासी धर्मेंद्र पाल सिंह पुत्र देवपाल सिंह का नादेमऊ में देशी शराब का ठेका है। सोमवार की शाम करीब 8 बजे धर्मेंद्र पाल सिंह शराब बिक्री का हिसाब लेने गए थे और एक लाख अठहत्तर हजार रुपए लेकर निकलने वाले थे। उसी दौरान दो बाइकों पर सवार 5 लोग वहां पहुंचे और सेल्समैन से शराब ली। पैसे मांगने पर गालीगलौज शुरू कर दी। जब धर्मेंद्र ने विरोध किया तो उनके साथ भी गालीगलौज और मारपीट की। इस दौरान 500 रूपए के नोटों की एक गड्डी लुटेरों ने छीन ली और वहां से फरार हो गये। घटना की सूचना धर्मेंद्र पाल सिंह ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गयी। पुलिस ने दो लुटेरों को बाइक समेत दबोच लिया, जबकि उनके तीन साथी मौके से रकम लेकर फरार हो गए। पकड़े गए लुटेरों ने अपना नाम श्याम सिंह पुत्र दीवानी लाल, अजय सिंह पुत्र मिश्रीलाल निवासी निसाई मोहम्मदाबाद फर्रुखाबाद बताया। जबकि फरार साथियों के नाम नीरज पुत्र सर्वेश पाल, रिषभ सिंह पुत्र अतर सिंह पाल, विजय सिंह पुत्र मिश्रीलाल निवासी निसाई मोहम्मदाबाद फर्रुखाबाद बताया। पुलिस फरार साथियों की तलाश में जुट गई है।

महाअष्टमी पर मां महागौरी की पूजा अर्चना करने मंदिरों पर श्रद्धालुओं जुटी भारी भीड़

उतरौला (बलरामपुर)। नवरात्रि के महाअष्टमी पर मां महागौरी की पूजा अर्चना अनुष्ठान करने के लिए नगर सभी मंदिरों पर भोर से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ ने दर्शन किया। भक्तों ने जय माता दी जय शेरावाली माता के जयकारों से भक्ति में सराबोर रहे।नगर के मां ज्वाला महारानी मन्दिर,श्री दुखहरण नाथ मंदिर,फक्कड़ दास मंदिर,खाकीदास बाबा मंदिर समेत सभी मन्दिरों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई।

आज भगवान श्री राम का मनाया जायेगा जन्मोत्सव

उतरौला(बलरामपुर)। नगर के श्री ज्ञानेश्वर वीर हनुमानगढ़ी मंदिर पर आज चैत रामनवमी के उपलक्ष्य में भगवान श्री राम का जन्मोत्सव कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जायेगा। श्री राम जन्मोत्सव की सभी तैयारियां मंदिर प्रशासन के द्वारा पूरी कर ली गई है।

शांति भंग में एक गिरफ्तार

उतरौला (बलरामपुर)। बीते मंगलवार को थाना कोतवाली उतरौला बलरामपुर में शांति भंग के मामले में एक व्यक्ति जुनेद पुत्र स्वर्गीय वसीर अहमद उम्र 46 वर्ष निवासी ग्राम माधव महुआ थाना कोतवाली उतरौला जनपद बलरामपुर को गिरफ्तार किया गया ।

बढ़ते गर्मी के कारण डिहाइड्रेशन, पेट का खराब होना, उल्टी, दस्त और टाइफाइड की शिकायतें बढ़ी

उतरौला (बलरामपुर)। मौसम में आए एकाएक परिवर्तन और बढ़ रहे तापमान के कारण न केवल फसलों को नुकसान हो रहा है, बल्कि आम जनमानस पर इसका काफी असर पड़ रहा है गर्मी व धूप के चलते बुखार, जी मिचलाना, उल्टी दस्त, सर्दी खांसी, जुकाम की शिकायत व डीहाइड्रेशन के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। खासकर गांव के लोगों में इसकी शिकायतें अधिक देखने को मिल रही हैं। गांव के लोगों का कहना है कि गर्मी यकायक तेजी से बढ़ रही है और तेज धूप के कारण ऐसा हो रहा है। अभी तो फिलहाल अस्पताल व डॉक्टर के पास बुखार ,सर्दी, खांसी, जुकाम के मरीज अधिक पहुंच रहे हैं। ऐसा बदलते मौसम के कारण ही हो रहा है। इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला के अधीक्षक डॉक्टर सीपी सिंह का कहना है कि अभी तो यहां हीट स्ट्रोक की शिकायत नहीं आ रही है लेकिन यदि ऐसे ही तापमान बढ़ता रहा तो लोग इसके शिकार हो सकते हैं। खासकर मजदूर जो धूप में काम करते हैं। उनको ज्यादा परेशानी होती है। उनका यह भी कहना है कि पश्चिमी जिलों की अपेक्षा तराई का तापमान नम है। बढ़ते गर्मी के कारण डिहाइड्रेशन, पेट का खराब होना, उल्टी दस्त और टाइफाइड की शिकायतें बढ़ जाती हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को सिर पर टोपी या गमछा बांधकर चलना चाहिए, खासकर मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट का प्रयोग काफी लाभदायक माना गया है। डॉ सीपी सिंह ने बताया कि लोगों को घरों से निकलते समय पानी अवश्य पीना चाहिए अथवा शरीर में पानी की कमी न होने पाए इसका ध्यान जरूर देना चाहिए इस समय तमाम ऐसे हाल जैसे खीरा, ककड़ी, तरबूज, खरबूजा, नींबू बाजार में उपलब्ध हैं जो कि शरीर के पानी की कमी को पूरा करते हैं और भूख भी समाप्त करते हैं इनका प्रयोग अधिक करना चाहिए। बढ़ते तापमान को देखते हुए शरीर को ठंडा रखने का प्रयास करना चाहिए इसके लिए ठंडी चीजें जैसे दही, मट्ठा, पानी का प्रयोग लाभदायक है।

अष्टमी तिथि पर महागौरी की भक्तों ने की पूजा अर्चना, कन्याओं को कराया भोजन

जालौन (उरई)। समृद्धि न्यूज

नवरात्र के आठवें दिन मंगलवार को मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ी। देवी भक्तों ने माता के महागौरी स्वरूप की पूजा अर्चना के उनका पूजन किया तथा कन्या भोज कर मां को प्रसन्न करने का प्रयास किया। भक्तों के घरों में कन्या भोज कराया गया।

नवरात्र केवल व्रत और उपवास का पर्व नहीं है। यह नारी शक्ति और कन्याओं के सम्मान का भी पर्व है। नवरात्रि के दौरान अष्टमी पूजन का विशेष महत्व माना जाता है। इस दिन मां दुर्गा के महागौरी रूप का पूजन किया जाता है। सुंदर, अति गौर वर्ण होने के कारण इन्हें महागौरी कहा जाता है। नगर क्षेत्र के काली माता मंदिर में आठवें दिन महागौरी की विशेष पूजा अर्चना देवी भक्तों द्वारा की गई। नगर व ग्रामीण क्षेत्र के मंदिरों के अलावा गली मुहल्लों में भी जयमता दी के जयकारे गुंजायमान हो रहे थे। देवी भक्तों ने चावल, रोरी, हल्दी, पुष्प, पान आदि से महागौरी की पूजा अर्चना की। पंडित देवेंद्र दीक्षित बताते हैं कि माता जब आठ वर्ष की बालिका थीं, तब देवमुनि नारद ने इन्हें इनके वास्तविक स्वरूप से परिचित कराया। फिर माता ने शिवजी को पति के रूप में पाने के लिए तपस्या की। सिर्फ आठ साल की आयु में घोर तपस्या करने के लिए इनकी पूजा नवरात्रि के आठवें दिन की जाती है। मां महागौरी परम कल्याणकारी हैं। ये ममता की मूरत हैं और भक्तों की सभी जरूरतों को पूरा करने वाली हैं। आर्थिक कष्ट से परेशान व्यक्ति मां महागौरी की पूजा आपके आर्थिक कमी और परेशानी को दूर कर सकते हैं। इसके अलावा महागौरी से मनचाहे विवाह का वरदान भी मिल सकता है। अष्टमी का व्रत करने से सभी कष्टों से छुटकारा मिलता है। अष्टमी के मौके पर नगर व ग्रामीण क्षेत्र में मंदिरों में तथा घरों में देवी भक्तों के घरों में कन्या भोज का आयोजन किया गया जिसमें दहीं, जलेवी, खीर, हलुवा, पूड़ी आदि खिलाई गयी तथा उपहार व दक्षिणा देकर सम्मान किया गया।

बगैर प्रपत्रों के ओवरलोड मौरम भरे नौ ट्रक चेकिंग में पकड़े गए

जालौन (उरई)। सोमवार की रात एसडीएम व सीओ ने पुलिस फोर्स के साथ ओवरलोडिगं व अवैध खनन के खिलाफ अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान आवश्यक प्रपत्रों के बगैर निकल रहे नौ ट्रकों को पकड़ लिया। पकड़े गए ट्रकों को टीम ने मंडी परिसर में खड़े करा दिए हैं और इसकी जानकारी खनन विभाग को दी है। नगर से लगातार ओवरलोड ट्रकों व आवश्यक प्रपत्रों के बिना ही मौरंग के ट्रकों का संचालन हो रहा है। इसके बाद भी खनन विभाग इनकी रोकथाम के लिए कोई प्रयास नहीं कर रहा है। अवैध खनन के मामले की लगातार स्थानीय प्रशासन को सूचना मिल रही है। बालू के अवैध व्यापार की मिल रही सूचना पर एसडीएम अतुल कुमार, सीओ रामसिंह व कोतवाल विमलेश कुमार पुलिस फोर्स के साथ सोमवार की रात को चेकिंग के लिए निकल पड़े। टीम ने चेकिंग के दौरान आवश्यक प्रपत्रों के बिना जा रहे नौ ट्रकों को पकड़ लिया है। उधर, चैकिंग की सूचना लगते ही उरई की ओर से आने वाले ट्रकों का आना बंद हो गया है।

गोष्ठी — **मीडिया फोरम ऑफ इंडिया (न्यास) के बैनर तले पत्रकार गोष्ठी एवं परिचय पत्र का हुआ वितरण**

पत्रकारिता समाज सेवा का सबसे सशक्त मार्ग: मिथिलेश प्रसाद द्विवेदी

सोनभद्र। समृद्धि न्यूज

- जिला इकाई सोनभद्र के सदस्यों को वितरित किया गया फोरम का आई कार्ड
- पत्रकारिता क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए फोरम की जिला इकाई द्वारा मिथिलेश प्रसाद दिवेदी का किया गया सम्मान

पत्रकारिता समाज सेवा का सबसे सशक्त मार्ग है। ईमानदारी से की गई पत्रकारिता समाज के शोषित पीड़ित वर्ग का कल्याण करने का काम करती है इसलिए पत्रकारों को बहुत ही ईमानदारी से अपनी कलम देश और समाज के लिए चलानी चाहिए। उक्त बातें मीडिया फोरम ऑफ इंडिया (न्यास) जिला इकाई सोनभद्र के बैनर तले आयोजित पत्रकार गोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि मौजूद फोरम के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार मिथिलेश प्रसाद द्विवेदी ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता मीडिया फोरम ऑफ इंडिया (न्यास) के जिला अध्यक्ष सर्वेश कुमार श्रीवास्तव ने किया और संचालन पत्रकार रोहित कुमार त्रिपाठी ने किया। गोष्ठी के प्रारंभ में मुख्य अतिथि द्वारा मां सरवस्ती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर एवम पुष्प अर्पित करके किया गया। इसके बाद मुख्य अतिथि,विशिष्ट अतिथि एवम जिला अध्यक्ष के हाथो बैठक में शिरकत कर रहे सभी पत्रकारों को मीडिया फोरम ऑफ इंडिया (न्यास) द्वारा जारी आई कार्ड वितरित किया गया।कार्ड वितरण के बाद जिला इकाई सोनभद्र के पदाधिकारियों द्वारा मुख्य अतिथि मिथिलेश प्रसाद दिवेदी को श्री राम नाम का फटका और पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद बैठक को संबोधित करते हुए फोरम के जिला इकाई के संरक्षक एवम आल प्रेस एंड राइटर्स एसोसिएशन के राष्ट्रीय सचिव राकेश शरण मिश्र ने गोष्ठी को आयोजित करने के लिए जिला इकाई सोनभद्र के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान में ईमानदारी से पत्रकारिता करना और पत्रकार धर्म का पालन करना बहुत ही कठिन हो गया है और ईमानदारी की पत्रकारिता करने वाले गिनती के ही पत्रकार है।इसलिए आज हम पत्रकारों की जिम्मेदारी बनती है कि पत्रकारिता को समाज सेवा का माध्यम बनाकर अपनी लेखनी सदा समाज हित को प्रमुखता देते हुए ही चलाए। फोरम के जिला अध्यक्ष सर्वेश कुमार श्रीवास्तव ने गोष्ठी में आए हुए पत्रकारों का स्वागत संबोधन करते हुए कहा कि मीडिया फोरम ऑफ इंडिया (न्यास) की जिला इकाई सोनभद्र सदैव पत्रकारों के हित के लिए दमदारी से आवाज बुलंद करती रही है और आगे भी पत्रकारों की हर मुश्किल में उनके साथ मजबूती से खड़ी रहेगी। फोरम के जिला इकाई सोनभद्र के महामंत्री पंकज कुमार पांडेय ने गोष्ठी में उपस्थित पत्रकारों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्य अतिथि जो मीडिया फोरम ऑफ इंडिया (न्यास) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष है के मार्गदर्शन में विगत कई वर्षों से पत्रकारों का यह संगठन पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए कार्य कर रहा है और आगे भी कार्य कार्य रहेगा। इसके अलावा बैठक में उपस्थित पत्रकारों में मुख्य रूप से डा रमेश कुशवाहा, संजीव कुमार श्रीवास्तव, राजकुमार सिंह, संजय सिंह एवम प्रमोद गुप्ता ने भी पत्रकारिता विषय पर अपने अपने प्रभावी विचार व्यक्त किया।

सपा मुखिया अखिलेश यादव कन्नौज से ही लड़ेंगे चुनाव: कलीम खां

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

- समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर इंडिया गठबंधन की संयुक्त प्रेसवार्ता मे आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष ने भाजपा पर बोला जमकर हमला
- सपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी का मानसिक संतुलन खराब हो चुका है, चुनाव आयोग से करेंगे कार्रवाई की मांग

मंगलवार को समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर इंडिया गठबंधन की संयुक्त प्रेसवार्ता आयोजित हुई। प्रेसवार्ता को सपा और आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों ने सम्बोधित किया। हांलाकि इस प्रेस वार्ता में कांग्रेस पार्टी के नेता मौजूद नही रहे। आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष चंद्रकांत यादव ने पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर पार्टी के सभी नेता व कार्यकर्ता गठबंधन प्रत्याशी का हर तरह से समर्थन करने का ऐलान करते हैं। उन्होने भाजपा सरकार को तानाशाह बताते हुये अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर जमकर घेरा। वहीं सपा जिलाध्यक्ष कलीम खान ने कन्नौज संसदीय क्षेत्र से अखिलेश यादव के ही चुनाव लड़ने की बात एक बार फिर जोरशोर से कही। कहा कि इस बार कन्नौज की जनता सपा को रिकार्ड तोड़ वोटों से जिताकर भेजेगी। उन्होने कहा कि भाजपा प्रत्याशी का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है। इनके खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत कर कार्यवाही की मांग करेंगे। समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय में मंगलवार को जिलाध्यक्ष कलीम खां ने आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। यहां उन्होंने कहा कि कन्नौज संसदीय सीट पर खुद पार्टी मुखिया अखिलेश यादव ही चुनाव लड़ेंगे। उनके लिए पार्टी नेता और कार्यकर्ता पूरे मनोयोग से जनसम्पर्क में लगेंगे। कहा कि आम आदमी पार्टी ने भी इंडिया गठबंधन को समर्थन किया है। पत्रकारों से मुखातिब होते हुए सपा जिलाध्यक्ष कलीम खां ने भाजपा सांसद सुब्रत पाठक का नाम लिए बगैर कहा कि कन्नौज में भाजपा प्रत्याशी का मानसिक संतुलन खराब हो चुका है। भाजपा प्रत्याशी ने मंच से सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए भइया शब्द को भिड़ा कहकर पुकारा। ऐसे भाजपा प्रत्याशी का इलाज कन्नौज की जनता करेगी। कहा कि भाजपा ने कई जगहों पर अपने प्रत्याशी बदले हैं। कुछ जगहों पर तो उनके प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ने से खुद ही इंकार कर दिया। यह भी सम्भव है कि कन्नौज में भाजपा अपने प्रत्याशी को बदल दे। कहा कि बसपा यहां से पहले ही अपना प्रत्याशी बदल चुकी है। उन्होंने कहा कि भाजपा सांसद ने मेरी जमीन पर और चकरोड पर एक शख्स का मकान जबरन बनवा दिया। भाजपा के लोग झूठे मुकदमें लगवाकर, धमका कर व अत्याचार करके लोगों को अपनी ओर मिला रहे हैं। भाजपा में कई ऐसे लोग हैं जो मजबूरी में उनके साथ हैं और वोट समाजवादी पार्टी को करते हैं। कन्नौज में सपा के कई नेताओं ने भाजपा ज्वाईन करने के सवाल पर जिलाध्यक्ष कलीम खां ने शायराना अंदाज में कहा कि ÷खुदा जाने ये मोहब्बत के क्या दस्तूर होते हैं, जिनसे हम मोहब्बत करते हैं, वो जाने क्यों हमसे दूर होते हैं÷। उन्होंने कहा कि जो लोग हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से जुड़े थे, वो आज भी उनके साथ है। जो लोग अलग हो गए, उनको कन्नौज की जनता जानती है। ऐसे लोगों की औकात नहीं थी कि वे लोग फार्च्यूनर पर बैठ सकें। आज उनके पास कई फार्च्यूनर हैं। उनमें से कोई कोल्ड मालिक हो गया तो कोई होटल मालिक हो गया। कहा कि जब लोग अपना स्वार्थ जोड़ देते हैं, तभी वह कहीं न कहीं भागते हैं।

धूमधाम से मनाई गई महान सम्राट अशोक की जयंती

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

अल्पसंख्यक ट्रस्ट बड़ेपुर के तत्वावधान में गौतम बुद्ध सांस्कृतिक स्थल बुद्ध विहार बडेपुर में चक्रवर्ती सम्राट अशोक महान जी की जयंती के अवसर धूमधाम से महान सम्राट अशोक की जयंती मनाई गई। मुख्य अतिथि श्रीनिवास शाक्य जी ने कहा सम्राट अशोक ने कलिंग युद्ध जीता बहुत ही मार काट की उसके बाद उन्होंने कहा यह तो मैं बहुत गलत किया बाद बौद्ध धर्म को अपनाया प्रभात गौतम ने कहा कलिंग युद्ध के बाद चक्रवर्ती सम्राट ने बहुत ही सराहनीय जनकल्याणकारी कार्य किये 84000 बौद्ध स्तूप बनवाए शिलालेख और स्कूल खोलें पानी पीने के लिए व्यवस्थाएं की कुएं खुदवाये। तीर्थराज बौद्ध प्रबंधक सचिन गौतम बुद्ध सांस्कृतिक स्थल अल्पसंख्यक ट्रस्ट बडेपुर ने कहा की महान सम्राट अशोक जी ने अपने पुत्र और पुत्री महेंद्र और संघमित्रा को आजीवन बौद्ध धर्म के प्रचार के लिए श्रीलंका भेज दिया। कार्यक्रम के दौरान प्रभात गौतम जिला अध्यक्ष आजाद समाज पार्टी कन्नौज वीरू खरे जिला अध्यक्ष भीम आर्मी विजय गिहार मंडल उपाध्यक्ष भीम आर्मी जगबीर सिंह (राजू मास्टर) लालू भाई राजन, अभिषेक सुमित कुमार शाक्य बंटू शाक्य प्रवीन कुमार, सोनू गौतम अनुज रावण,अनुज सिंह रोयव आदि लोग मौजूद रहे।

खबरें चलते-चलते

प्राचार्य व सीएमएस ने उतारी मां भगवती की आरती

तिर्वा। चैत्र नवरात्र के सप्तम दिवस के अवसर पर कस्बे के प्लाजा मार्केट में आयोजित दुर्गा महोत्सव में मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ.सीपी पाल व सीएमएस डॉ.दिलीप सिंह ने पहुंचकर मां भगवती के नौ स्वरूपों की आरती उतारी। इस दौरान समिति के अध्यक्ष ने सभी अतिथियों को मां दुर्गा की प्रतिमा भेंटकर सम्मानित किया। कस्बे के प्लाजा मार्केट में नवदुर्गा सेवा समिति के तत्वाधान में 21वां दुर्गा महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। सप्तम दिवस की महादिव्य आरती में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य व सीएमएस, सपा नेता अवनीश यादव, सभासद अवनीश कुमार सिंह, ग्रामीण बैंक कन्नौज के शाखा प्रबंधक ब्रजेश दुबे के अलावा नगर के कई गणमान्य लोगों ने मां भगवती की आरती उतारी। इसके उपरान्त समिति के अध्यक्ष व महासचिव ने सभी मुख्य अतिथियों को मां दुर्गा की प्रतिमा भेंट की। कार्यक्रम में अमित कुमार कौशल, अंकुर ठाकुर, किशन भट्ट, नीतू सविता, अमित दिवाकर सहित समिति के कई सदस्य मौजूद रहे।

प्राथमिक विद्यालय झूसीनागर में अध्यापकों की मासिक बैठक हुई संपन्न

समधन, समृद्धि न्यूज़ । प्राथमिक विद्यालय झूसीनागर में अध्यापकों की मासिक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें ए.आर.पी तालग्राम के रेवती रमण ने निपुण छात्र छात्राओं की जानकारी ली, और अवगत कराया कि समस्त शिक्षक अपने स्कूल के सभी बच्चों को निपुण बनाए बताया की कक्षा आवंटन कार्य विभाजन , संदर्शिका आधारित शिक्षण योजना का प्रयोग किया जाना चाहिए, छात्रों का आकलन शिक्षक विद्यार्थी के आत्मीय संबंध के साथ सभी शिक्षक साथी निपुण लक्ष्य का कार्यक्रम जो चल रहा है वह समय पर पूर्ण करें, और बच्चों को निपुण शत प्रतिशत होना चाहिए। इस कार्यक्रम की प्रस्तुति प्रधानाध्यापक शैलेंद्र सिंह यादव ने की इस मौके पर श्री आदित्य कुमार यादव (नोडल संकुल प्रभारी) सोनपाल (शिक्षक नेता) अनूप कुमार, अतुल कुमार,सुरेंद्र कुमार, अनुज कुमार ,रवीश कुमार ,खुशनुदा तथा रूबी देवी, हेमेंद्र कुमार ,प्रभाकर, प्रभा सिंह , शिवा , समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

दस लोगों पर हुई गुण्डाएक्ट की कर्रवाई

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम मे, अपर पुलिस अधीक्षक संसार सिंह के कुशल निर्देशन मे प्रभारी निरीक्षक जेपी शर्मा द्वारा आपराधिक गतिविधियो मे लिप्त दस अभियुक्तगणो हरीश पुत्र नपीस, ताज आलम पुत्र मोहम्मद उस्मान, मोहम्मद इसरार उर्फ डेविड पुत्र मोहम्मद इकबाल, लक्की और महबूब पुत्र शकील, मेराज उर्फ पप्पू पुत्र मोहम्मद उस्मान, मोहम्मद सलमान पुत्र मोहम्मद अनीस निवासीगण मोहल्ला किदवई नगर, अशरफ पुत्र मोहम्मद आलम निवासी मोहल्ला विजय नगर, मुन्ना पुत्र इदरीस, बाबुद्दीन पुत्र शमसुद्दीन, नवी आलम पुत्र मुन्ना निवासीगण मोहल्ला दिलशाद नगर, के आपराधिक कृत्यो पर अंकुश लगाए जाने हेतु गुण्डा एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

रेलवे सुरक्षा बल ने अभियान चलाकर आठ पर की कार्रवाई

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत स्थानीय रेलवे स्टेशन पर प्रभारी निरीक्षक रेलवे सुरक्षा बल फर्रुखाबाद के नेतृत्व में चौकी प्रभारी पटोहगढ़ ने दलबल के साथ आने जाने वाली ट्रेनों में जहां एक ओर संदिग्ध लोगों की खोजबीन की वही दूसरी ओर पायदान पर बैठकर सफर न करनें एवं परिसर में धूम्रपान न करनें के लिये प्रेरित किया। मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक रेलवे सुरक्षा बल वीरेंद्र कुमार फर्रुखाबाद के नेतृत्व में चौकी प्रभारी पटोहगढ़ प्रवीण कुमार ने स्थानीय रेलवे परिसर में विदेशी मुद्रा आवागमन के संबंध में चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान रेलवे एक्ट नियमों का उल्लंघन करते पाए गए आठ व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 147 रेल अधिनियम के अंतर्गत विधिक कार्यवाही अमल में लाई गई है।

मां-बेटे से घर में घुसकर की मारपीट, दी धमकी

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज। रंजिश के चलते मां बेटे के साथ मोहल्ले के ही चार लोगों ने अभद्रता व मारपीट कर न सिर्फ घायल कर दिया बल्कि धमकी भी दी। पीडिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला किदवई नगर निवासी शहनाज बेगम पत्नी रिजवान द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि घटना 12 अप्रैल को वह अपने पुत्र दानिश के साथ घर में थी तभी मोहल्ले के ही तालिब, आरिफ, आसिफ, पुत्रगण मोहम्मद दीन, तहसीन पुत्र वसीम आए और गाली गलौज करते हुए घर में घुसकर उसके पुत्र दानिश साथ मारपीट शुरू कर दी। उसके द्वारा बीच बचाव करने पर लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जॉच शुरू कर दी गई है।

युवक से मारपीट कर दी धमकी

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज। ट्रेन में सीट पर सवारी बैठाने के विवाद को लेकर एक युवक के साथ चार लोगों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। तथा धमकी भी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के बगिया मोहल्ला धर्मेंद्र चौरसिया पुत्र मुन्नालाल द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि 12 अप्रैल को वह स्थानीय रेलवे स्टेशन पर अपने रिश्तेदारों को ट्रेन पर बैठाने गया था। जहां सीट पर बैठने के विवाद को लेकर जावेद, पप्पी, मुन्ना, जियाउद्दीन ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए लात घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

आटो पलटने से तीन घायल

छिबरामऊ। कन्नौज नगर के पूर्वी बाईपास पर गुरसहायगंज से छिबरामऊ आटो से आ रही तीन सवारियो सवा आटो के सामने मोटरसाइकिल आ जाने आटो का सन्तुलन बिगर गया और आटो व मोटरसाइकिल दोनो पलट गई जिससे तीन सवारिया घायल हो गई आसपास के लोगो द्वारा आटो व मोटरसाइकिल को उठाया गया आटो चालक आटो लेकर भागने लगा तभी लोगो द्वारा उसे पकड लिया गया पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया।

नवरात्रि पर श्रद्धालुओं ने देवी मंदिरों में उतारी माता की आरती

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज

सती माता मंदिर एवं गंगेश्वरनाथ मंदिर में पूजा अर्चना करते श्रद्धालु समृद्धि न्यूज

चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व के अष्टम् दिवस पर सती माता मंदिर में श्रद्धालुओं के साथ पालिकाध्यक्षा ने सांयकाल की आरती में हिस्सा लिया वहीं गंगेश्वरनाथ मंदिर में पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि नें दुर्गा महोत्सव में शामिल होकर विधि आरती कार्यक्रम के बाद प्रसाद वितरित कराया।

मुंगलवार की शाम नगर के सर्विस रोड स्थित प्राचीन सती माता मंदिर में महिला श्रद्धालुओं के साथ वरिष्ठ समाजसेवी अशोक गुप्ता एवं पालिकाध्यक्षा मुन्नी गुप्ता नें सांयकाल आरती उतारी। इस दौरान उन्होंने कहा कि नवरात्र में माता अपने सच्चे भक्तों पर कृपा की बरसात करती हैं। उधर नगर के स्थानीय विद्युत उप केंद्र परिसर स्थित गंगेश्वर नाथ मंदिर में पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि इन्द्र कुमार गुप्ता, व्यापारी नेता मनोज अग्रवाल, भाजपा पिछडा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष सुमित सक्सेना, विहिप जिला कार्याध्यक्ष नीरज मिश्रा ने श्रद्धालुओं के साथ नवरात्रि के पर्व पर चल रहे दुर्गा महोत्सव के अष्टम् दिवस की संध्या आरती में भाग लेकर मां जगत जननी की आरती उतारी और भक्तों को प्रसाद वितरित कराया। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर मनोज गुप्ता, अजय दीक्षित, गंगासिंह, नवल गुप्ता, दीपक चक, मनोज शुक्ला सहित तमाम श्रद्धालु मौजूद रहे।

शुभ फल देने वाली मां महागौरी

छिबरामऊ। कन्नौज नवरात्र पर मां भगवती के आठवे स्वरूप मां महागौरी की पूजा अअर्चना कर भक्तो ने मां भगवती से सुख और समृद्धि की कामना की।मंगलवार को मां भगवती के आठवे स्वरूप मां महागौरी की पूजा अर्चना के लिए नगर के सौरिख रोड स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ कालिका देवी मंदिर, मोहल्ला छपटटी स्थित जय मां दुर्गा मंदिर,शान्ति पीठ गमा देवी मंदिर व ग्राम बहबलपुर स्थित संतोषी माता के मंदिर मे पूजा के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा ।आवाजाही देर रात्रि तक जारी रही।

आज निकलेगी मां भगवती की विशाल शोभायात्रा

- बाबा दौलेश्वर धाम से मां भद्रकाली के दरबार तक निकलेगी यात्रा
- बाहरी जनपदों से आए कलाकार शोभायात्रा में होगें शामिल

तिर्वा। समृद्धि न्यूज

नवदुर्गा सेवा समिति के तत्वाधान में कस्बे के सिद्धपीठ बाबा दौलेश्वर धाम से मां भद्रकाली के दरबार तक आज विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा को भव्य बनाने के लिए समिति ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है। समिति के अध्यक्ष विमलेन्द्र सिंह बघेल व महासचिव प्रभात कुमार वर्मा ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिबर्ष की भांति इस बर्ष भी 21वीं विशाल दुर्गा पूजा शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें डण्डा मण्डल, गरवा डांडिया मण्डल, बालक डांडिया मण्डल, मयूर नृत्य मण्डल, वीर जवान मण्डल, काली मण्डल, सूर्या डांस मण्डल सहित करीब एक दर्जन मण्डल शामिल होगें। जिनमें नगर के बच्चे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेगें। इसके अलावा शोभायात्रा को भव्य बनाने के लिए कानपुर, लखनऊ, वृद्धावन से दर्जनों कलाकार भी शामिल हो रहे हैं। कार्यक्रम में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सीओ तिर्वा डॉ.प्रियंका बाजपेई ने बताया कि शोभायात्रा में सुरक्षा को लेकर रूट मार्च तैयार कर लिया गया है। जगह-जगह पुलिस के जवान तैनात होगें। इसके अलावा महिला महिला कर्मी व सादा वर्दी में भी दर्जनों जवान यात्रा पर नजर बनाए रखेगें। यात्रा के दौरान तिर्वा-कन्नौज मार्ग पर एक तरफ यातायात बंद रहेगा।

संकुल स्तरीय बैठक में निपुण भारत मिशन पर हुई चर्चा

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़

संकुल स्तरीय मासिक बैठक में मौजूद शिक्षक-शिक्षकाएं

बेसिक शिक्षा अधिकारी उपासना रानी वर्मा के निर्देशन में क्षेत्र के अलीनगर स्थित अंग्रेजी माध्यम प्राथमिक विद्यालय में माह अप्रैल की संकुल स्तरीय मासिक बैठक का आयोजन नोडल शिक्षक संकुल रामौतार के नेतृत्व में किया गया। जिसमे मुख्य रूप से शैक्षिक सत्र 2024- 25 हेतु संचालित स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम, निपुण भारत मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक विद्यालय को निर्धारित समय सीमा में निपुण विद्यालय बनाए जाने, बारह सप्ताह के स्कूल रेडीनेस कार्यक्रम के सफल संचालन, निपुण लक्ष्य एवं दीक्षा एप का अधिकाधिक प्रयोग किए जाने, उपचारात्मक शिक्षण कार्य आदि पर चर्चा- परिचर्चा की गई। इस मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापक व नोडल शिक्षक संकुल अबधनारायण, मदारबक्स, विजय कुमार, प्रिया सिंह बघेल, स्वेता मौर्या, शिल्पी श्रीवास्तव, प्रगति कुमार, सिराज अहमद, अभिषेक यादव, इंद्रजीत कटियार, मनीष शुक्ला, अजय पाठक, रामप्रकाश, संजय प्रजापति, रोहित द्विवेदी, शिवकांत राजपूत, जितेंद्र कुमार सहित आदि शिक्षक शिक्षिका रहें।

मृतक आश्रित को सौंपी बीमा योजना की राशि

विशुनगंढ। कन्नौज नीरज देवी पत्नी श्याम सिह ने आर्यावर्त बैक मे प्रधानमंत्री ज्योति बीमा करवाया था।उनकी 23 अक्टूबर 2023 को मौत हो गई थी।खाता मे नामित उनके पुत्र पुष्पेंद्र सिह यादव पुत्र श्याम सिह यादव को शाखा प्रबंधक आशीष यादव व एरिया मैनेजर अभिनव दीक्षित ने बीमा योजना के तहत दो लाख धनराशि की चेक मृतक आश्रित को सौपी ।इस मौके पर संदीप सक्सेना,सुभाष चंद्र, शाक्ति सिह सहित कई लोग मौजूद रहे।

मतदाता जागरूकता अभियान, वोट जैसा कुछ नहीं,वोट जरुर डालेंगे

- प्राथमिक विद्यालय झूसीनागर में मतदाता जागरूकता अभियान का हुआ कार्यक्रम

समधन, समृद्धि न्यूज़

चुनाव का पर्व देश का गर्व मतदाता जागरूकता अभियान, वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरुर डालेंगे 13 मई सोमवार को कन्नौज जनपद का मतदाता करेगा वोट क्षेत्र के ग्राम झूसीनागर स्थित प्राथमिक विद्यालय में मंगलवार दोपहर विद्यालय के हेड मास्टर शैलेंद्र सिंह यादव के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया

जिसमें दर्जनों महिलाएं व पुरुष मतदाता शामिल हुए मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से विद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन हुआ इसी दौरान नायब तहसीलदार राम प्रकाश ने मौजूद लोगों को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शपथ भी दिलाई गई। शपथ में कहा गया कि निर्वाचन की गरिमा को पूर्ण रखते हुए एकजुट होकर बिना किसी भेदभाव से सभी बूथों पर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे विद्यालय में आने जाने का रास्ता की समस्या को जल्द दुरुस्त करने के लिए लेखपाल ने शैलेंद्र सिंह यादव को भरोसा दिलाया कि मतदान पर्व से पहले विद्यालय का रास्ता को जल्द निर्माण कराकर दुरुस्त किया जाएगा। इस अवसर पर नायब तहसीलदार राम प्रकाश, कानूनगो प्रेम किरन मिश्रा, एडीओसी मुनीम सिंह, एडीओ आई एसबी प्रवेश राजपूत, तालग्राम ब्लॉक सचिव पूजा सिंह, लेखपाल अनिल कुमार, प्रधान श्रीमती अंजलि देवी, विद्यालय के हेड मास्टर शैलेंद्र सिंह यादव, रेवती रमण, आदित्य कुमार , प्रभाकर , प्रभा सिंह, पंचायत सहायक शिवा यादव, रोजगार सेवक राजीव कुमार आदि तमाम मतदाता मौजूद रहे।

श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह की कथा सुन श्रोता हुए भावविभोर

छिबरामऊ। कन्नौज नगर के मोहल्ला न्यू टीचर्स कॉलोनी पीपल वाली गली में आयोजित श्रीमद भागवत कथा में आचार्य पंडित विजय कृष्ण त्रिपाठी से श्रीकृष्ण रुक्मणी विवाह का प्रसंग सुनकर श्रोता भावविभोर हो गए और महिलाओं ने मंगल गीत गाए। आचार्य श्री ने प्रसंग सुनाते हुए कहा शिशुपाल जब विवाह के लिए द्वार पर आया तो कृष्ण ने रुक्मिणी का हरण कर लिया। इसके बाद श्रीकृष्ण, शिशुपाल और रुक्म के बीच भयंकर युद्ध हुआ और इसमें द्वारकाधीश (कृष्ण) विजयी हुए। कृष्ण देवी रुक्मिणी को द्वारका ले आए और यहीं उनका विवाह हुआ। इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन (अवधेश) के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित अवधेश कुमार त्रिपाठी, राष्ट्रीय संरक्षक राजपाल सिंह चौहान, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आनंद गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ पवन तिवारी, कानपुर मंडल मंत्री शिवराम सिंह सेंगर, जिला संयोजक उमेश सिंह एवं सुखेंद्र सिंह चौहान ने अंग वस्त्र पहनाकर आचार्य विजय कृष्ण त्रिपाठी का अभिनंदन किया। आचार्य श्री ने कथा के बीच-बीच में भजन सुना कर भक्तिरस की गंगा बहाई। अंत में आरती व प्रसाद वितरण के साथ कथा का समापन हुआ। यहां पर 10 अप्रैल बुधवार से श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ हुई थी। इसका विश्राम 16 अप्रैल मंगलवार को होगा जबकि पूर्णाहुति के बाद भंडारे का आयोजन 17 अप्रैल बुधवार को किया जाएगा।

अनाज के सुरक्षित भंडारण में सावधानियां जरूरी: डॉ. कनौजिया

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़। खेतों में तैयार गेहूं और दूसरी फसलों की कटाई व मड़ाई का काम तेजी से चल रहा है। इसके बाद सबसे महत्वपूर्ण काम अनाज भंडारण का है। सुरक्षित फसल भंडारण की जानकारी का अभाव होने से अनाज के नमी, फफूंद व कीट आदि से बर्बाद होने की समस्या खड़ी हो जाती है। कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार यदि वैज्ञानिक तकनीक से अनाज का भंडारण करें तो 10 से 15 फीसदी अनाज खराब होने से बचाया जा सकता है। कृषि विज्ञान केंद्र अनौगी के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ वी. के. कनौजिया के अनुसार किसानों को फसल भंडारण की सही जानकारी न होने से काफी नुकसान उठाना पड़ता है। अनाज भंडारण से पहले भंडारण गृह की अच्छे से साफ-सफाई कर कीट और पुराने अवशेष आदि को बाहर निकालकर नष्ट कर दें।भंडारण ग्रह की दीवारों एवं फर्श आदि में यदि दरार है तो उसे सीमेंट व ईट से बंद कर दें। अनाज को

जानकारी देते वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ वी.के कनौजिया

भंडारण करने से पूर्व अच्छी तरह से सफाई कर धूप में सुखा लेना चाहिए जिससे दानों में 10 फीसदी से अधिक नमी न हो अन्यथा अधिक नमी रहने से अनाज में फफूंद एवं कीटों का ज्यादा आक्रमण होता है। फसल में नमी का स्तर जानने के लिए परंपरागत तरीका दांत से तोड़कर अनुभव कर सकते हैं। डॉ. कनौजिया ने बताया कि अनाज भंडारण के लिए ऐसे भंडारगृह का चयन नही करना चाहिए, जहां पर नमी तथा चूहों से अन्न का बचाव न किया जा सके। भंडारगृह हवादार होने चाहिए। भंडारगृह को कीट मुक्त करने के लिए मेलाथियान 50 फीसदी के एक भाग को गुना 100 पानी के अनुपात में घोल बनाकर दीवारों व फर्श पर अच्छी तरह छिड़काव करने तथा भंडारग्रह कीट मुक्त करने के बाद ही अनाज का भंडारण करना चाहिए।

अनाज भंडारण में नए बोरों का ही प्रयोग करें अन्यथा पुराने बोरों को 20-25 मिनट तक खौलते पानी में अथवा मैलाथियान के 1प्रतिशत घोल में 10 मिनट डालने के बाद धूप में अच्छी तरह से सुखाने से होने वाले नुकसान से बचा जा सकता है। चूहों से बचाव हेतु एक भाग जिंक फैस्फाइड 47 भाग आटा तथा दो भाग तिल या मूंगफली में मिलाकर जगह जगह डाल देना चाहिए। गेहूं के बचाव हेतु सबसे नीचे नीम की सूखी पत्तियों का प्रयोग करें तथा एल्यूमिनियम फैस्फाइड की 3 टैबलेट प्रति 10 कुंतल अनाज में सूती कपड़े में बांध कर रखना चाहिए। भंडारगृह को ठीक प्रकार से पालीथीन या मिट्टी लगाकर हवा को अवरुद्ध कर देना चाहिए।

अनियंत्रित बाइक फिसली एक की मौत, दूसरा घायल

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़

क्षेत्र के सियरमऊ रोड पर तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक फिसलने से एक की घटनास्थल पर मौत हो गई और दूसरा घायल हो गया। जानकारी के अनुसार गोविंद उर्फ सोनू (30) वर्षीय बाइक से अपने घर टिकइयापुरवा गांव जा रहा था। तभी सियरमऊ के सामने तेज रफ्तार बाइक अचानक अनियंत्रित होकर फिसल गई। जिससे बाइक चालक सोनू गंभीर रूप से घायल हो गया। और बाइक पर पीछे बैठे टिकइयापुरवा गांव निवासी राजेश (32) वर्ष की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। यह देख घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गयी। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचे जसोदा चौकी प्रभारी सुनील चौधरी ने घायल बाइक चालक को उपचार हेतु एंबुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल भिजवाया। और वहीं मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

श्रीराम कथा सुनने सांसद, विधायक सहित उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज

कस्बा अमृतपुर में जिला पंचायत सदस्य अजय कुमार सिंह चौहान लाला भैया के आयोजन में चल रही श्रीराम कथा सुनने को पांचाल घाट स्थित दुर्वासा ऋषि आश्रम के महंत स्वामी ईश्वर दास महाराज, सांसद मुकेश राजपूत, विधायक सुशील शाक्य, पूर्व विधायक कुलदीप गंगवार सहित काफी संख्या में श्रोताओं की भीड़ उमड़ी। सभी का कथा के आयोजक जिला पंचायत सदस्य अजय कुमार चौहान व उनके पुत्र प्रिंस चौहान ने फूल-मालाओं से स्वागत किया। कथावाचक पंडित अरविंद शास्त्री द्वारा आज कथा के आठवें दिन सुंदरकांड की कथा का वर्णन करते हुए बताया गया कि हनुमान जी ने चैत्र माह में लंका की ओर प्रस्थान किया। सुरसा ने हनुमान जी की परीक्षा ली और उन्हें योग्य तथा सामर्थ्यवान पाकर आशीर्वाद दिया। मार्ग में हनुमानजी ने छाया पकड़ने वाली राक्षसी का वध किया और लंकिनी पर प्रहार करके लंका में प्रवेश किया। उनकी विभीषण से भेंट हुई। जब हनुमानजी अशोक वाटिका में पहुँचे तो रावण सीताजी को धमका रहा था। रावण के जाने पर त्रिजटा ने माता सीता को सान्वना दी। एकान्त होने पर हनुमानजी ने माता सीता से भेंट करके उन्हें राम की मुद्रिका दी। हनुमानजी ने अशोक वाटिका का विध्वंस करके रावण के पुत्र अक्षय कुमार का वध कर दिया। मेघनाथ हनुमानजी को नागपाश में बांध कर रावण की सभा में ले गया। रावण के प्रश्न के उत्तर में हनुमानजी ने अपना परिचय रामजी के दूत के रूप में दिया। रावण ने हनुमान जी की पूँछ में तेल में डूबा हुआ कपड़ा बांध कर आग लगा दी। इस पर हनुमानजी ने लंका का दहन कर दिया। आगे कथावाचक पंडित अरविंद शास्त्री ने कहा हम सभी को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान रामचंद्र के आदर्शों का अपने जीवन में पालन करना होगा तभी हम आने वाले समय में भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने में सफल होंगे।

श्रीराम कथा की अमृतवर्षा करते पंडित अरविंद शास्त्री व मौजूद भक्तगण समृद्धि न्यूज

घर में पड़ा मिला शिक्षक का शव, इलाके में सनसनी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

घर में अकेले रह रहे शिक्षक का शव पड़ा होने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल की।

जानकारी के अनुसार पड़ोसी जनपद कन्नौज के छिबरामऊ नौली निवासी 60 वर्षीय रमेश मिश्रा कोतवाली फतेहगढ़ के सिविल लाइंस में मकान बनाकर अकेले रह रहे थे। उनकी पत्नी आगरा में रहती है। रमेश मिश्रा प्राईवेट शिक्षक थे। वह देशराज पब्लिक स्कूल में पढ़ाते थे। उनके घर के पास ही गंगा प्रदूषण नियंत्रण का काम चल रहा है। काम कर रहे मजदूरों ने खिड़की से देखा तो शिक्षक रमेश मिश्रा मृत पड़ थे। जिसकी सूचना डायल 112 को दी गयी। जिसके बाद डायल 112 पुलिस, कोतवाल हरिश्याम, सिविल लाइन चौकी इंचार्ज रक्षा सिंह व फिल्ड यूनिट मौके पर पहुंची। पुलिस नें मौके पर जाकर जाँच की। पता चला की रमेश मिश्रा साँस के मरीज थे। जिनका इलाज चल रहा था। कोतवाल हरिश्याम नें बताया कि जाँच की जा रही है। वहीं आसपास के लोगों का कहना है कि हो सकता है कि सांस अवरुद्ध होने से शिक्षक की मौत हो गयी हो।

मौके पर जांच पड़ताल करती पुलिस समृद्धि न्यूज

डीएम ने पोलिंग पार्टी रवाना स्थल सातनपुर मंडी का किया निरीक्षण

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

लोकसभा निर्वाचन को देखते जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह द्वारा पोलिंग पार्टी रवाना स्थल व मतगणना स्थल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

जानकारी के अनुसार शहर के सातनपुर स्थित नवीन कृषि उत्पादन मंडी समिति पहुंचे जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि सेंट्रल जेल चौराहे से जुड़ने वाली सीसी रोड का ज्वाइंट सही करायें। मंडी के सभी एंट्री पॉइन्ट की रोड सही करायें। मंडी समिति के सचिव को निर्देश दिये कि स्ट्रांग रूम की दुकानों के सामने के फर्श की सही मरम्मत नहीं हुई है। उसकी मरम्मत दोबारा करायें। प्रत्येक विधानसभा के स्ट्रांग रूम के बाद बैरिकेडिंग की जाये। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि पोलिंग पार्टी रवानगी के दिन मंडी समिति के अंदर लगने वाले फूड जोन में दुकानों की नम्बरिंग की जाये। सभी पर रेट लिस्ट चस्पा हो। सभी दुकानों को उनकी जगह आवंटित कर दी जाये। अपर जिलाधिकारी सुभाष चन्द्र प्रजापति को निर्देशित किया कि सभी जगह पर्याप्त सीसीटीवी कैमरे लगवाए जायें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अरविन्द मिश्रा, महेंद्र सिंह प्रशिक्षु आईएएस, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, अपर जिलाधिकारी न्यायिक आदि मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान निर्देश देते जिलाधिकारी व मौजूद एडीएम आदि समृद्धि न्यूज

महाआरती में सैकड़ों भक्तों ने लिया भाग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

नवरात्रि की अष्टमी पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नन्दी सेना के प्रमुख विक्रांत अवस्थी के द्वारा मठिया देवी मंदिर पर महाआरती का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने भाग लिया।

जानकारी के अनुसार नवदुर्गा की अष्टमी पर देर रात नंदी सेना के प्रमुख विक्रांत अवस्थी ने महाआरती का आयोजन किया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में भक्तगणों ने भाग लिया। अधिक भीड़ के चलते रोड जाम सा हो गया। लोगों को निकलने में जद्दोजहद करनी पड़ी। बताते चलें कि विक्रांत अवस्थी हर वर्ष महाआरती का आयोजन करते चले आ रहे हैं। जिसमें सैकड़ों की संख्या में भक्तगण पहुंचकर भाग लेते है।

महाआरती का सतरंगी नजारा देखते ही बन रहा था।

महाआरती के दौरान विक्रांत अवस्थी व मौजूद भक्तगण

खबरें चलते-चलते

टंकी निर्माण में लगे मजदूर ठेकेदार का सामान लेकर चंपत

- पैसा बकाया होने का आरोप लगाकर मजदूरों ने दी जानमाल की धमकी, मुकदमा दर्ज

कमालगंज, समृद्धि न्यूज। थाना क्षेत्र के ग्राम देवरान रजीपुर में पानी की टंकी का निर्माण करा रहे ठेकेदार मसूद अहमद पुत्र इदरीश हुसैन निवासी मोहल्ला बजरिया थाना शेखाना कन्नौज ने थाना कमालगंज में शिकायत कर बताया कि वह भारत कंट्रक्शन 11पी से पेटी कॉन्टैक्ट बेस पर काम करता है। उपरोक्त फर्म भारत सरकार के जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत रजीपुर में पानी की टंकी का निर्माण बदायूं के लेबर अखिलेश कुमार एवं अरविंद कुमार पुत्रगण किशन पाल निवासीगण ग्राम काशी तहसील दातागंज जनपद बदायूं एवं नरेंद्र कुमार पुत्र नामालूम, आयुष पुत्र नामालूम, बाबू पुत्र नामालूम आदि लोगों से कार्य करवा रहे थे और इन्हीं की सपुर्दगी की में समान था। जिसमें मिक्सर मशीन का इंजन कीमत 25000, जनरेटर कीमत 35000 रुपए, लिफ्ट मशीन एवं उसका इंजन कीमत 50000, एक अन्य मशीन कीमत 10800, पाइप लोहे के 10 नग कीमत 11000, सीमेंट की 50 बोरी कीमत 19000, सरिया 5 टन कीमत 29000 रुपए, समर मोटर कीमत 10000, 50 शटरिंग प्लेट लोहे की कीमत 13500, इसके अलावा लोहे की कीमत 110000 रुपए, गैस सिलेंडर एवं चूल्हा कीमत 5000 एवं अन्य सामान कुल कीमत 7 लाख 8000 रुपए चोरी कर ले गये। दिनांक 29 मार्च को जब पीड़ित अपनी उक्त साइट पर पहुंचा तो, सामान मौके पर नहीं मिला। पीड़ित ने जब अखिलेश कुमार से बात की, तो अखिलेश कुमार ने बताया तुम्हारा सामान हम लोग ले आए हैं। हमारा हिसाब किताब कर दो हम तुम्हें तुम्हारा सामान वापस कर देंगे। इसी के साथ ही फोन पर गाली-गलौज करे लगा और जान से मारने की धमकी देने लगा। जबकि पीड़ित उक्त लेवरों की सारी मजदूरी का हिसाब कर चुका है। पीड़ित का कहना है कि सभी सामान अखिलेश अपने साथ ले गया। जब पीड़ित ने अखिलेश के ऊपर रिपोर्ट दर्ज करवाने की बात कही, तो अखिलेश डर गया तथा उक्त सामान दिनांक 31 मार्च तक वापस करने को कहा, लेकिन सामान आज तक वापस नहीं मिला। पुलिस ने शिकायत के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

बाइक की टक्कर से वृद्ध घायल, मुकदमा दर्ज

संकिसा, समृद्धि न्यूज। नगर पंचायत संकिसा बसंतपुर निवासी आशीष दीक्षित पुत्र उमेश चन्द्र दीक्षित ने अज्ञात बाइक चालक के विरुद्ध टक्कर मारकर घायल कर देने का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 27 मार्च की शाम चार बजे मेरे पिता उमेश चन्द्र दीक्षित घर से साइकिल पर सवार होकर संकिसा तिराहे की तरफ जा रहे थे कि तभी पीछे से आ रहे बाइक के अज्ञात चालक ने तेजी व लापरवाही से चलाते हुए मेरे पिता की साइकिल में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे मेरे पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। आगरा स्थित एक अस्पताल में मेरे पिता का उपचार चल रहा है। मेरापुर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

अनियंत्रित टेंपो बाइक से भिड़ा, बाइक सवार चौकीदार गंभीर रुप से घायल

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज। मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पिपरगांव निवासी संजीव कुमार जो खंड विकास अधिकारी कार्यालय शमशाबाद में चौकीदार के पद पर कार्यरत है। मंगलवार की सुबह चौकीदार संजीव कुमार बाइक संख्या यूपी76एके 8587 द्वारा ड्यूटी करने शमशाबाद जा रहा था। फैजबाग शमशाबाद मार्ग पर ग्राम मुरहरी के निकट शमशाबाद से फैजबाग की ओर आ रहे टेंपो के चालक ने लापरवाही से चलाकर जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार चौकीदार गम्भीर रुप से घायल हो गयी। दुर्घटना के बाद मौके पर भीड़ लग गयी। कुछ लोगों ने पुलिस को सूचना दी। इसके अलावा 108 नंबर पर एंबूलेंस को भी सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की तथा गंभीर रूप से घायल चौकीदार को एम्बुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य शमशाबाद भिजवा दिया। वहीं चिकित्सकों ने गंभीर हालत को देखते हुए चौकीदार को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया।

ठगी के शिकार सभासद पति ने फांसी लगाकर दी जान

मृतक का फाइल फोटो

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

ठगी के शिकार सभासद पति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने सभासद को जब फांसी पर झूलता देखा, तो कोहराम मच गया। परिजन उन्हें लेकर निजी चिकित्सक के पास गए। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई ने पुलिस को तहरीर दी। जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा के मोहल्ला हाता मिंडू खां सर्वोदय नगर निवासी सुबोध यादव की पत्नी नेहा यादव वार्ड 22 की सभासद हैं। बीती रात उनकी पत्नी रिश्तेदारी में गई थीं। रात में किसी समय सुबोध यादव ने घर के भीतर रस्सी से फांसी लगा ली। सुबोध के भतीजे नितिन ने उसका शव फांसी पर लटका देखा। जिसके बाद चीखपुकार मच गई। मृतक के भाई सुशील कुमार ने पुलिस को तहरीर दी। जिसमें कहा की सुबोध के साथ मिलकर थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के सरैया निवाड़ी माजिद खां, कन्नौज के कुकापुर निवासी मानवेंद्र ने आसरा डिजिटल मार्केटिंग कंपनी खोली थी। जिसमें सुबोध का काफी रुपया लगा था। इसके अलावा अन्य लोगों का भी रुपया सुबोध ने लगवाया था। बार बार तगादा होने पर जब सुबोध ने आरोपियों से रुपए मांगे तो धमकियां देना शुरू कर दिया। साथ ही सब रुपया हड़प लिया। जिससे सुबोध तनाव में थे। आरोपी उन्हें आत्महत्या के लिए उकसा रहे थे। जिसके चलते सुबोध ने तनाव में फांसी लगा ली। सूचना मिलने पर बजरिया चौकी प्रभारी प्रशांत कुमार मौके पर पहुंचे। मृतक का 6 वर्षीय पुत्र आरव है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

जांच पड़ताल करती पुलिस समृद्धि न्यूज

चैत्र शुक्ल की अष्टमी पर मंदिरों में हुए हवन यज्ञ

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

चैत्र शुक्ल नवरात्रि की अष्टमी के मौके पर नगर के शक्तिपीठ देवी मंदिरों पर हवन यज्ञ हुए। लोगों ने आहूतियां देकर मां भगवती से सर्वमंगल की कामना की। सुबह से लेकर शाम तक यह क्रम चलता रहा। जिससे नगर का वातावरण देवीमय बना रहा। वहीं कई भक्तों ने कन्या भोज का भी आयोजन किया और कन्याओं को दक्षिणा भी दी।

नगर के प्रमुख देवी मंदिर फूलमती देवी पल्ला मठिया पर मंदिर संघ के प्रमुख पदाधिकारी सदानंद शुक्ला की देखरेख में हवन यज्ञ हुआ। जिसमें तमाम भक्तों ने पहुंचकर आहूतियां डालीं, वहीं मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों ने मौजूद रहकर आहूतियां दीं। वेद मंत्रोच्चारण के बीच सभी देवी मंदिरों पर हवन यज्ञ हुए और देवी की 8वीं शक्ति महागौरी की आराधना की गयी। मठिया देवी मंदिर पर पंडित ओंकारनाथ शास्त्री ने हवन कराया। जिसमें मुख्य यजमान सदानंद शुक्ला एवम मंदिर के पुजारी रमेश चंद्र मिश्रा, पंडित विष्णु दयाल अग्निहोत्री, बृजेश पांडे, वैभव मिश्रा मौजूद रहे। इसके अलावा घरों पर भी भक्तों ने हवन किये और व्रत रहकर मां की आराधना की। कई रामनवमी पर नगर में कई स्थानों पर भंडारों का आयोजन किया जायेगा। जिसके लिए तैयारियां जोरशोर से चल रही हैं।

मठिया देवी मंदिर में पूजा अर्चना करते भक्तगण

मठिया देवी मंदिर पर हवन यज्ञ में भाग लेते भक्तगण

डीएम ने लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस का किया निरीक्षण

- डाइनिंग हाल के टायल टूटे होने पर जतायी नाराजगी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह द्वारा सामान्य लोकसभा निर्वाचन 2024 में आने वाले प्रेक्षकगणों के रुकने के लिये तैयार किये जा रहे लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी द्वारा अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि सभी कक्षों के सोफे साफ करा लिए जाएं। सभी के तकिया, कंबल, बेडशीट नए हों। सभी पर्दे नए हों। टूटा हुआ फर्नीचर बदल दिया जाये। सभी बाथरूम की फिटिंग चेक कर ली जाये जो खराब हो उसको बदल दिया जाये। सभी कक्षों में बार्डरोब हो। जिलाधिकारी द्वारा डाइनिंग हाल के टायल टूटे होने पर नाराजगी जताई तथा शीघ्र बदलने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि यह सभी कार्य 18 अप्रैल तक पूर्ण हो जाने चाहिये। इसमें लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जायेगी। डीएम ने कहा कि तय समय सीमा में सभी कार्य पूर्ण हो जाना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारीए व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

गेस्ट हाउस का निरीक्षण करते जिलाधिकारी समृद्धि न्यूज

महिला दो युवकों के साथ फरार

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। थाना अंतर्गत ग्राम चांदनी निवासी सेवाराम जाटव पुत्र हरिद्वारी लाल जाटव ने थाना पुलिस को लिखित तहरीर दी। जिसमें बताया कि दिनांक 15 अप्रैल 2024 को समय करीब 10.00 बजे दिन में मेरी पत्नी शिव देवी खाना लेकर मेरे पास पुतन खान के खेत पर जा रही थी। पुत्तन खान का खेत मेरे गांव से लगभग 2 किलोमीटर दूर है। उसी समय रास्ते में अर्जुन पुत्र मलखान, शीशराम पुत्र चोखे लाल तथा उनके अन्य अज्ञात साथी मेरी पत्नी शिव देवी को बहला फुसलाकर ले गये। इस संबंध में पीड़ित ने सूचना पुलिस को दी। पीड़ित ने बताया कि पुत्री रिया उम्र करीब साढ़े 5 वर्ष को मेरी पत्नी शिव देवी अपने साथ ले गई है। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने को कहा।

सीएमओ ने निरीक्षण में अनुपस्थित मिले एनआरसी प्रभारी का रोका एक माह का वेतन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। मुख्य चिकित्साधिकारी ने लोहिया अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान मिली खामियों को सुधारने के निर्देश दिये। जानकारी के अनुसार मंगलवार को सीएमओ डॉ0 अवनींद्र कुमार ने लोहिया अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। जिससे कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित मिले एनआरसी प्रभारी का एक माह का वेतन रोकने के आदेश दिये। भीषण गर्मी को देखते हुए प्रदेश सचिव के निर्देश पर सीएमएस को कोल्ड रूम बनाने के दिए निर्देश दिया। कोल्ड रूम के तहत चार बेड का फी-मेल वार्ड, 6 बेड का मेल वार्ड बनाया जाएगा। सीएमओ को एनआपली वार्ड में 6 बच्चे भर्ती मिले। इस दौरान कुछ कमियां मिलीं हैं जिन्हें सुधारने के भी निर्देश दिए। सीएमओ डॉ अवनींद्र कुमार ने बताया कि एनआरसी प्रभारी के रजिस्टर पर आज तक के हस्ताक्षर नहीं मिले है। जिस कारण एनआरसी प्रभारी का तत्काल प्रभाव से एक माह का वेतन रोकने के आदेश दिए गये हैं।

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने दस दूधियों के भरे नमूने

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

खाद्य सुरक्षा अधिकारी बिजेन्द्र कुमार, डॉ0 शैलेंद्र रावत, विमल कुमार, अरुण कुमार मिश्र व आशीष वर्मा ने छापे मारकर दस नमूने संग्रह किये। इस दौरान दुकानदारों में हड़कंप मच गया।

छापेमारी के क्रम में अर्रा पहाड़पुर पर दूध फेरी विक्रेता पारस पुत्र नक्षत्र पाल से खाद्य मिश्रित दूध का 01 नमूना जांच हेतु संग्रह किया। रेलवे क्रासिंग के पास नगला गुमटिया हाथीपुर पर दूध फेरी विक्रेता शैलेंद्र सिंह पुत्र मान सिंह से खाद्य मिश्रित दूध का 01 नमूना जांच हेतु संग्रह किया। रेलवे क्रासिंग के पास गुमटिया हाथीपुर पर दूध फेरी विक्रेता ईश्वर दयाल पुत्र सियाराम से खाद्य पदार्थ मिश्रित दूध का 01 नमूना जांच हेतु संग्रह किया। अर्रा पहाड़पुर पर दूध फेरी विक्रेता आर्यन पुत्र आदेश कुमार से खाद्य मिश्रित दूध का 01 नमूना जांच हेतु संग्रह किया। आवास विकास कालोनी पर दूध फेरी विक्रेता संजीव यादव पुत्र रामनाथ से खाद्य मिश्रित दूध का 01 नमूना जांच हेतु संग्रह किया। निकट पांचाल घाट चौराहा पर दूध फेरी विक्रेता बालेश सिंह पुत्र बृजराज सिंह से खाद्य मिश्रित दूध का 01 नमूना जांच हेतु संग्रह किया। अर्रा पहाड़पुर पर दूध फेरी विक्रेता सुदीश यादव उर्फ सुधीश यादव पुत्र राजेंद्र सिंह से खाद्य मिश्रित दूध का 01 नमूना जांच हेतु संग्रह किया। हथियापुर क्रासिंग के पास दूध फेरी विक्रेता रक्षपाल पुत्र पुत्तूलाल से खाद्य मिश्रित दूध का 01 नमूना जांच हेतु संग्रह किया। साहबगंज नरायनदास में दूध फेरी विक्रेता ईश्वर दयाल पुत्र बनवारी लाल से खाद्य मिश्रित दूध का 01 नमूना जांच हेतु संग्रह किया। आवास विकास तिराहा पर दूध फेरी विक्रेता अनुभव सिंह पुत्र दिनेश सिंह से खाद्य मिश्रित दूध का 01 नमूना जांच हेतु संग्रह किया।

दूधिया से दूध का नमूना भरती खाद्य सुरक्षा टीम समृद्धि न्यूज

भाकियू का प्रतिनिधि मण्डल एसपी से मिला , निष्पक्ष जांच का मिला आश्वासन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश महामंत्री विजेन्द्र सिंह यादव ने नेकपुर स्थित प्रवक्ता अजय कटियार के निवास पर पत्रकारों से रुबरु होते हुए कहा कि राजेपुर व नवाबगंज के प्रकरणों को लेकर अपर जिलाधिकारी व नगर मजिस्ट्रेट, पुलिस अधीक्षक से प्रतिनिधि मण्डल मिला। उन्होंने पूर्ण रुप से आश्वासन दिया कि निष्पक्ष जांच होगी और जो भी दोषी होगा उनके खिलाफ कार्यवाही होगी। उनके आश्वासन के बाद नेकपुर स्थित अजय कटियार के निवास पर पत्रकार वार्ता में प्रदेश महामंत्री विजेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि बीते सप्ताह भाकियू के कार्यकर्ता ब्लाक राजेपुर के ग्राम कमालुद्दीनपुर निवासी रामनारायण

किसानों के मुकदमे वापस लिये जायेंगे: विजेन्द्र सिंह

पांडे की जमीन पर आरआरसी सेंटर कूड़ादान बनाने का काम शुरु हुआ था। जिस पर तहसीलदार, कानूनगो व लेखपाल एवं प्रधानपति ने काम शुरु करवाया था। रामनारायण पांडे द्वारा कीटनाशक पीने के बाद उनकी हालत बिगड़ गई। उन्हें लोहिया से गंभीर हालत में रेफर किया गया। उनकी पत्नी नीता पांडे ने एसडीएम, तहसीलदार व प्रधानपति पर उत्पीड़न का आरोप लगाया था। किसान यूनियन के प्रवक्ता अजय कटियार सहित लोगों ने पहुंचकर मुकदमा लिखवाना चाहां। 30 घंटे बाद मुकदमा लिखा गया। पुलिस की ओर से भी आचार संहिता व लेखपाल की ओर से व प्रधानपति

वार्ता करते भाकियू नेता — समृद्धि न्यूज

की ओर से तीन मुकदमे लिखे गये थे। जिसका किसान यूनियन ने विरोध किया था। जिसको लेकर पुलिस अधीक्षक से वार्ता की। आश्वासन मिला कि जल्द ही निष्पक्ष जांच होगी। वहीं उन्होंने दूसरे गुट के बारे में कहा कि भाजपा द्वारा बनाया गया यह गुट है। असली किसान हितों की बात करने वाला टिकैट गुट है। जिन्होंने बार्डर पर 13 महीने धरना देकर प्रधानमंत्री को भी झुका दिया, यह वही किसान हैं। मेरे कार्यकर्ता को निर्दोष सताया गया तो किसान यूनियन चुपचाप नहीं बैठेगी। चाहें कितने भी मुकदमे लिखवा दिये जाये, हम निपटने के लिए तैयार है। कार्यकर्ता स्वतंत्र है फिर भी लोकसभा चुनाव में भाजपा का विरोध किया जायेगा। हमारा हमेशा सरकार से विरोध रहा है। जो सरकार आती है किसान यूनियन के हक की बात नहीं मानती तो उसका विरोध किया जाता है। इस मौके पर मण्डलीय उपाध्यक्ष प्रभाकांत मिश्रा, तिलक सिंह राजपूत, समीम सिद्दीकी, जिलाध्यक्ष अरविन्द शाक्य, प्रवक्ता अजय कटियार, रुपेन्द्र शाक्य, दिनेश यादव, जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार फौजी, जबर सिंह यादव, प्रमोद यादव, लज्जाराम, मोहित यादव, अनुज यादव, मुकेश शर्मा, पुजारी कटियार, कुलदीप दीक्षित, सोनू सिंह, कृष्ण गोपाल, रुपेश शाक्य आदि किसान नेता मौजूद रहे।

प्रा.वि. मदारपुर में बच्चों का किया गया सपोर्टिव सुपरविजन

बच्चों को पढ़ाते एआरपी — समृद्धि न्यूज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में एआरपी जसविंदर गंगवार ने कक्षा दो के बच्चों का सपोर्टिव सुपरविजन, कक्षा दो कक्षाध्यापक आकाश पाल की कक्षा के बच्चों का सपोर्टिव सुपरविजन करने पहुंचे। एआरपी ने सुरभि, रिचा, आदित्य, बीतू बाबू, धनपाल, नवनीत, राघव आदि बच्चों का आनलाईन एसेसमेंट कर उनकी शैक्षिक गुणवत्ता परखी। उन्होंने गणित में जोड़, घटाने की क्रियाओं के साथ हिंदी में मात्राओं को सिखाया। स्कूल की सभी कक्षाएं व्यवस्थित मिली। प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने बताया कि नवीन सत्र में दस बच्चों ने प्रवेश लिया है।

खबरें एक नजर में

छात्र-छात्राओं को मतदान के लिए प्रेरित कर दिलायी गई शपथ

स्वीप कार्यशाला को सम्बोधित करते प्रधानाचार्य कै0 बलविन्दर सिंह

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा के निर्देशन में चल रहे मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत आर0पी0 इंटर कॉलेज कमालगंज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य कैप्टन बलबिंदर सिंह ने छात्र-छात्राओं एवम अभिभावकों को स्वीप से संबंधित जानकारी दी। उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि आप में से कई ऐसे छात्र-छात्राएं हैं जिनका मतदान करने का प्रथम अवसर है। 13 मई को मतदान कर विकास के भागीदार बने। इस अवसर को त्यौहार के रूप में मनाए तथा अपने साथ अपनी गली मोहल्ले के समस्त लोगों से भी मतदान करवाने की जिम्मेदारी उठाएं। कार्यक्रम में डॉ0 अमिताभ सिंह, रामवीर सिंह, हरेंद्र प्रताप सिंह, कुलदीप वर्मा, दिव्या शर्मा, ममता प्रजापति, राधा यादव, राजेश पांडेय आदि उपस्थित रहे।

आज निकलेगी फतेहगढ़ में राम नवमी शोभायात्रा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। श्रीराम नवमी त्योहार पर बुधवार को रामलीला परिषद के तत्वाधान में शोभायात्रा निकाली जायेगी। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम के अलावा मां दुर्गा के स्वरुप, राम-लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न की झांकी निकलेगी। रामलीला परिषद द्वारा सभासद अनिल तिवारी को शोभायात्रा का संयोजक बनाया गया है। श्रीराम नवमी पर शाम 4 बजे शोभायात्रा दुर्गा मंदिर वनखड़िया से शुरु होकर छोटी जेल चौराहा से होते हुए फतेहगढ़ कोतवाली से होते हुए पुरानी सब्जी मण्डी में शोभायात्रा का समापन होगा।

अष्टमी पर नगर में माता के नौ रुपों की निकाली गयी शोभायात्रा

कमालगंज, समृद्धि न्यूज। कमालगंज नगर में आज नवरात्र की अष्टमी पर भक्तों ने मां दुर्गा के नौ रुपों की शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा पर जगह-जगह भक्तों ने पुष्पवर्षा की तथा महिलाओं ने आरती उतारी। जानकारी के अनुसार नवरात्रि के मौके पर मंगलवार को दुर्गा मंदिर कमालगंज चौराहे से मां दुर्गा के नौ स्वरुपों की शोभायात्रा निकाली गयी। जो नगर के मुख्य मार्गों पर भ्रमण करती हुई दुर्गा मंदिर पर आकर समाप्त हुई। इस दौरान जगह-जगह भक्तों ने शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा की तथा जयकारे लगे। महिलाओं ने स्वरुपों की आरती उतारी। ढोल नगाड़े तथा डीजे की धुन पर बज रहे माता के भजनों पर महिला तथा पुरुष थिरकते नजर आये। प्रसाद के रुप में खीर पूड़ी तथा हलवा वितरित किया गया। इस दौरान भारी संख्या में भक्तों ने भाग लिया। जिसमें दुर्गा मंदिर के कर्ताधर्ता सेवादार धीरू पंडित, रामकुमार गुप्ता, मनोज गुप्त, दीपक सुनार, पंडित लक्ष्मीकांत, अन्नू हलवाई, अरविंद गुप्ता उर्फ बिंदी, डब्लू गुप्ता, इतवारी सहित सैकडों की संख्या में भक्तजन मौजूद रहे।

बंटवारे में पत्नी के हस्तक्षेप से आक्रोशित पति ने पत्नी को पीटा

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज। शमशाबाद नगर के मोहल्ला काजी टोला निवासी फरजाना बेगम पत्नी कुंवर आसिफअली ने पति कुंवर आसिफअली पुत्र स्वर्गीय शाहिद अली के अलावा पुत्र अकबर अली, भतीजे आफाक पुत्र कासिम, आबाद पुत्र बासिक निवासीगण मिर्जा चांदपुर थाना अकबर जनपद अलीगढ़ सहित चार लोगों के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कहा कि 15 अप्रैल की रात्रि 10 बजे के करीब जमीन के बंटवारे की बात हो रही थी। मेरे द्वारा हस्तक्षेप किये जाने पर आक्रोशित पति द्वारा गाली-गलौज किया गया। विरोध करने पर पति ने लात-घूसों से पिटाई कर दी। वहीं बचाने आए भाई रईस निवासी घटियापुर को भी गाली-गलौज करते हुए लात -घूसों से पीटा। पीड़ित महिला के अनुसार आरोपियों ने मेरे तथा मेरे भाई के साथ लात-घूसों तथा लाठी डंडों से मारपीट की तथा जानमाल की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। थाना पुलिस ने महिला की तहरीर पर धारा 323, 504, तथा 506 आई.पी.सी. के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया।

एमआईसी में अग्निशमन सुरक्षा, साइबर क्राइम जागरुकता की छात्रों को दी गई जानकारी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

म्युनिसिपल इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट गिरजा शंकर द्वारा विद्यालय में एनसीसी कैडेट्ट तथा छात्रों के बीच यातायात सड़क सुरक्षा, अग्निशमन सुरक्षा, साइबर क्राइम जागरूकता, महिला सुरक्षा तथा मतदाता जागरूकता की पुलिस पाठशाला का आयोजन किया गया।

मंगलवार को विद्यालय में प्रधानाचार्य गिरिजा शंकर द्वारा लगभग 60 एनसीसी कैडेट्स तथा छात्रों ने पुलिस पाठशाला में भाग लिया। मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी अमृतपुर रविंद्र कुमार तथा अग्निशमन अधिकारी भंवर सिंह ने मां सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। अग्निशमन सुरक्षा के संबंध में उप निरीक्षक भंवर सिंह ने सभी एनसीसी कैडेट्स तथा छात्रों को आग

कैडेट्सों को आग बुझाने का डेमो देते भंवर पाल सिंह — समृद्धि न्यूज

बुझाने के तरीके बताए। उनके द्वारा सिलेंडर में किस तरह से आग लगने से बचा जा सकता है, इसका डेमो देकर छात्रों तथा एनसीसी कैडेट्स को दिखाया गया संचालन डॉ0 दिनेश चंद्रा ने किया। क्षेत्राधिकारी रविंद्र कुमार ने बताया कि सभी छात्रों को साइबर क्राइम से सतर्क रहना चाहिए। आग को किस तरह से नियंत्रण में किया जा सकता है, इसके तरीके बताए। साथ ही लोकसभा सामान्य निर्वाचन में सभी को वोट देने के लिए जागरूक किया। प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट गिरजा शंकर ने सभी बिंदुओं पर एक-एक करके विस्तार से एनसीसी कैडेट्स तथा छात्रों को समझाया।

सड़क सुरक्षा के बारे में उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि जरूरी नहीं की रोड पर चलते समय आप नियम से चल रहे हैं तो सुरक्षित हो। आजकल अभिभावक अपने नाबालिग बच्चों को जो वाहन खरीद के दे देते हैं वह पूर्णता गलत बताया। क्योंकि बड़ी मुश्किल से कोई बच्चा परिश्रम करके बड़ा होता है, जरा सी लापरवाही में कभी भी दुर्घटना घटित हो सकती है। उन्होंने कहा कि उसी तरह साइबर क्राइम भी लगातार अपडेट होता रहता है। इस समय साइबर क्राइम के तरीके बदलने में फ्रीक्वेंसी मैच करते हुए किसी अपने की ही आवाज में साइबर ठगी होती है। इससे हमें सतर्क रहना चाहिए। उन्होंने आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन में वोट देने के लिए समाज के सभी लोगों से अपील की तथा अपेक्षा की कि किसी की लोभ तथा प्रलोभन में न आकर देश हित में मतदान करेंगे। कार्यक्रम में विद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता मयंक रस्तोगी, अशोक कुमार कठेरिया, अरविंद कुमार, रामेश्वर दयाल, प्रदीप जायसवाल आदि मौजूद रहे।

जिले के परिषदीय विद्यालयों का समय परिवर्तन की भूपेश पाठक ने की मांग

जिलाध्यक्ष भूपेश पाठक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष भूपेश प्रकाश पाठक ने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी से मांग की है कि अत्याधिक गर्म हवायें चलने के कारण जिले के परिषदीय विद्यालय के बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े, जिसको लेकर समय परिवर्तन की मांग करते हुए सुबह 7:30 से दोपहर 12:30 तक विद्यालय का समय करने की मांग की गई है। जबकि बाराबंकी, गाजीपुर के अलावा अन्य कई जिलों में समय परिवर्तित किया गया है। उसी तरह जनपद में भी गर्मी व लूं के चलते हुए समय परिवर्तित किया जाये।

बसपा प्रत्याशी बनने पर क्रांति पांडे का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। बहुजन समाज पार्टी द्वारा लोकसभा प्रत्याशी कांग्रेसी छात्र नेता रहे क्रांति पांडे को टिकट मिलने पर कार्यकर्ताओं में जोश आ गया। बसपा द्वारा काफी दिनों तक पार्टी ने इंतजार कराया। आखिरकार ब्राह्मण प्रत्याशी मिलने से भाजपा की बेचैनी बढ़ी है। वहीं छात्र राजनीति से जुड़े नेताओं ने भी क्रांति पांडे को समर्थन देने का सिलसिला जारी हो गया है। मंगलवार को नई बस्ती स्थित बसपा प्रत्याशी क्रांति पांडे के आवास पर पार्टी के अलावा समर्थकों ने फूल मालाओं से स्वागत कर उन्हें बधाई दी। क्रांति पांडे ने बताया कि बहन जी का आशीर्वाद मिला है। पूरी दमदारी से चुनाव लड़ा जायेगा। अभी तक जितने प्रतिनिधि हुए है उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए कुछ भी नहीं किया है। अगर मैं सांसद बना तो यहां की जनता को निराश नहीं होना पड़ेगा और उनके सभी कार्य होंगे। पूरे दिन क्रांति पांडे को बधाई देने का तांता लगा रहा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष वीर सिंह अम्बेडकर, विजय गौतम, नफीस फारुकी, अजय भारती के अलावा बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी।

क्रांति पांडे का स्वागत करते बसपा नेता

सिटी गर्ल्स इं.का. में स्वीप के अंतर्गत अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी सम्पन्न

अभिभावकों को वितरित किये गये संकल्प पत्र

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

सिटी गर्ल्स इंटर कालेज में स्वीप के अंतर्गत मतदाता जागारुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अभिभावकों को संकल्प पत्र वितरित किये गए। प्रधानाचार्या ऐस्तर रोज दयाल ने अभिभावकों को यह कहकर प्रोत्साहित किया कि सभी अभिभावक वोटर लिस्ट अवश्य चेक करें, यदि किसी कारणवश वोटर लिस्ट में नाम नहीं है तो तुरंत पंजीकृत करवा ले तथा लोक सभा सामान्य निर्वाचन में 13 मई को वोट डालने अवश्य जाये।

मतदाता संकल्प पत्र के साथ मौजूद शिक्षिकायें — समृद्धि न्यूज

माता पिता ने सभा में बड़े ही उत्साह के साथ प्रतिभाग किया तथा संकल्प पत्र को लेते हुए सभी अभिभावकों ने यह विश्वास दिलाया की न केवल अपने घर पर बल्कि आस पड़ोस के लोगों को भी वोटर लिस्ट चेक करने के लिए तथा नाम न होने पर वोटर लिस्ट में पंजीकृत करने के लिए प्रोत्साहित अवश्य करेंगे। इस अवसर पर सभी अध्यापिकाओं ने अभिभावकों को कक्षावार संकल्प पत्र का वितरण किया।

मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों पर चलने का लिया गया संकल्प

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेनापति में श्री रामनवमी कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया।

मालवीय सभागार में कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह ने भगवान राम के चित्र पर दीप जलाकर व पुष्पचर्न से शुरू किया। सभी भैया बहनों आचार्यगणों ने भगवान श्री राम के भजन संस्मरण एवं उनके त्याग की मार्मिक कथाओं का बखान किया। प्रधानाचार्य ने भगवान श्री राम के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया और बताया कि जिस

छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह

प्रकार भगवान श्री राम ने कठिन समय में अपने जीवन को त्याग, करुणा, दया व सद मार्ग पर चलकर आदर्श पुरुष मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाए और अपने जीवन में विषम परिस्थितियों में भी कभी हार नहीं मानी। इससे हमें शिक्षा लेनी चाहिए कि हमें भी अपने जीवन में सदमार्ग पर चलकर हमें अपने जीवन का उद्धार कर सकते हैं। इस अवसर पर प्रदीप अवस्थी, बृजपाल सिंह, कृष्ण कुमार, प्रदीप शर्मा, आलोक कुमार सिंह, नितिन त्रिवेदी, शिवकुमार, रामानंद पांडे, वीरेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

न्याय पंचायत मुडौल में मासिक शिक्षक संकुल बैठक सम्पन्न

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

कायमगंज की न्याय पंचायत मुडौल की मासिक शिक्षक संकुल की बैठक एआरपी जसविंदर सिंह गंगवार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। मनोज कुमार ने अप्रैल माह की बैठक का एजेंडा प्रस्तुत किया। प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने सभी से टीचर्स सेल्फ केयर टीम से जुड़ने का आग्रह किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एआरपी ने नवीन सत्र में नामांकन, बालगणना, शिक्षक संदर्शिका, शिक्षक डायरी, रेमेडियल टीचिंग, टीएलएम आदि का प्रयोग करने, समय सारिणी के अनुसार टाइम एंड मोशन के तहत स्कूल समय में विद्यालय न छोड़ने पर बल दिया। बैठक में अरविंद मिश्रा, विनोद पाठक, राहुल, महेंद्र पाल, आकाश, योगेन्द्र कुमार, अमन राजपूत, मंजीता पाल, कल्पना सक्सेना, अनुराधा यादव, दयावती आदि उपस्थित रहे। बैठक में बीईओ ओमप्रकाश पाल को भी आना था, लेकिन मुख्यालय पर जाने के कारण नहीं आये।

बैठक को सम्बोधित करते एआरपी मौजूद शिक्षक — समृद्धि न्यूज

श्रीमद् भागवत कथा गोपी विरह व रुक्मिणी विवाह की कथा सुन श्रोता हुए मंत्रमुग्ध

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

विकास खंड कमालगंज के अंतर्गत चुरसाई गांव में श्री हनुमानजी मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिवस पर कालयवन वध, ऊधव गोपी विरह संवाद, रुक्मिणी विवाह के बाद सोलह हजार एक सौआठ भगवान के विवाह, परीक्षित मोक्ष, सुदामा चरित्र की मार्मिक कथा को कथाव्यास सुरेश चन्द्र द्विवेदी व भगवताचार्य सुनोराम दुबे के मुखारविंद से सुनाया गया। सुदामा जी की गरीबी का ऐसा वर्णन किया। जिस

कथा सुनाते सुरेश चन्द्र द्विवेदी

पर बहुत से श्रद्धालुओं के आंखों से अश्रु धारा बहने लगी तथा अन्य कथाओं के श्रवण करने पर श्रद्धालु भाव विभोर हो गये। परीक्षित गंगाश्री व कथा संयोजक बृजमोहन राजपूत ने पूजन किया। कथा समारोह के आयोजन में प्रमुख रूप से पूर्व प्रधान अरविन्द राजपूत, डा0 सौरभ कुमार, सर्वेश राजपूत, डा0 उमाशंकर सिंह राजपूत, महात्मा सतीश, अर्पित राजपूत, जबर सिंह राजपूत, सरनाम सिंह, महावीर सिंह, अतुल कुमार, राहुल सिंह, विशम्भरनाथ, राकेश सिंह, रामप्रकाश शास्त्री, शिवराम सिंह, अवनीश कुमार, दिनेश कुमार, पूरन लाल, राजनरायन, अबधेश सिंह, पप्पू सिंह, माखनलाल आदि मौजूद रहे।

ग्रामवासियों ने हस्ताक्षर कर मतदाता जागरुकता अभियान में लिया भाग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह व मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा के निर्देशन में चल रहे स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत बूथ 85 ग्राम नीबलपुर तथा टटियां में मतदाता जागरूकता अभियान तथा हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। महिला मतदाता जागरूकता प्रभारी भारती मिश्रा ने ग्राम वासियों से अपील की कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। इस लोकतंत्र में प्रत्येक मत का अपना महत्व है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपना मतदान अवश्य करना चाहिए। मतदान करते समय ध्यान रखें कि

हस्ताक्षर अभियान में भाग लेती महिलायें — समृद्धि न्यूज

किसी ऐसे व्यक्ति को चुने जो वास्तव में राष्ट्र को समर्पित हो। ग्राम विकास अधिकारी नृपेंद्र शर्मा ने कहा कि सभी लोग 13 मई को वोट अवश्य करें। वैभव सोमवंशी ने सभी से गीत के माध्यम से वोट करने की अपील की। सभी ने मिलकर नारे लगाए, लालच देकर वोट जो मांगे, भ्रष्टाचार करेगा आगे, लोकतंत्र की है पहचान, मत, मतदाता और मतदान। इस अवसर पर उमेश, अद्वितीय, रीना यादव, गिरीश चंद्र, राकेश, जितेंद्र सिंह, रत्नेश, मनमोहन, सुशीला, रामदेवी वर्मा, सुमन, नन्हीं देवी, आरती, मधु, सीमा, रीना देवी शाक्य, मुन्नालाल, कांति, रामकांति, बालकिशोर, रूबी, प्रियंका, रेखा, सोनम, सुमित्रा, राजवंशी, रेशमा, गौरव, जय सिंह, सुखवीर, हरवीर, फूल सिंह, अजय, राधेश्याम, राम, मुन्ना लाल यादव, कन्हैयालाल, बसंत, संजीव, धर्मवीर आदि मौजूद रहे।

जम्मू के पलौड़ा इलाके में रैली को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने कहा

भाजपा को घाटी में कमल खिलाने की जल्दी नहीं

कश्मीर की तीन लोस सीटों पर उम्मीदवार न उतारने के दिए संकेत

एजेंसी

जम्मू। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को जम्मू में कहा कि भाजपा घाटी में कमल खिलते देखने की जल्दी में नहीं है। उन्होंने संकेत दिए कि भाजपा कश्मीर की तीन महत्वपूर्ण लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार नहीं उतारेगी। उन्होंने युवाओं से नेशनल कॉन्फ्रेंस, कांग्रेस और पीडीपी जैसी पार्टियों को वोट न देने की अपील की।

जम्मू के पलौड़ा इलाके में रैली को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि भाजपा को घाटी में कमल खिलते देखने की जल्दी में नहीं है, क्योंकि पार्टी दिल जीतने की प्रक्रिया में है। हम कश्मीर के हर दिल को जीतना चाहते है। गृह मंत्री शाह ने एनसी, पीडीपी और कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि ये पार्टियां आतंकवाद को बढ़ावा देने और युवा लड़कों के हाथों में बंदूक सौंपने के लिए जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि मैं डॉ. फारूक अब्दुल्ला से पूछना चाहता हूं कि सबसे ज्यादा फर्जी मुठभेड़ किसके कार्यकाल में हुई? क्या तब डॉ. फारूक अब्दुल्ला की सरकार नहीं थी? अमित शाह ने कहा कि फारूक अब्दुल्ला कहते थे कि नरेन्द्र मोदी 10 बार प्रधानमंत्री बन जाएं लेकिन अनुच्छेद 370 नहीं हटा सकते। लेकिन दूसरी बार के कार्यकाल में ही जम्मू-कश्मीर से 370 हटा दिया गया है। गृह मंत्री ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव सुप्रीम कोर्ट से घोषित तारीखों पर होंगे। उन्होंने कहा कि कोई देरी नहीं होगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि सितंबर 2024 तक जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव हो जाने चाहिए। पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती पर तंज कसते हुए गृह मंत्री ने कहा कि वह कहती थीं कि अगर अनुच्छेद 370 वापस ले लिया गया तो कोई भी तिरंगा नहीं उठाएगा। उन्होंने कहा कि आज अनुच्छेद 370 हमेशा के लिए दफन हो गया है और फिर भी तिरंगा गरिमा और सम्मान के साथ ऊंचा उड़ रहा है। उन्होंने कहा कि आज डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का एक विधान, एक प्रधान, एक निशान का सपना पूरा हो गया है। शाह ने कहा कि आज आतंकवाद अपनी मृत्युशैया पर है। पथराव, बंद का आह्वान और सड़कों पर विरोध प्रदर्शन एक इतिहास बन गया है। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी ने उन युवाओं के हाथों में लेपटाप दे दिए हैं जो पहले पत्थर पकड़ते थे। उन्होंने कहा कि यह वह बदलाव है जो हम कश्मीर में लाए हैं। शाह ने कहा कि उन्होंने संसद के पटल पर कहा था कि वह यह सुनिश्चित करेंगे कि गुज्जरों और बकरवालों के हिस्से में कटौती किए बिना, पहाड़ियों को उचित आरक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमने गुर्जर, बकरवाल, पहाड़ी, वाल्मिकी और ओबीसी सभी को उचित आरक्षण दिया।

कश्मीर में युवाओं के हाथों में अब हथियार नहीं लैपटाप है

जम्मू। जम्मू जिला के पलौड़ा में मंगलवार को एक सभा में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि राज्य में अनुच्छेद 370 हटने से अब युवाओं के हाथों में हथियार नहीं बल्कि लैपटाप है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह यहां जम्मू सीट से भाजपा के उम्मीदवार जुगल किशोर शर्मा के समर्थन में प्रचार के लिए अमित शाह पहुंचे हैं। भाजपा नेताओं ने डोगरी पगड़ी पहना कर शाह का स्वागत किया। याह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटने से पहले राज्य के युवाओं के हाथों में बम तथा बंदूकें थीं। समय बदला, अब उन्हीं युवाओं के हाथों में लैपटाप हैं। प्रदेश में अब आतंकवाद अंतिम सांसे ले रहा है।

झेलम नदी में यात्रियों से भरी नाव पलटी, छह की मौत, तीन लापता

श्रीनगर। श्रीनगर में बटवाड़ा इलाके के पास मंगलवार सुबह झेलम नदी में एक नाव पलट गई, जिसमें आठ वयस्क और सात विद्यार्थी सवार थे। इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गई और छह लोगों को बचाने के बाद एसएमएचएस में भर्ती कराया गया है। नाव में कुल 15 लोग सवार थे, जिसमें तीन अभी भी लापता हैं। श्रीनगर उपायुक्त डॉ. बिलाल मोहि-उद-दीन भट ने बताया कि श्रीनगर शहर के बाहरी इलाके में मंगलवार को झेलम नदी में यात्रियों और स्कूली बच्चों से भरी एक नाव पलट गई। नाव में सवार सभी लोग पानी में डूब गए, जिससे चारों तरफ हड़कंप मच गया। इस हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई है, जिनके शव बरामद कर लिए गए हैं। 6 लोगों को बचाया लिया गया है और 3 लोग अभी भी लापता हैं। एसएमएचएस में भर्ती तीन लोगों का उपचार चल रहा है, जबकि तीन अन्य की हालत स्थिर है।

माता वैष्णो देवी कटड़ा व जम्मू के लिए चलेगी समर स्पेशल ट्रेनें

एजेंसी

जम्मू। रेलवे ने जम्मू से गुवाहाटी व कटड़ा से बांद्रा टर्मीनल के लिए समर स्पेशल ट्रेनें चलाने का ऐलान किया है ताकि यात्रियों को अपने सफर में किसी प्रकार की कोई दिक्कत न होने पाये। रेलवे प्रवक्ता के अनुसार बांद्रा टर्मीनल व श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा रेलवे स्टेशन के बीच विशेष समर स्पेशल ट्रेन 09097-09098 बांद्रा टर्मीनल- श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा ट्रेन चलाने का ऐलन किया है जो कि 21 अप्रैल से 2 जुलाई तक दोनों ओर से चलाई जाएगी और यह ट्रेन दोनों दिशाओं में कुल 22 ट्रिप लगाएगी।

यह ट्रेन बांद्रा टर्मीनल से हर रविवार और श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा से यह हर मंगलवार को रवाना होगी। बीच रास्ते में यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, वापी, सूरत, वडोदरा, रतलाम, कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, मथुरा जं.,

इन स्टेशन पर होगा ठहराव

मार्ग में यह ट्रेन दोनों दिशाओं में कमाख्या जं., रंगिया, बरपेटा रोड, न्यु बोंगई गांव जं., कोकराझार, न्यु कूच बिहार, न्यु जलपाई गुड़ी जं., कृष्ण गंज, कटिहार जं., नौगाछिया, खगरिया जं., बेगुसराई, बरोनी जं., शाहपुर पटोरी, देसारी, हाजीपुर जं., सोनपुर जं., छपरा जं., शिवान जं., भाटनी जं., दियोरिया सदर, गोरखपुर जं., गोंडा जं., लखनउ, हरदोई, बरेली जं., मुरादाबाद जं., लकशर जं., रुड़की, सहारनपुर जं., यमुनानगर जगाधरी, अंबाला कैंट जं., लुधियाना जं., जालंधर कैंट, पठानकोट कैंट, कठुआ, रेलवे स्टेशनों पर ठहराव लेगी।

दिल्ली सफदरगंज, अंबाला, डंडारी कलां, जालंधर कैंट, पठानकोट, जम्मू तवी रेलवे स्टेशनों पर ठहराव लेगी। वहीं, गुवाहाटी-जम्मू तवी के बीच भी विशेष समर स्पैशल ट्रेन चलाने को ऐलान किया गया है।

ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुना से दाखिल किया नामांकन पत्र

एजेंसी

शिवपुरी। मध्यप्रदेश के गुना शिवपुरी संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने यहां कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में अपना नामांकनपत्र दाखिल किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि इस बार गुना शिवपुरी संसदीय क्षेत्र से श्री सिंधिया की ऐतिहासिक जीत होगी। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि इस बार सिर्फ गुना में ही नहीं, बल्कि राज्य में सभी 29 सीटों पर ही भाजपा की विजय होगी।प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि भाजपा की प्रदेश में लहर चल रही है और जनता हमें प्रदेश की सभी सीटों पर विजय दिलाएगी। पूर्व मुख्यमंत्री श्री चौहान और श्री सिंधिया ने भी इसी तरह की राय व्यक्त की।

दिग्विजय ने राजगढ़ से दाखिल किया नामांकन पत्र

राजगढ़। वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने आज राजगढ़ संसदीय क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी के तौर पर नामांकनपत्र दाखिल किया। श्री सिंह ने यहां जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष विधिवत तरीके से नामांकनपत्र पेश किया। इसके पहले उन्होंने इस अंचल के प्रसिद्ध जालपा माता मंदिर में दर्शन किए। राजगढ़ में श्री सिंह का मुख्य मुकाबला भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी एवं मौजूदा सांसद रोडमल नागर से है, जो पहले ही अपना नामांकन पत्र पेश कर चुके हैं।

देश में 15 अप्रैल तक हुआ 310.93 लाख टन चीनी का उत्पादन

नई दिल्ली। देश में चालू चीनी विपणन वर्ष 2023-24 में 15 अप्रैल तक मामूली गिरावट के साथ 310.93 लाख टन चीनी का उत्पादन हुआ है। इससे पिछले चीनी विपणन वर्ष में इसी अवधि में 312.38 लाख टन चीनी का उत्पादन हुआ था। चीनी मिलों के संगठन इंडियन शुगर मिल एसोसिएशन (इस्मा) ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि चीनी विपणन वर्ष 2023-24 में 15 अप्रैल तक चीनी का उत्पादन 310.93 लाख टन रहा है। इससे पिछले चीनी विपणन वर्ष 2022-23 में इसी तारीख तक 312.38 लाख टन चीनी का उत्पादन हुआ था। इस्मा के मुताबिक इस तरह अबतक 1.45 लाख टन कम चीनी का उत्पादन हुआ है। इस्मा के मुताबिक उत्तर प्रदेश में चालू चीनी विपणन वर्ष 2023-24 में अबतक 101.45 लाख टन चीनी का उत्पादन हुआ है, जबकि इससे पिछले चीनी विपणन वर्ष 2022-23 में इसी अवधि तक 96.70 लाख टन चीनी का उत्पादन हुआ था।

राष्ट्रपति से मिले आर्थिक सेवा के प्रोबेशनर्स

एजेंसी

2022-2023 बैच के 60 प्रतिशत से अधिक आईईएस अधिकारी महिला अधिकारी थीं

नई दिल्ली। भारतीय आर्थिक सेवा (2022 और 2023 बैच) के प्रोबेशनर्स के एक समूह ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। अधिकारियों को संबोधित करते हुए, राष्ट्रपति ने कहा कि देश के विकास में आर्थिक वृद्धि एक महत्वपूर्ण घटक है। मैक्रो और माइक्रो आर्थिक संकेतक प्रगति के उपयोगी मानक माने जाते है, इसलिए सरकारी नीतियों और योजनाओं को प्रभावी और उपयोगी बनाने में अर्थशास्त्रियों की भूमिका महत्वपूर्ण है।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि चूंकि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है, इसलिए आने वाले समय में उन्हें अपनी क्षमताओं को बढ़ाने और उनका पूरा उपयोग करने के अनगिनत अवसर मिलेंगे। राष्ट्रपति ने विश्वास व्यक्त किया कि वे इन अवसरों का समुचित लाभ उठाकर देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि आर्थिक सेवा अधिकारियों से अपेक्षा की जाती है कि वे आर्थिक विश्लेषण और विकास कार्यक्रमों के डिजाइन के साथ-साथ संसाधन वितरण प्रणाली को मजबूत करने और योजनाओं के मूल्यांकन के लिए उचित सलाह प्रदान करें। यह बहुत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है, क्योंकि उनके द्वारा दिए गए सुझावों के आधार पर ही नीतियां तय की जाएंगी। राष्ट्रपति ने कहा कि आंकड़ों के विश्लेषण और साक्ष्य-आधारित विकास कार्यक्रमों के कार्यान्वयन से सरकार को लोगों के आर्थिक उत्थान में तेजी लाने में मदद मिली है। यह युवा आईईएस अधिकारियों का कर्तव्य है कि वे नए विचारों, तरीकों और तकनीकों के माध्यम से अपनी कार्य कुशलता बढ़ाएं। राष्ट्रपति ने कहा कि उनकी रचनात्मकता इस तेजी से बदलते युग में देश के लिए प्रगति के नए द्वार खोलने में मदद करेगी। राष्ट्रपति को यह जानकर प्रसन्नता हुई कि 2022 और 2023 बैच के 60 प्रतिशत से अधिक आईईएस अधिकारी महिला अधिकारी थे। महिलाओं की बढ़ती भागीदारी से भारत के समावेशी विकास के संकल्प को पूरा करने में मदद मिलेगी।

खबरें एक नजर में

रियलमी ने लॉन्च की स्मार्टफोन की 5जी पी सीरीज

नई दिल्ली, समृद्धि न्यूज़। भारत के सबसे विश्वसनीय स्मार्टफोन सेवा प्रदाता, रियलमी ने अपनी लेटेस्ट रियलमी पी सीरीज़ में 5जी स्मार्टफोन – रियलमी पी1 प्रो 5जी और रियलमी पी1 5जी लॉन्च किए हैं। ये दोनों अत्याधुनिक डिवाइस अपनी शानदार परफ़ॉर्मेंस और असाधारण यूज़र अनुभव के साथ मिड–रेंज स्मार्टफोन सेगमेंट में हलचल मचा देंगी। ये भारतीय ग्राहकों को फ्लिपकार्ट पर उपलब्ध होंगी। नई पी सीरीज़ के साथ रियलमी अपना रियलमी पैड 2, वाई–फाई वैरिएंट और रियलमी टी110 बड्स भी लॉन्च करेगा। नई रियलमी पी सीरीज 5जी परफ़ॉर्मेंस और डिस्प्ले के मामले में सर्वश्रेष्ठ होने के साथ शक्ति का प्रतिनिधित्व करती है। इन स्मार्टफोन्स का डिज़ाइन रियलमी के डीएनए के अनुरूप बोल्ड और बाजार में नया है, जो यूज़र्स को मोहित कर देगा। रियलमी पी1 5जी में शक्तिशाली मीडियाटेक डाइमेंसिटी 7050 5जी चिपसेट, 120 हर्ट्ज़ एमोलेड डिस्प्ले, 45वॉट सुपरवूक चार्जिंग और 5000 की शक्तिशाली बैटरी दी गई है। जबकि रियलमी पी1 प्रो 5जी में ओआईएस के साथ 50 मेगापिक्सल का सोनी लाइट–600 कैमरा, 120 हर्ट्ज़ कर्व्ड विजन डिस्प्ले, 45वॉट सुपरवूक चार्ज के साथ 5000 एमएच की शक्तिशाली बैटरी और क्वालकॉम स्नैपड्रैगन 6 जेन 1 5जी चिपसेट है। रियलमी के प्रवक्ता ने कहा, हमें रियलमी पी सीरीज़ 5जी पेश करने की खुशी है। यह स्मार्टफोन उद्योग में परफ़ॉर्मेंस के नए मानक स्थापित कर देगा। रियलमी पी सीरीज़ 5जी के साथ हमने अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और आधुनिक फीचर्स पेश किए हैं, जो मिड–रेंज सेगमेंट की परिभाषा बदल देंगे।

श्रीलंका-यूएई को 10-10 हजार मीट्रिक टन प्याज निर्यात को मंजूरी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने श्रीलंका और संयुक्त अरब अमीरात को 20 हजार मीट्रिक टन प्याज निर्यात करने की अनुमति दी है। सरकार के इस फैसले के तहत दोनों देशों को 10–10 हजार मीट्रिक टन प्याज का निर्यात किया जाएगा। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने 15 अप्रैल को जारी एक अधिसूचना में संयुक्त अरब अमीरात को अतिरिक्त 10 हजार मीट्रिक टन (एमटी) प्याज के निर्यात की अनुमति दी है। इसके साथ ही नेशनल कोऑपरेटिव एक्सपोर्ट्स लिमिटेड (एनसीईएल) के माध्यम से श्रीलंका को भी 10 हजार मीट्रिक टन प्याज की अनुमति प्रदान की गई है। यूएई को प्याज के निर्यात की यह अनुमति पहले दी गई 24,400 मीट्रिक टन से अतिरिक्त है। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार ने प्याज के निर्यात पर पाबंदी लगाने के बाद बांग्लादेश को 50 हजार मीट्रिक टन, संयुक्त अरब अमीरात को 34,400 मीट्रिक टन, श्रीलंका को 10 हजार मीट्रिक टन, बहरीन को 3 हजार मीट्रिक टन, मॉरीशस को 1,200 मीट्रिक टन और भूटान को 550 मीट्रिक टन प्याज की अनुमति दे चुकी है। दरअसल, केंद्र सरकार ने घरेलू महंगाई को काबू करने के लिए 7 दिसंबर, 2023 को दीर रात प्याज निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था, जिसे 23 मार्च को अनिश्चित काल के लिए बढ़ा दिया है।

शिकायत पर भी आयोग नहीं कर रहा कार्रवाई : कांग्रेस

देहरादून, समृद्धि न्यूज़। कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर आचार संहिता उल्लंघन का आरोप लगाते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग में शिकायत करने पर भी कोई कार्रवाई नहीं होना ठीक नहीं है। प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष संगठन एवं प्रशासन मथुरादत्त जोशी ने एक जारी में बयान में कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेताओं की ओर से लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान लगातार आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन किया जा रहा है, जिसकी कांग्रेस पार्टी की ओर से कई बार भारत निर्वाचन आयोग और राज्य निर्वाचन आयोग को लिखित रूप में शिकायत की गई। लेकिन कोई कार्रवाई न होने से लोकसभा चुनाव की पारदर्शिता और निष्पक्षता पर प्रश्न चिन्ह खड़ा हो रहा है।

कंगाली के बावजूद पाकिस्तान बना रहा नए परमाणु हथियार

वाशिंगटन। अमेरिका के एक शीर्ष खुफिया अधिकारी ने संसद को बताया कि आर्थिक उथल–पुथल के बावजूद पाकिस्तान ने पिछले साल अपने परमाणु आधुनिकीकरण के प्रयासों को जारी रखा और भारत के साथ उसके विवादास्पद संबंध उसकी रक्षा नीति को आगे बढ़ा रहे हैं। सोमवार को चीन के संबंध में हुई बैठक के दौरान रक्षा खुफिया एजेंसी के निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल जेफरी क्रूस ने यह टिप्पणियां कीं। क्रूस ने सांसदों को बताया कि पाकिस्तान ने कश्मीर को लेकर भारत के साथ अपने विवाद सुलझाने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और विभिन्न देशों से समर्थन मांगा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान और भारत के बीच नियंत्रण रेखा पर फरवरी 2021 से एक असहज युद्धविराम कायम है। उन्होंने कहा, पाकिस्तान ने आर्थिक उथल–पुथल के बावजूद अपने परमाणु आधुनिकीकरण प्रयासों को जारी रखा है। पिछले साल पाकिस्तानी सुरक्षा बलों और नागरिकों के खिलाफ आतंकवादी हिंसा में भी वृद्धि हुई। क्रूस ने शीर्ष अमेरिकी सांसदों को बताया कि भारत के साथ पाकिस्तान के विवादास्पद रिश्ते उसकी रक्षा नीति को प्रभावित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि, फरवरी 2021 में युद्धविराम के बाद से दोनों देशों के बीच सीमा पार हिंसा में कमी आई है।

मैक्स हेल्थकेयर करेगा 2500 करोड़ का निवेश

सहारा हॉस्पिटल का नाम बदलकर हुआ मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

समृद्धि न्यूज़

लखनऊ। भारत के सबसे बड़े प्राइवेट हेल्थ प्रोवाइडर्स में से एक, मैक्स हेल्थकेयर इंस्टीट्यूट लिमिटेड ने शहर में विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं के विकास के लिए लगभग 2500 करोड़ निवेश करने की अपनी योजना की घोषणा की। साथ ही सहारा हॉस्पिटल का नाम बदलकर मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ किए जाने की भी घोषणा की गई। मैक्स हेल्थकेयर ने सहारा इंडिया मेडिकल इंस्टीट्यूट लिमिटेड से 550 बिस्तरों वाले सहारा हॉस्पिटल का अधिग्रहण कर लिया है। यह अधिग्रहण 940 करोड़ रुपये के उद्यम मूल्य पर मंदी बिक्री के आधार पर किया गया है। सहारा हॉस्पिटल लखनऊ के मध्य में स्थित है और इसकी वर्तमान परिचालन क्षमता 285 बिस्तरों की है। यह अस्पताल गोमती नगर में 27 एकड़ भूमि पर स्थित है, जो एक विकसित आवासीय और वाणिज्यिक क्षेत्र है।

मैक्स हेल्थकेयर अपने मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल को बेहतर बनाने के लिए 150-200 करोड़ रुपये खर्च करने की योजना बना रहा है। इसमें नए उपकरण, 265 नए बेड, और बुनियादी सुविधाओं में बदलाव शामिल हैं। हॉस्पिटल में कैंसर के इलाज के लिए एक नया केंद्र (मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर केयर) भी खोला जाएगा। इसके साथ ही, अंग प्रत्यारोपण (ऑर्गन ट्रांसप्लांट) की सुविधा मज़बूत की जाएगी और बेहतरीन रोबोटिक सर्जरी सिस्टम भी शुरू किए जाएंगे। सहारा हॉस्पिटल को खरीदकर मैक्स हेल्थकेयर ने इस क्षेत्र में अपनी उपस्थिति और निवेश बढ़ाने की योजना शुरू कर दी है। कंपनी कुल 2500 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रही है। इसमें शहीद पथ पर 5.6 एकड़ ज़मीन पर 500 बिस्तरों वाला एक नया हॉस्पिटल बनाना और लखनऊ के मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल की क्षमता बढ़ाना शामिल है। इसके अलावा, यह निवेश अत्याधुनिक चिकित्सा तकनीक लाने में भी मदद करेगा, जिसमें रोबोटिक्स, कैंसर में रेडिएशन थेरेपी, प्रत्यारोपण (लिवर, किडनी, बोन मैरो, हृदय और फेफड़े के प्रत्यारोपण) और नर्सिंग शिक्षा शामिल हैं। मैक्स हेल्थकेयर ने मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के चिकित्सा बुनियादी ढांचे को उन्नत करने, 265 और बिस्तर जोड़ने और नागरिक बुनियादी ढांचे के नवीनीकरण के लिए 150-200 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बनाई है।

सरकार बनते ही रद्द करेंगे अग्निपथ योजना : राहुल

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सेना में भर्ती की अल्पकालिक अग्निपथ योजना को सेना और देश की रक्षा का सपना देखने वाले युवाओं का अपमान करार देते हुए मंगलवार को कहा कि केंद्र में विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) की सरकार बनने के साथ ही इस योजना को तत्काल निरस्त कर पुरानी भर्ती प्रक्रिया बहाल की जाएगी। कांग्रेस ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में भी इस योजना को खत्म करने का वादा किया है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, 'अग्निपथ योजना भारतीय सेना और देश की रक्षा करने का सपना देखने वाले बहादुर युवाओं का अपमान है।' उन्होंने दावा किया कि यह भारतीय सेना की नहीं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यालय में बनी योजना है जिसे सेना पर थोप दिया गया है। कांग्रेस नेता ने कहा, 'शहीदों के साथ दो तरह का व्यवहार नहीं किया जा सकता, हर व्यक्ति जो देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देता है उसे शहीद का दर्जा मिलना चाहिए।

परिवारवादी पार्टियों ने रोका जम्मू-कश्मीर का विकास : अनुराग ठाकुर

एजेंसी

नई दिल्ली। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने मंगलवार को कहा कि परिवारवादी पार्टियों ने जम्मू-कश्मीर को विकास रोक कर रखा था जबकि मोदी ने जम्मू एवं कश्मीर के विकास को नए पंख लगाने का काम किया है। जम्मू एवं कश्मीर में चुनावों को लेकर अपार उत्साह है। देश की तरह यहां भी कमल खिलेगा, इंडी एलायंस के लोग देश को जाति, धर्म, क्षेत्र और भाषा के नाम पर बांटने वाले हैं और हम जोड़ने वाले हैं।

अनुराग ठाकुर मंगलवार को अपने चुनावी कार्यक्रमों के मद्देनज़र जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ में परेड ग्राउंड व गुलाबगढ़ स्टेडियम में जनसभाओं को संबोधित कर रहे थे। अनुराग ठाकुर ने कहा की किश्तवाड़ और उधमपुर को पूरे देश में सबसे पहले वोट देने का मौका मिल रहा है और यहां के लोगों का उत्साह बता रहा है कि यहां से कमल खिलना तय है। उन्होंने कहा कि आज अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू कश्मीर पूरी तौर पर भारत के साथ जुड़कर आगे बढ़ रहा है। पिछले वर्ष 2 करोड़ 10 लाख से ज्यादा पर्यटक जम्मू कश्मीर आए। आने वाले वर्षों में यह आंकड़ा 3 करोड़ पार कर जाएगा। जम्मू कश्मीर में उमर अब्दुल्ला द्वारा भारतीय जनता पार्टी को मुस्लिम विरोधी पार्टी बताए जाने को तथ्यविहीन बताते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि इन परिवारवादी पार्टियों का काम सिर्फ झूठ, भ्रम और भ्रष्टाचार फैलाना है। मोदी ने सबका साथ, सबका विकास की भावना से काम किया है। जम्मू कश्मीर में गुर्जर-बकरवाल समुदाय का जो हक़ कांग्रेस ने 70 सालों से नहीं दिया, उसे मोदी ने देने का काम किया है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मूल मंत्र के साथ काम किया है।

गर्मियों में आपको ठंडा रखेंगे मौसमी फूड, सेहत के लिए साबित हो सकता है अच्छा

गर्मियों का मौसम आते ही अपने साथ बहुत सी परेशानियों को साथ लेकर आता है। गर्मी में जैसे जैसे तापमान बढ़ता जाता है वैसे वैसे डिहाइड्रेशन, हमारे शरीर में पानी की कमी, थकान, चिड़चिड़ापन और बेचैनी जैसी दिक्कतें भी आने लगती हैं। तापमान इतना ज्यादा होता है कि हमारा इस मौसम में कुछ ठंडा ठंडा पिने का मन करता है जिसके लिए हम अक्सर पानी, जूस या अन्य ठंडे ड्रिंक का सेवन करते रहते हैं लेकिन गर्मियों में हमें ऐसे पौष्टिक तत्वों की जरूरत होती है जो के आपको शरीर में किसी तरह की कमी न होने दे। ऐसे में मौसमी फूड हमारी सेहत के लिए अच्छा साबित हो सकता है। इसमें कुछ ऐसे खाद्य पदार्थ है जो ठंडे होते है और शरीर को भी ठंडा रखते हैं।

ताजे फलों का करें सेवन

गर्मियों के मौसम में तरबूज की बाजारों में भरमार होती है साथ ही कई रसदार फल पोषण के लिए पसंद किए जाते है। नींबू, लाइम, अंगूर, आम, संतरा, अनानास, स्ट्रॉबेरी और टमाटर जैसे खट्टे फल विटामिन सी और ए, बी, ई और के जैसे अन्य आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। विटामिन सी आयरन के अवशोषण में सहायता करता है, हमारे इम्यून सिस्टम के लिए अच्छा है। स्वस्थ दांतों और मसूड़ों के लिए अच्छे है। खरबूजे और तरबूज जैसे हाइड्रेटिंग फल गर्मी के महीनों में सबसे ज्यादा पसंद किए जाते है। विटामिन सी से भरपूर, ये शरीर में हाइड्रेशन स्तर को बनाए रखते है।

सोयाबीन का सेवन

गर्मियों में मांस का सेवन कम करने की सलाह दी जाती है क्योंकि यह पाचन के दौरान शरीर में अधिक गर्मी पैदा करता है। सोयाबीन अंडे और मांस के अच्छे विकल्प के रूप में काम कर सकते है। यह आवश्यक खनिज, प्रोटीन और विटामिन बी से भरपूर है, जो इसे आपके लिए एक संतुलित डाइट बनाता है।

खीरे की ठंडक

गर्मियों का यह सुपरफूड 96 प्रतिशत पानी से बना है, जो इसे आपके शरीर के लिए तुरंत हाइड्रेट बनाता है। 100 ग्राम खीरे में केवल 16 कैलोरी होती है और यह फाइबर से भरपूर होता है। अपने डिटॉक्स पानी में खीरे के टुकड़े मिक्स करें, उन्हें सलाद में लें, या आप इसे एक हाइड्रेटिंग फेस मास्क के रूप में भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

अंजीर के टुकड़े

ये हल्के मीठे गोल से फल गर्मियों में काफी अच्छे होते है। और ये आपके स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद है। अंजीर कैल्शियम, पोटेशियम और मैग्नीशियम का अच्छा स्रोत है। ये हड्डियों के लिए भी काफी अच्छे होते है। इनमें प्रीबायोटिक्स होते हैं जो पेट के अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखते है।

गर्मी में इस तरह बनाएं कूल-कूल मैंगो लस्सी

मैंगोशेक पीना तो अधिकतर लोगों को अच्छा लगता है, लेकिन मैंगो लस्सी भी पीने में उतनी ही अच्छी होती है। आम विटामिन ए और सी से भरपूर होते है, जो आपकी स्किन हेल्थ और इम्यून सिस्टम के लिए फायदेमंद है। गर्मी के मौसम में हमारा कई तरह की अलग-अलग ड्रिंक्स पीने का मन करता है। इस मौसम में सिर्फ पानी पीना अच्छा नहीं लगता है। हम सभी बॉडी को हाइड्रेट भी रखना चाहते हैं और साथ ही साथ अपने टेस्ट बड्स के साथ किसी तरह का समझौता नहीं करना चाहते हैं। ऐसे में आप मैंगो लस्सी बना सकते हैं।

गर्मी के मौसम में जब आम खाना हम सभी को बेहद अच्छा लगता है तो ऐसे में आप आम और दही की मदद से मैंगो लस्सी तैयार करें। मैंगोशेक पीना तो अधिकतर लोगों को अच्छा लगता है, लेकिन मैंगो लस्सी भी पीने में उतनी ही अच्छी होती है। आम विटामिन ए और सी से भरपूर होते हैं, जो आपकी स्किन हेल्थ और इम्यून सिस्टम के लिए फायदेमंद है। वहीं, दही में प्रोबायोटिक्स होते हैं जो गट हेल्थ और पाचन में सहायता करते है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको मैंगो लस्सी बनाने की आसान रेसिपी के बारे में बता रहे हैं-

मैंगो लस्सी के लिए आवश्यक सामग्री-

- 1 कप पका आम
- 1 कप सादा दही
- 1/2 कप दूध या पानी
- 2 बड़े चम्मच चीनी या शहद
- बर्फ के टुकड़े (वैकल्पिक)
- सजावट के लिए पुदीने की पत्तियां

मैंगो लस्सी बनाने का तरीका-

1- सबसे पहले आम को छीलकर काट लें।
2- अब एक ब्लेंडर में कटा हुआ आम, दही, दूध या पानी, चीनी या शहद डालकर ब्लेंड करें।
3- इसे अच्छी तरह स्मूथ होने तक अच्छी तरह ब्लेंड करें।
4- अब एक बार इसे टेस्ट करें और अपने अनुसार एडजस्ट करें।
5- आम की लस्सी को गिलासों में डालें। साथ ही, कुछ बर्फ के टुकड़े डालें।

गुणों की खान है अमरूद की पत्तियों से बना चूर्ण

अमरूद एक ऐसा फल है जो बाजार में आपको आसानी से मिल जाएगा। स्वादिष्ट होने के साथ–साथ यह फल स्वास्थ्य के लिए भी बेहद फायदेमंद माना जाता है। अमरूद ही नहीं बल्कि इसकी पत्तियां भी सेहत को ढेरों फायदे देती है। इसके पत्तों में एंटीऑक्सीडेंट्स गुण मौजूद होते हैं जो सेहत संबंधी समस्याओं से छुटकारा दिलवाने में मदद करते हैं। इसके अलावा इनमें विटामिन–सी, विटामिन–बी, कैल्शियम, मैग्नीशियम, फास्फोरस, पोटैशियम, प्रोटीन जैसे पोषक तत्व मौजूद होते हैं। इन पत्तों को सुखाकर यदि इनका चूर्ण बनाकर खाया जाए तो भी कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं दूर होती हैं। तो चलिए आज आपको इस आर्टिकल के जरिए बताते हैं अमरूद के पत्तों से बना चूर्ण खाने के फायदे।

कोलेस्ट्रॉल रहेगा कंट्रोल : एक्सपर्ट्स की मानें को अमरूद के पत्तों से बनी चाय का सेवन करने से कोलेस्ट्रॉल का स्तर नियंत्रित रहता है।

वजन होगा कम : अमरूद के पत्तों में फाइबर मौजूद होता है। ऐसे में इन पत्तों का बना चूर्ण खाने से वजन घटाने में मदद मिलती है।

बीपी रहेगा कंट्रोल : अमरूद की पत्तियों में पौटैशियम और फाइबर काफी अच्छी मात्रा में मौजूद होता है। ऐसे में यह ब्लड प्रेशर कंट्रोल करने में मदद मिलता है। इसके चूर्ण से बना घोल पानी में डालकर पीने से आपका ब्लड प्रेशर कंट्रोल में रहेगा।

डायबिटीज रहेगी कंट्रोल : इन पत्तों में ऐसे कई एंजाइम्स मौजूद होते हैं जो ग्लूकोज को खून में फैलने से रोकते हैं। इस चूर्ण को पानी में मिलाकर पीने से ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल में रहता है।

सर्दी जुकाम से मिलेगी राहत : यदि आप सर्दी–जुकाम की समस्या से परेशान हैं तो अमरूद के पत्तों से बना चूर्ण पीने में मिलाकर पिएं।

कब्ज से मिलेगी राहत : यदि आपको कब्ज रहती है तो रोजाना आप अमरूद के पत्तों से बना चूर्ण गर्म पानी के साथ लें। इसमें पाया जाने वाला फाइबर मल त्यागने की प्रक्रिया को आसान बनाने में मदद करता है।